yashbharat.co.in
हर वक्त की ताजा खबरों के लिए विजिट करें
नये जमाने के साथ..
# यश भारत
• वर्ष- 17 अंक 194- • जबलपुर • सोमवार, 14 अगस्त, 2023 • मूल्य- 2 रुपए • पृष्ठ-8 • अधिक श्रावण कृष्ण पक्ष 13 • विक्रम संवत् 2080 शके 1935

"दुःख के पतझड़ बिना, सुख के बसंत का आगमन संभव नहीं है। जिन पेड़ों ने पतझड़ सहे हैं, बसंत भी उन्हीं पेड़ों पर लौटता है। निरंतर सकारात्मक कर्म करते रहिए..."



रिया चक्रवर्ती का दुश्मन... पेज 7

## आज का मौसम

आज सुबह का तापमान 24डिसे

दोपहर 12 बजे तक 29 डिसे

हल्की बारिश के आसार

## » न्यूज गैलरी

### ओडिशा के छात्रों को मिलेगा वंदे भारत ट्रेन में मुफ्त सफर का मौका

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने यह ऐलान किया है कि ओडिशा के चुनिन्दा छात्रों को वंदे भारत ट्रेन में मुफ्त सफर का मौका दिया जाएगा. सरस्वती विद्या मंदिर के 50 छात्रों को एक प्रतिस्पर्धा के माध्यम से चुना जाएगा, जिन्हें वंदे भारत ट्रेन में सफर का मौका मिलेगा. मंत्री ने कटक में एक सरस्वती विद्या मंदिर स्कूल के निर्माण से पहले भूमि पूजन के दौरान इस बात का ऐलान किया.अश्विनी वैष्णव ने मीडिया से बातचीत के दौरान कहा, 'जब छात्रों ने वंदे भारत ट्रेन को देखा तो उनके अंदर इसमें सफर करने की जिज्ञासा पैदा हो गई. ऐसे में 50 छात्रों को प्रतिस्पर्धा के माध्यम से चुना जाएगा. इन्हें ट्रेन में सफर का मौका दिया जाएगा.' पीएम नरेंद्र मोदी ने इसी साल 18 मई को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से पुरी से हावड़ा के बीच वंदे भारत ट्रेन का उद्घाटन किया था।

### गुजरात में सड़क पर अचानक शराब की मच गई लूट, लोग पेटी उठाकर भागने लगे घर

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

गुजरात के नवसारी जिले में हैरान कर देने वाली घटना सामने आई है, जहां पुलिस ने एक दुर्घटनाग्रस्त कार से 84,000 रुपये की 672 भारतीय निर्मित विदेशी शराब की बोतल बरामद किया है. पुलिस ने आरोपित युवक के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है. हालांकि वलसाड के पारडी तालुका के उदवाड़ा का जयदीप पटेल नामक व्यक्ति दुर्घटना के बाद मौके से भागने में सफल रहा. सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें राहगीर उनकी कार से शराब की बोतलें निकालते दिख रहे हैं अधिकारी ने कहा, च्स्थानीय निवासियों ने कार में आईएमएफएल की बोतलें देखीं और उन्हें घर ले जाना शुरू कर दिया. कुछ ग्रामीणों ने इसका वीडियो बनाया और इसे सोशल मीडिया पर साझा किया.ज्ज जैसे ही पुलिस घटनास्थल पर पहुंची, स्थानीय निवासी तितर-बितर हो गये. पुलिस को पटेल की कार की डिक्की में एक बैग में छिपी आईएमएफएल की 672 बोतलें मिलीं, जिनकी कीमत 84,000 रुपये थी।

### यात्रियों से भरी बस को ट्रक ने मारी टक्कर, एक की मौत, 22 लोग घायल

रीवा • ईएमएस
yashbharat.co.in

मऊगंज के शाहपुर थाना के खटखरी चौकी समीप स्थित नेशनल हाईवे पर श्रद्धालुओं से भरी बस को ट्रक ने टक?कर मार दी। उक्त दुर्घटना में जहां बस में सवार एक श्रद्धालु की मौके पर मौत हो गई है जबकि तकरीबन 22 लोग घायल बताए जा रहे हैं। सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस ने जहां आनन-फानन में स्थानीय लोगों के मदद से घायलों को बस से निकाला। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र भेज दिया । वहीं मृतक की पहचान के लिए प्रयास तेज कर दिए हैं।जिला मऊगंज के अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक विवेक कुमार लाल ने बताया कि सभी घायल अब खतरे से बाहर हैं। उन्हें गंतव्य तक भेजने के लिए वाहन व्यवस्था की जा रही है। उक्त बस शहडोल के ब्यौहारी से बनारस जा रही थी सोमवार की सुबह तकरीबन 5.00 बजे खटखरी के समीप बस चालक बस का टायर बदल रहा था इसी समय ट्रक ने ठोकर मार दी जिसके कारण एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई जब 22 लोग घायल बताए जा रहे हैं ।

## बदलते कश्मीर की झलक

# हिजबुल आतंकी के परिवार ने फहराया तिरंगा

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

हिजबुल मुजाहिदीन के आतंकवादी मुदस्सिर हुसैन के परिवार ने रविवार को स्वतंत्रता दिवस से पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तिरंगा फहराने के लिए शुरू किए गए अभियान में शामिल होकर जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ जिले में घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। हुसैन के पिता तारिक ने पहाड़ी जिले के सुदूर इलाके में संवाददाताओं से कहा, 'मेरे बेटे ने गलत रास्ता अपना लिया है.' उन्होंने कहा, हम सरकार से उसे ढूंढने का अनुरोध करते हैं.' इसके अलावा उन्होंने कहा, 'हमने अपने घर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया और चाहते हैं कि हर घर में तिरंगा फहराया जाए।

### आतंकवादी मुदस्सिर हुसैन पर 20 लाख रुपये का इनाम

हुसैन की मां ने कहा कि वह चाहती हैं कि उनका बेटा वापस लौट आए और सुरक्षा बलों के सामने आत्मसमर्पण कर दे. मीडिया से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा, 'हमने उसका पता जानने की पूरी कोशिश की लेकिन असफल रहे. सेना को हमारे लिए उसे ढूंढना चाहिए क्योंकि हम चाहते हैं कि वह वापस आ जाए.' पुलिस के अनुसार, केंद्र शासित प्रदेश में सर्वाधिक वांछित आतंकवादियों में से एक मुदस्सिर हुसैन के सिर पर 20 लाख रुपये का इनाम है. शुक्रवार को प्रधानमंत्री मोदी ने देश के लोगों से 1| से 15 अगस्त के बीच 'हर घर तिरंगा' आंदोलन में हिस्सा लेने का आग्रह किया था।

### आतंकवादी जावेद मट्टू के भाई ने घर पर फहराया तिरंगा

बता दें कि स्वतंत्रता दिवस से पूर्व उत्तरी कश्मीर के सोपोर में हिजबुल मुजाहिद्दीन के आतंकी जावेद मट्टू के भाई रईस मट्टू ने भी तिंरगा फहराया था. मट्टू ने स्वतंत्रता दिवस से पूर्व रविवार को अपने घर पर तिरंगा फहराया. जावेद हिजबुल मुजाहिद्दीन का सक्रिय आतंकी है. वह फिलहाल पाकिस्तान में है. जावेद बीते 11 वर्षों से पाकिस्तान में सक्रि य है।



### स्वतंत्रता दिवस सुरक्षा एजेंसियों का चाक-चौबंद इंतजाम

स्वतंत्रता दिवस पर सभी समारोह सकुशल संपन्न कराने के लिए सुरक्षा एजेंसियों ने काफी चाक-चौबंद इंतजाम किए हैं. इन इंतजाम की जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने कहा कि दिल्ली-ह्रष्ट के लोग सुरक्षित रहें और बिना किसी परेशानी के ट्रैफिक चले, यह पक्क ा करने के लिए मंगलवार को स्वतंत्रता दिवस पर शहर भर में 10,000 से अधिक पुलिस कर्मियों को तैनात किया जाएगा. उन्होंने कहा कि इसके साथ ही उत्सव के दौरान सतर्कता बरतने के लिए हजारों दूसरे अधिकारी भी तैनात रहेंगे.। एक अंग्रेजी दैनिक के मुताबिक पुलिस उपायुक्त (जनसंपर्क अधिकारी) सुमन नलवा ने कहा कि 'स्वतंत्रता दिवस समारोह की सुरक्षा का प्रभारी होने पर दिल्ली पुलिस को गर्व है. पूरे शहर में इस उत्सव को बिना किसी बाधा के संपन्न कराने के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं.'एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी के मुताबिक स्वतंत्रता दिवस के लिए शहर भर में तैनात किए गए 10,000 अधिकारियों में 'यादातर को मुख्य आयोजन स्थल- लाल किला और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के रास्ते में तैनात किया गया है।

## शिमला

### पहाड़ों पर कुदरत का कहर जारी

# भारी बारिश से भू-स्खलन :शिवमंदिर के मलबे में दबे 50 श्रद्धालु... रेस्क्यू जारी

शिमला • ईएमएस
yashbharat.co.in

पहाड़ी राज्यों पर कुदरत का कहर जारी है. हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में आसमान से आफत बरस रही है. दोनों पहाड़ी रा'यों में कुदरत कहर टूटा है. भारी बारिश से अचानक बाढ़ और भूस्खलन की घटनाएं बढ़ गई हैं. दोनों राज्यों में अलर्ट है. जहां मंडी में ब्यास नदी उफान पर है. तो पौड़ी गढ़वाल में अलखनंदा की लहरें डरा रही है.। हिमाचल प्रदेश में भारी बारिश का कहर जारी है। भारी बारिश के चलते जगह जगह लैंडस्लाइड हो रही हैं. इसके चलते कई जगहों पर रास्ते बंद हैं. ऐसे में राज्य सरकार ने स्कूल कॉलेज बंद कर दिए हैं. हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय ने आज यानी 14 अगस्त को प्रस्तावित परीक्षाओं को स्थगित कर दिया है.। इसी बीच शिमला में बड़ा हादसा हुआ है. यहां भारी बारिश के चलते भूस्खलन हो गयाजिसकी चपेट में शिव मंदिर आ गया. ऐसे में सावन सोमवार पर पूजा करने पहुंचे करीब 50 लोग मलबे में दब गए. इन्हें निकालने के लिए रेस्क्यू किया जा रहा है. । बताया जा रहा है कि शिमला के समरहिल इलाके में ये हादसा हुआ. यहां शिव मंदिर भूस्खलन की चपेट में आ गया. इसके चलते करीब 50 लोग मलबे में दब गए. पुलिस और प्रशासन द्वारा रेस्क्यू अभियान चलाया जा रहा है।



### सोलन में बादल फटने से 7 लोगों की मौत

इससे पहले हिमाचल के सोलन में बादल फट गया. इस हादसे में 7 लोगों की मौत हो गई. जबकि 6 लोगों का रेस्क्यू किया गया. बताया जा रहा है कि सोलन के ममलीक के धायावला गांव में देर रात बादल फटा. बादल फटने के बाद पूरा गांव मलबे से पट गया।



### हिमाचल में कहां कहां मची तबाही

- हिमाचल प्रदेश के सिरमौर में भी बादल फटने से दिखा तबाही का मंजर, कई मवेशी और वाहन बहे. 25 स्कूली बच्चों को किया गया रेस्क्यू.
- हिमाचल प्रदेश की मंडी में भी भूस्खलन. दो गांवों में लोगों को किया गया विस्थापित. हिमाचल के बिलासपुर में भी भूस्खलन.
- भारी बारिश से बिलासपुर में भाखड़ा डैम के खतरे के निशान को पार करने का बढ़ा खतरा.
- भारी बारिश में भूस्खलन के कारण कुल्ली मनाली जाने वाले रास्ते बंद हैं. चंडीगढ़-मनाली नेशनल हाइवे से पंडोह के बीच कई जगहों पर भी रास्ते बंद हैं.
- सड़क पर लगातार हो रहे भूस्खलन के कारण शिमला और चंडीगढ़ को जोड़ने वाले शिमला-कालका राष्ट्रीय राजमार्ग पर भूस्खलन के चलते कोटी के पास चक्की मोड़ पर सड़क के दोनों ओर बड़ी संख्या में भारी वाहन फंसे हुए हैं. इसके अलावा मंडी जिले के कई स्थानों से घरों और कृषि भूमि को नुकसान की खबरें भी आ रही हैं.

## राजनीति में प्रदेश का पहला प्रयास, कांग्रेस में चमत्कार

# राजनीति का अनूठा प्रयोग, प्रत्याशी बनने बैर नहीं, जिसकी टिकट वह हमारा सिकंदर



मनीष पटेल, कांग्रेस नेता | प्रदीप पटेल, कांग्रेस नेता | राजेश तिवारी, कांग्रेस नेता | विक्रम सिंह, कांग्रेस नेता



दुर्गेश पटेल, कांग्रेस नेता | बब्बू यादव, कांग्रेस नेता

जबलपुर • यशभारत
yashbharat.co.in

यशभारत प्राइम टाइम विथ आशीष शुक्ला में इस बार एक अनूठा प्रयोग किया गया है। जिसमें आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर पाटन विधानसभा में कांग्रेस नेताओं द्वारा किए जा रहे एक अनूठे प्रयोग को लेकर चर्चा की जा रही है। अक्सर देखा जाता है कि विधानसभा चुनावों में टिकट के दावेदार अपने अपने तरीके से विधानसभा क्षेत्र में काम करते हैं । लोगों से मिलते हैं और अपनी बात सामने रखते हैं। जब टिकट फाइनल हो जाती है तो एक को छोड़कर सभी नदारद हो जाते है। इस तरह के परिदृश्य सबसे ज्यादा कांग्रेस पार्टी में देखने को मिलते हैं । लेकिन इस बार पाटन विधानसभा में कांग्रेस की ओर से टिकट के छह दावेदार एक साथ घूम रहे हैं। वे अपनी दावेदारी जनता के सामने रख रहे हैं जिसमें सबसे खास बात यह है कि इन्होंने ईश्वर को साक्षी मानकर यह निर्धारित किया है की टिकट किसी को भी मिले वे एक साथ मिलकर उसका काम करेंगे , जो अपने आप में अंगूठा मामला है। इस अनूठे प्रचार के विषय में प्राइम टाइम में यश भारत संचालक आशीष शुक्ला द्वारा पाटन विधानसभा के 6 कांग्रेस नेताओं राजेश तिवारी, विक्रम सिंह ,दुर्गेश पटेल, मनीष पटेल, प्रदीप पटेल से चर्चा की गई और उनके इस अनूठे प्रयोग और राजनीतिक तैयारी को लेकर चर्चा की गई। जिसे आप यश भारत न्यूज़ चैनल व यश भारत के सभी सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विस्तार से देख सकते हैं।

-देखें पेज 3 भी




वीडियो देखने के लिए यश भारत फेसबुक पर जाएं

**इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के इन सभी चैनलों में देखें प्रसारण**

| | | |
|---|---|---|
| यूसीएन में | - | 81 |
| डिजियाना में | - | 91 |
| हैथवे में | - | 598 |

youtube- yashbharat .co.in

## अद्भुत घटना परिजनों ने हारी हिम्मत ,मृत मानकर कर दी थी तेरहवीं लेकिन गुजरात से लौट आई

# कमलरानी का 14 साल का वनवास इमलिया चौकी प्रभारी ने खत्म कराया

**तेंदूखेड़ा,दमोह। यदि परिवार का कोई सदस्य खो जाए और परिजन उसकी तलाश में दिन रात एक कर दें और वर्षों के इंतजार के बाद उसे मृत मान कर मृत्यु उपरांत किए जाने वाले क्रियाकर्म भी कर दें लेकिन इसके बाद एकाएक वह परिजन उन्हे मिल जाए तो किसी अपने को दुखी मन से भुलाने का प्रयास कर रहे परिजनों की खुशी को समझा जा सकता है।**

विशाल रजक

इसी तरह का एक मामला जिले में सामने आया है। जिसमें 14 वर्ष पहले लापता हुई एक महिला गुजरात में उन्हें मिल गई और अब वह अपने परिवारजनों के साथ अपने घर भी पहुंच चुकी है। वहीं इस मामले में पुलिस की भूमिका भी प्रशंसनीय है क्योंकि चौकी प्रभारी द्वारा जानकारियों को साझा करते हुए जानकारी परिजनों तक पहुंचाने और समन्व्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। जानकारी अनुसार जबेरा थाना की सिग्रामपुर चौकी अंतर्गत ग्राम चैनपुरा निवासी कमलारानी पति चंदू ठाकुर का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था और करीब 14 वर्ष पहले वह एकाएक गायब हो गई। महिला के गायब होने के बाद परिजनों ने उसकी तलाश शुरू की और पुलिस में भी इसकी सूचना दी। वहीं समय के साथ उसे बनारस आदि में भी जाकर तलाश किया लेकिन उसकी कोई सूचना नहीं मिली, जिसके बाद परिजनों की आशा टूटने लगी और उनके द्वारा तलाश शुरु कर दी।

### पंडा के कहने पर मान लिया था मृत

तलाश में असफल होने पर महिला के मिलने की आश खो चुके परिजनों की रही सही आशा और भी टूट गई जब उनके ग्राम के एक पंडा ने यह कहते हुए कि महिला की मौत हो गई है और प्रेत योनी में वह परिजनों को परेशान कर रही है। ऐसे में उसकी शांति के लिए तेरहवीं आदि संस्कार करने जरूरी है। पंडा की बातों को सच मानकर कोरोना काल खत्म होने के बाद करीब 1 वर्ष पूर्व परिजन ने समाज व परिवार के लोगों को बुलाकर महिला की तेरहवीं भी करा दी और यह मान लिया कि उनके परिवार की महिला अब इस दुनिया में नहीं है, लेकिन एकाएक उन्हें महिला के जीवित व सुरक्षित होने की जानकारी मिली जिसके बाद वह तत्काल एक्टिव हो गए।



### गुजरात के आश्रम से मिली सूचना

दरअसल कुछ दिनों पूर्व दमोह पुलिस को सूचना मिली कि गुजरात भुज के मानव ज्योति आश्रम में एक मानसिक रूप से कमजोर महिला रह रही है जो अपने पते के रूप में दमोह का नाम लेती है। आश्रम प्रबंधन से चर्चा उपरांत महिला की फोटो आदि पुलिस को मिली और फिर इमलिया चौकी प्रभारी आनंद सिंह ने जानकारियों को सोशल मीडिया पर साझा करना शुरू किया। इस दौरान उन्हें जानकारी मिली कि गुजरात की महिला सिंग्रामपुर चौकी अंतर्गत रहने वाले परिवार की है। परिजनों से संपर्क पुष्टि हुई कि यह महिला 14 वर्ष पूर्व लापता हुई कमलरानी ही है जिसके बाद पुलिस ने परिजनों को गुजरात के लिए रवाना किया और परिजन मानव ज्योति आश्रम पहुंचकर आवश्यक कार्रवाई कर उसे दमोह ले आए जहां पुलिस ने आवश्यक कार्रवाई उपरांत उसे परिजन के साथ घर भेज दिया।

### परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं

वहीं परिवार की खो चुकी महिला को बापस पाकर परिजनों की खुशी का ठिकाना नहीं। जहाँ महिला के पति चंदु ठाकुर जो फिलहाल ठीक से सुनने में सक्षम नहीं है वह अपनी पत्नि को 14 वर्ष बाद पाकर खुश थे। दूसरी ओर महिला का पुत्र मनोज सिंह जो वर्षों पहले अपनी माँ को खो चुका था वह भी अपनी माँ को अपने साथ घर ले जाने के लिए आतुर था। वहीं महिला का भतीजा झल्लु ठाकुर जो महिला के लापता होने के समय खुद ही बच्चा था वह भी खुश नजर आया। वहीं उनके द्वारा अपने कार्य के लिए चौकी प्रभारी आनंद कुमार सिंह का भी धन्यवाद दिया जिनके प्रयासों से महिला अपने परिजनों से मिल सकी। इसके पहले भी उनके द्वारा करीब एक दशक पहले परिवार से बिछड़ी महिला जो 11 वर्ष पहले उड़ीसा रेलवे स्टेशन से लापता हुई उसे भी सक्रिय भूमिका निभाते हुए ज्योति आश्रम से वापस लाकर परिजनों के सुपुर्द किया था।

## मेरी माटी मेरा देश

### प्रधानमंत्री के आहवान ने जगाया जन-जन में देश-प्रेम का जज्बा

# पूरे उत्साह से स्वतंत्रता दिवस मनाएं, हर घर तिरंगा फहराएं :मुख्यमंत्री

भोपाल • यशभारत
yashbharat.co.in

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने देश की आजादी के लिए सर्वस्व बलिदान करने वाले वीरो को नमन कर कहा कि हर नागरिक पूरे उत्साह से स्वतंत्रता दिवस मनाये। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आहवान पर हर घर राष्ट्रध्वज तिरंगा फहराया जाए। मुख्यमंत्री श्री चौहान रविवार को बुधनी में हर घर तिरंगा रैली में शामिल होने के बाद नागरिकों को संबोधित कर रहे थे।तिरंगा रैली से अभिभूत मुख्यमंत्री ने कहा कि बुदनी के इतिहास में यह पहला मौका है जब इतनी बड़ी संख्या में हर वर्ग के नागरिकों ने हाथों में तिरंगा लेकर भारत माता की जयकार से आकाश गुंजायमान कर दिया।मुख्यमंत्री श्री चौहान ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के आहवान को ऐतिहासिक बताते हुए कहा कि आज प्रधानमंत्री के च्मेरी माटी मेरा देशज्ज जैसे राष्ट्रप्रेम के अभियान ने जन-जन में देश-प्रेम की भावना को भरा है। मुख्यमंत्री ने आजादी के अमर सेनानियों और वीरों का उल्लेख कर कहा कि पूर्व की सरकार द्वारा कई स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों को भुला दिया गया था। उन्होंने कहा कि हँसते-हँसते फाँसी को गले लगाने वाले वीरों की इ'छा सिर्फ यही होती थी कि भारत माता की आजादी तक वे बार-बार इस धरा पर जन्म लेकर अंग्रेजों से संघर्ष कर भारत को स्वतंत्र कराए।



### मेधावियों को 23 को मिलेगी ई-स्कूटी

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने बुधनी में एक अन्य कार्य म में विकास पर्व के तहत 714 करोड़ 91 लाख की लागत वाले 500 बिस्तर के मेडिकल कॉलेज, 284 करोड़ 16 लाख लागत के बुधनी-भेरूंदा-रेहटी राष्ट्रीय राजमार्ग निर्माण और रेलवे अंडर ब्रिज 8 करोड़ 15 लाख का भूमि-पूजन करने के बाद एक बड़ी जनसभा में संवाद किया। उन्होंने कहा कि साईकिल खरीदने के लिये 17 अगस्त को 6वीं और 9वीं कक्षा में दूर से स्कूल आने वाले विद्यार्थियों के खाते में साढ़े 4 हजार रूपये की राशि डाली जायेगी। प्रतिभाशाली बेटे-बेटियों को 23 अगस्त को मिलेगी ई-स्कूटी। रसोईयों का मानदेय होगा दोगुना। जल्दी ही अतिथि शिक्षकों की पंचायत बुलाई जायेगी। मुख्यमंत्री श्री चौहान के साथ श्रीमती साधना सिंह, श्री कार्तिकेय चौहान तथा सांसद श्री रमाकांत भार्गव और स्थानीय जन-प्रतिनिधि भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने भी नगरवासियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएँ देते हुए उनका अभिवादन किया।

### तिरंगा यात्रा पर विद्यार्थियों ने की बात

मुख्यमंत्री ने आज तिरंगा यात्रा के साथ सभा में आए विद्यार्थियो से खूब बात की। उन्होंने कहा कि बेटे-बेटियो आप खूब मन लगाकर पढाई करिए, आगे बढ़ो, आपके लिए मेधावी विद्यार्थी योजना तो है ही जिससे आपकी उ'च शिक्षा की पढ़ाई की फीस आपका मामा भरेगा। उन्होंने कहा कि सीखो-कमाओ योजना भी आपके लिए है, स्व-रोजगार के लिए मुख्यमंत्री उद्यम ांति योजना भी है। उन्होंने कहा कि सरकारी नौकरी में भर्ती जारी है और यह आगे भी जारी रहेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि अब मेडिकल और इंजीनियरिंग की पढ़ाई भी हिंदी में होगी।

# विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस आज

नई दिल्ली • ईएमएस
yashbharat.co.in

आजादी का अमृत महोत्सव कार्यक्रमों के तहत 14 अगस्त को विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस मनाया जा रहा है। इस दौरान त्रासदी में प्राण गंवाने वाले लोगों को श्रद्धांजलि दी जा रही है। विस्थापित परिवारों को बुलाया जाएगा और देश के सभी जिलों में कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।विभाजन से संबंधित डॉक्यूमेंट्री फिल्में को भी दिखाया जाएगा। मुख्य तौर पर स्कूलों, कॉलेजों और यूनिवर्सिटीज में डॉक्यूमेंट्री फिल्में दिखाई गईं । सभी जिलों के विभाजन से जुड़ी स्मृतियों व अभिलेखों को प्रदर्शनी के जरिए दिखाया जाएगा। इसके अतिरिक्त भारत-पाकिस्तान के बंटवारे से संबंधित किताबों को पुस्तक प्रदर्शनी के माध्यम से आम लोगों के लिए सुलभ बनाया जाएगा।

### देश के बंटवारे में जान गंवाने वालों को श्रद्धांजलि ,हर जिले में होंगे प्रोग्राम

### नई पीढ़ी को बताई जाएगी बंटवारे की कहानी

भाजपा ने अपनी राष्ट्रीय और रा'य इकाइयों को इस दिन प्रोग्राम करने की जिम्मेदारी दी है। कार्यकर्ताओं को उन परिवारों से मिलना है जिन्होंने त्रासदी में अपनों को खोया है। सोशल मीडिया पर अपनी यादें भी साझा करनी हैं। नई पीढ़ी को देश के बंटवारे के बाद लोगों को होने वाली पीड़ा के बारे में बताया जाएगा। इसके लिए विभाजन की तस्वीरें सोशल मीडिया पर साझा भी की जाएंगी। भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा 'विभाजन विभीषिका स्मृति दिवस' पर नई दिल्ली के ह्रष्ठस्रष्ट कन्वेंशन सेंटर में आयोजित कार्य म को शाम 5 बजे संबोधित करेंगे।



जबलपुर, मण्डला, कटनी, भोपाल, नरसिंहपुर, सिवनी से एक साथ प्रकाशित

# 34 पिलरों पर बना है पंचमुखी भगवान महादेव का मंदिर

जबलपुर, यशभारत। 13वीं सदी में स्थापित पंचमुखी भगवान महादेव शिवमंदिर के गुंबद में ही ' श्रीयंत्र ' अपनी आभा बिखेरता है। शहर में यह एकमात्र ऐसा मंदिर है जहां कई किलोमीटर लंबी गुफा आज भी मौजूद है। विदित है कि सालों पहले नर्मदा परिक्रमा करने वाले शिवभक्त मिष्ठान हलवाई को इस छोटी सी पहाड़ी पर सिद्ध स्थल होने की अनुभूति हुई थी। उन्होंने स्वयंभू शिवलिंग की स्थापना कर पूजन प्रारंभ किया। कालांतर में ये मंदिर बादशाह हलवाई मंदिर के नाम से प्रसिद्ध हुआ। यहां भगवान शिव की अति प्राचीन पंचमुखी 10 भुजाधारी मूर्ति शिवलिंग के साथ स्थापित है। उनके साथ 16 भुजाधारी श्रीगणेश, 27 नक्षत्र, नवग्रह, अष्ट भैरव की कल्चुरी कालीन प्रतिमाएं भी स्थापित हैं। 34 पिलर पर बने इस मंदिर में शिवगणों की आकृति बनी हुई है।





## छठे सावन सोमवार पर गूंज रहे शिवमंत्र

**जबलपुर, यशभारत।** सावन महीने के छठवे सोमवार पर सुबह से ही शहरी व उपनगरीय क्षेत्रों में स्थित शिवालयों में श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ी है। सुबह से भगवान भोले नाथ का पूजन अभिषेक शुरू हुआ। श्रद्धालु दर्शन कर भगवान को जल अर्पित कर रहे हैं। मंदिरों में सुबह से पार्थिव शिवलिंग निर्माण कार्यक्रम चल रहे हैं। ग्रामीण क्षेत्र में भी शिवालयों में शिव मंत्र गूंज रहे हैं। सावन के छठवें सोमवार के दिन महादेव की अर्धनारीश्वर रूप में पूजा करने से शिव भक्तों की सारी मनोकामनाएं पूरी होती हैं। यह पुरुषोत्तम मास का भी अंतिम सोमवार है। ज्योतिषाचार्य पं. लोकेश व्यास के अनुसार सावन के पांच सोमवार बीत चुके हैं। रोग, ऋण, शत्रु से छुटकारा पाने के लिए यह छठवां सोमवार का व्रत बहुत ही महत्वपूर्ण माना जा रहा है। इस दिन सिद्धि योग, सर्वार्थ सिद्धि योग, आडल योग, विडाल योग के साथ मासिक शिवरात्रि भी रहेगी। इसके साथ ही पुनर्वसु नक्षत्र 11.07 तक उसके बाद पुष्य नक्षत्र प्रारंभ हो जाएगा। गन्ने के रस से करे अभिषेक इन सारे संयोग में भगवान भोलेनाथ का गन्ने के रस से रुद्राभिषेक करने से रोग, ऋण, शत्रुओं से छुटकारे के साथ लक्ष्मी का आवागमन होगा, एवं पारिवारिक समरसता बढ़ेगी।

### शुभ योग में है सावन का छठा सोमवार,

**सिद्धि योग** – 13 अगस्त, दोपहर 03 बजकर 56 मिनट से शुरू हुआ जो 14 अगस्त को दोपहर 04 बजकर 40 मिनट तक

**सर्वार्थ सिद्धि योग** – 14 अगस्त, सुबह 11 बजकर 07 मिनट से शुरू हुआ और 15 अगस्त को सुबह 05 बजकर 50 मिनट तक इसी दिन सावन के अधिक मास शिवरात्रि भी है।

### गुप्तेश्वर मंदिर में प्रतिदिन अलग श्रृंगार

गुप्तेश्वर स्थित शिव मंदिर में भगवान भोलेनाथ का प्रतिदिन अलग श्रृंगार किया जाता है। इस सोमवार को भी महादेव का विशेष श्रृंगार के साथ ही रुद्राभिषेक भी किया जाएगा।

### शहर में शिवालय

गुप्तेश्वर महादेव मंदिर, गैबीनाथ महादेव मंदिर, शिव-पार्वती मंदिर भरतीपुर, कांच मंदिर जिलहरी घाट, शिव-पार्वती मंदिर देवताल, भगवान बद्रीनाथ मंदिर पिसनहारी की मढ़िया, पशुपतिनाथ मंदिर लम्हेटाघाट, भगवान शिव मंदिर पाटबाबा पहाड़ी, बादशाह हलवाई मंदिर पोलीपाथर, कचनार सिटी शिव मंदिर विजयनगर में अस्था का सैलाब उमड़ा है।

## श्री गैबीनाथ की शाही सवारी आज निकलेगी



सावन मास के छठवे सोमवार को लगभग दोपहर 3 बजे से श्री गैबीनाथ मन्दिर पुरवा में समिति सदस्यों, बस्ती के सभी श्रद्धालुओं व भक्तों के सहयोग से भगवान भोलेनाथ की शाही सवारी शोभायात्रा निकाली जाएगी। शाही सवारी संत-महात्माओं के सानिध्य में की निकाली जाएगी। इस शाही सवारी यात्रा में डा.बाल गोबिंद शास्त्री, जगतगुरु स्वामी राघवदेवाचार्य ,परम पगलानन्द महाराज ,हनुमान बाग के संत पंडित बृजेश महाराज , पंडित ताराचंद पान्डे, पंडित नरेंद्र गौतम की उपस्थिति व आशीर्वाद प्राप्त हुआ है। शाही सवारी यात्रा मंदिर परिसर से पिसनहारी मढिया सुभाष चौक से प्यासी मार्केट, ब्राम्हण मोहल्ला पुरवा, झंडा चौक, केवट मोहल्ला, जोशी मोहल्ला से भ्रमण करते हुए देवी सायकल मार्ट, त्रिपुरी चौक, गढा थाना, पुलिस क्वार्टर होते हुए मंदिर पहुंच कर महा आरती व भंडारा - प्रसाद वितरण किया जाएगा।

## » न्यूज गैलरी

### बाल चित्रकला स्पर्धा 19 व बुंदेली नृत्यश्री 27 अगस्त को

**जबलपुर, यशभारत।** बुंदेली विद्वान, शिक्षाविद् डॉ. पूरनचंद श्रीवास्तव स्मृति जन्मोत्सव समारोहों की श्रंखला में 19 अगस्त को दोपहर 2 बजे से हितकारिणी उ.मा. शाला गोरखपुर एवम दमोहनाका स्थित हितकारिणी गोविंदगंज शालाओं में श्रीमती किरण देवी अग्रवाल स्मृति बाल चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की गई है। यह 4 आयु वर्गों क्रमशः के जी, प्रायमरी, मिडिल एवम हाई-हायर सेकंडरी स्तर पर होगी। सरदार आर. एस. चौपरा स्मृति बुंदेली नृत्यश्री प्रतियोगिता 5 से 14 एवम 14 से 20 वर्ष आयु वर्गों में दिन में 11 बजे से दत्त मंदिर, गोलबाजार के हाल में आयोजित है। सभी प्रतियोगियों को सहभागिता प्रमाण पत्र स्थल पर ही प्रदान किए जाएंगे। विजेताओं का पुरस्कार वितरण 1 सितंबर को संध्या 6.30 बजे से शहीद स्मारक भवन में आयोजित बुंदेली दिवस समारोह में होगा।

### यूथ कांग्रेस मातृशक्ति से कराएगी ध्वजा रोहण

**जबलपुर, यश भारत।** राष्ट्रीय महापर्व 15 अगस्त पर यूथ कांग्रेस महिला शक्ति से ध्वजारोहण कराएगी। भारतीय युवा कांग्रेस ने देश भर में महिला सशक्तिकरण के लिए युवा कांग्रेस के राष्ट्रीय अधिवेशन बेंगलुरु में कार्यक्रम की शुरूआत की थी। यह कार्यक्रम भारतीय युवा कांग्रेस के मुख्य कार्यक्रमों में से एक है। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मीडिया विभाग के प्रदेश अध्यक्ष विवेक त्रिपाठी ने बताया कि हर प्रदेश स्तर पर, जिला स्तर पर और विधानसभा स्तर पर महिला सशक्तिकरण की झलकियां दिखाई पड़ेगी। जिला समान्यक आशुतोष दुबे ने कहा कि कार्यक्रम के तहत भारतीय युवा कांग्रेस देश भर में प्रदेश स्तर पर, जिला स्तर पर और विधानसभा स्तर पर महिला शक्ति को जोडने का प्रयास करेगी और इस क्लब के माध्यम से यह सुनिश्चित करेगी कि जिस भी क्षेत्र में महिलाएं भविष्य में आगे बढना चाहे उसमे उनकी मदद कर सशक्त कर सके।



### भाजपा आज निकालेगी विभाजन विभीषिका पर मौन जुलूस

**जबलपुर, यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी जबलपुर महानगर द्वारा स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर कल 14 अगस्त को शाम 6 बजे सिविक सेंटर से गोलबाजार तक विभाजन विभीषिका पर मौन जुलूस निकाला जाएगा। भाजपा नगर अध्यक्ष प्रभात साहू ने बताया कि मौन जुलूस सिविक सेंटर से शाम 6 बजे शुरू होकर गोलबाजार में समाप्त होगा। मौन जुलूस में सांसद राकेश सिंह सहित समस्त जनप्रतिनिधि सम्मिलित होंगे।

### श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शोभायात्रा को भव्य बनाने बैठक में किया गया मंथन

**जबलपुर, यशभारत।** अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा जबलपुर की बैठक सुशीला मैरिज गार्डन अमखेरा में आयोजित की गई जिसमें आगामी माह में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी शोभायात्रा चल समारोह को लेकर चर्चा की गई। बैठक में विभिन्न समिति का भी गठन किया गया जिसमें सभी लोगों के दायित्वों को बताया गया। शोभायात्रा को किस तरीके से भव्य बनाना है इस विषय पर मंथन किया गया। बैठक का संचालन मनोज यादव के द्वारा किया गया। बैठक में अखिल भारतवर्षीय यादव महासभा के प्रदेश अध्यक्ष भारत सिंह यादव, चंदन सिंह यादव शिव यादव, मनोज यादव पप्पू, महादेव पहलवान, विनीता यादव, तृप्ति यादव सहित अन्य उपस्थित रहे।

## भारत को अखंड बनाने निकाली गई भव्य मशाला यात्रा



**जबलपुर, यशभारत।** भारत को अखंड बनाने हिंदू सेवा परिषद् के नेतृत्व में भव्य मशाल यात्रा भारत माता चौक से संतों के सानिध्य में निकाली गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में काजल हिंदुस्तानी मौजूद रहीं जिनके द्वारा भारत माता का पूजन किया गया। मशाला यात्रा भारत माता चौक से शुरू होकर सिद्धपीठ काली माई मंदिर पहुंची। यात्रा के समापन के बाद मंदिर परिसर में हिंदू धर्म सभा आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि काजल हिंदुस्तानी का सम्मान किया गया। इस मौके पर डॉ स्वामी मुकुंद दास, आचार्य धीरेंद्र पांडे , संगठन के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी, सौरभ जैन, उमेश रजक ,विनोद यादव मंचासीन थे। सड़क पर यात्रा का भव्य स्वागत भी किया गया। इस मौके पर विधायक अशोक रोहाणी , नेता प्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, रिंकू विज, धीरज पटेरिया, अभिलाष ,हिंदू सेवा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष अतुल जेसवानी, सौरभ जैन ,उमेश रजक, गौरव साहू कार्तिक श्रीवास ,हर्ष पत्थर रोहित गुप्ता, धीरज ज्ञानचंदानी, नितिन सोनपाली सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ताओं की उपस्थिति रही।

## रानी अवन्ती बाई सागर जल विद्युतगृह बरगी नगर में झंडावंदन कार्यक्रम कल

**जबलपुर, यशभारत।** स्वतंत्रता दिवस के मौके पर रानी अवन्ती बाई सागर जल विद्युतगृह म.प्र. पॉवर जेनको बरगीनगर में झंडावंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया है। 15 अगस्त की सुबह 8.30 बजे अधीक्षण यंत्री द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाएगा फिर भाषण होगा। जिसमें गत वर्ष की उपलब्धियां और वर्तमान में चल रहे कार्यों एवं भविष्य की योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। इस मौके पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारी-कर्मचारियों को भी सम्मानित किया जाएगा और मुख्य अतिथि द्वारा पौधे वितरित किए जाएंगें।

## विवेकानंद उद्यान में विधायक ने किया विकास कार्यों का भूमिपूजन

**जबलपुर, यशभारत।** विवेकानंद वार्ड के अंतर्गत विवेकानंद उद्यान में वृहद पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया जिस दौरान विधायक विनय सक्सेना ने उद्यान में पौधे रोपित किए गए और साथ ही उद्यान के चारों तरफ पेवर ब्लॉक लगाने के लिए 4 लाख की राशि दी। उद्यान के विकास के लिए किए जा रहे कार्यों का भूमिपूजन विधायक विनय सक्सेना द्वारा इस मौके पर किया गया जिसके बाद क्षेत्रीय जनों ने विधायक और क्षेत्रीय पार्षद सोनिया रंजीत सिंह के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर बड़ेरिया मेट्रो प्राइम के एमडी बड़ेरिया, पीयूष दीक्षित के द्वारा उद्यान के लिए ट्री गार्ड उपलब्ध कराए गए। कार्यक्रम में विवेकानंद उद्यान समिति के अध्यक्ष आर के नेमा, के. के. जैन , जवाहर , पवन पांडे, एडवोकेट संजय सोनी सहित अन्य क्षेत्रीय रहवासियों की उपस्थिति रही।



## दोबारा कब्जा किया तो लायसेंस होगा निरस्तः महापौर



**जबलपुर, यश भारत।** नगर निगम की जेसीबी ने सड़क किनारे जमे 200 से अधिक दुकानों के अतिक्रमण को हटाया है जिनकी वजह से जाम लग रहा था। और आने-जाने वाले राहगीरों को परेशानी हो रही थी। कार्यवाही में दुकान के सामानों को जप्त भी किया गया है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू के निर्देश पर निगम के अतिक्रमण दस्ते की उक्त कार्यवाही सुपरमार्केट से लेकर लार्डगंज ,कमानिया गेट, मछरहाई चौक से होते हुए लार्डगंज मार्केट से तुलाराम चौक तक के बीच की गई है जहां जमे अतिक्रमण को हटा दिया गया है। महापौर जगत बहादुर सिंह ने स्पष्ट कहा है कि अगर दोबारा यहां अतिक्रमण हुआ तो संबंधित दुकानदार का लायसेंस निरस्त कर दिया जाएगा। विदित हो कि व्यापारी संघों के पदाधिकारियों ने महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू को ज्ञापन सौंप मांग की थी कि सुपरमार्केट से लेकर लार्डगंज, कमानिया गेट, तुलाराम चौक के पास अवैध अतिक्रमण जमा है जिसके कारण जाम लगता है। वहीं अतिक्रमण अधिकारी सागर बोरकर ने बताया कि शहर में लगातार अतिक्रमण दस्ते द्वारा अतिक्रमण विरोधी कार्यवाही जारी रहेगी।

## भारतीय सेना के कार्यक्रम में 11 वीर नारियों का होगा सम्मान

**जबलपुर, यश भारत।** आजादी के अमृत महोत्सव के समापन के मौके पर 15 अगस्त शाम 6 बजे से मानस भवन में हमारा जबलपुर और नगर निगम जबलपुर के संयुक्त तत्वाधान में एक भव्य कार्यक्रम आयोजित किया गया है जिसमें भारतीय सेना को जानिए विषय पर लेफ्टिनेंट जनरल दास के द्वारा भारतीय सेना की तपस्या सहित अन्य उपलब्धियों के बारे में बताया जाएगा। कार्यक्रम में 11 वीर नारियों का सम्मान भी किया जाएगा। हमारा जबलपुर के अध्यक्ष कैलाश गुप्ता, डॉक्टर धीरावानी ने आयोजित प्रेसवार्ता के दौरान बताया कि कार्यक्रम में लेफ्टिनेंट जनरल दास द्वारा बताया जाएगा कि सेना सिर्फ बॉर्डर में ही नही बल्कि हर विषम परिस्थिति में अपनी अहम भूमिका निभाती आई है। इस काम में नागरिकों की भी सहभागिता कैसे होगी इस विषय पर भी मंथन किया जाएगा। कार्यक्रम जबलपुर के नागरिकों के सामने होगा जहां देशभक्ति गीतों पर आर्मी के बैंड की धुनों की प्रस्तुति भी होगी। प्रेसवार्ता के दौरान महापौर जगतबहादुर सिंह अन्नू भी मौजूद रहे।



'हमारा जबलपुर और नगर निगम के तत्वावधान में होगा कल आयोजन

## उड़ान वेलफेयर फाउंडेशन के सदस्यों ने वीरों को किया याद

**जबलपुर ,यशभारत।** उड़ान वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा मेरी माटी मेरा देश के तहत कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें माटी को नमन एवं वीरों का वंदन उड़ान वेलफेयर फाउंडेशन के द्वारा सैनिकों के साथ मिलकर किया गया। इस मौके पर स्वतंत्रता से पूर्व सभी सैनिक भाइयों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं प्रेषित की गई और उनके साथ मिलकर अलग-अलग ऑफिसों में जाकर पांच पांच पौधे लगाए गए। कार्यक्रम में टी आर तनोडिया ,संजय खत्री , अशोक गुप्ता, मीना गुप्ता अर्चना खत्री ,सुधा गुप्ता , प्रवीण गुप्ता,, अमित खरे सहित अन्य सदस्य मौजूद रहे।

## वीयू के छात्र विश्वविद्यालय रशिया से साझा करेंगे शोध

### कुलपति ने राज्यपाल से की मुलाकात

**जबलपुर ,यश भारत।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के छात्र रशिया विश्वविद्यालय से शोध साझा करेंगे। कुलपति प्रो. सीता प्रसाद तिवारी ने विश्वविद्यालय के कुलाधिपति एवं राज्यपाल मंगूभाई पटेल से सौजन्य मुलाकात कर 1 से 7 अगस्त के दौरान नोवोसिबिरस्क स्टेट एग्रीकल्चर विश्वविद्यालय रशिया की यात्रा के समझौते के उद्देश्य साझा किया। जिसमें बताया कि दोनों जगह के छात्र तथा वैज्ञानिक विभिन्न जैवप्रौद्योगिकी, मेडिसन सर्जरी आदि में चल रही शोध और उन्नत तकनीक को साझा करेंगे तथा स्टूडेंट एक्सचेंज कार्यक्रम भी किया जावेगा। जिसके अंतर्गत पैंतालीस दिन 2-3 स्नातकोत्तर व डॉक्टर ऑफ फिलॉसफी के छात्र तथा इकतालीस दिन के लिए 1-2 शिक्षक , शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति हेतु भेजे जाएंगे। साथ ही दोनों विश्वविद्यालय के छात्र तथा शिक्षक के द्वारा किए गए शोध कार्य को जनरल में प्रकाशित करने के निर्णय लिए गए। अंग्रेजी भाषा में ऑनलाइन लेक्चर की भी सुविधा दोनों यूनिवर्सिटी में शोध और शिक्षण हेतु दिए जाएंगे। यात्रा के दौरान कुलपति ने रसिया की एग्रीकल्चर यूनिवर्सिटी में चल रही विभिन्न गतिविधियों को देखा तथा नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय के छात्र तथा वैज्ञानिकों की शैक्षणिक, शोध आदि के लिए कार्य की संभावनाओं को संज्ञान में लिया। मिनिस्ट्री ऑफ़ साइंस और हायर एजुकेशन फॉर द रशियन फेडरेशन द्वारा प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी को सर्टिफिकेट ऑफ विजिटिंग प्रोफेसर प्रदान किया गया। जिसमे उन्होंने रशियन यूनिवर्सिटी की प्रबंधन मंडल और गोलमेज कॉन्फ्रेंस शैक्षणिक स्टाफ के साथ बैठक की और वहां के अनुसंधान इकाइयों को देखा तथा अनुसंधान एवं शिक्षा की संभावनाओं को देखते हुए कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। कुलपति प्रोफेसर सीता प्रसाद तिवारी वहां के गवर्नर एनदि टैवनाईकव के साथ भी बैठक की तथा फील्ड डेज़ 2023 नामक कृषि विज्ञान प्रदर्शनी का भी अवलोकन किया जिसे कृषि मंत्रालय द्वारा आयोजित किया था। साथ ही कुलपति ने रसिया की क्षेत्रीय कार्यशाला में हिस्सा लिया। जिसका विषय चैलेंजिस आफ डेरी एनिमल हसबेंडरी था।



## स्मृति समारोह में भजन शिरोमणि शिब्बू दादा को किया गया नमन

**जबलपुर, यशभारत।** भजन शिरोमणि पंडित शिव प्रसाद शुक्ल शिब्बूदादा और उनके शिष्यों ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शहर को गौरवान्वित किया है। संगीत उनके लिए आराधना जैसा था, संगीत को ही वह मन और जीवन की शांति का पर्याय मानते थे। ये सारी बातें भजन शिरोमणि शिब्बू दादा स्मृति भजनांजलि, भावांजलि एवं पुष्पांजलि समारोह में अतिथियों ने कहीं। मौका था शिब्बूदादा स्मृति समिति एवं पाथेय संस्था के संयुक्त तत्वावधान में शहीद स्मारक प्रेक्षागृह गोलबाजार में आयोजित पुष्पांजलि कार्यक्रम का। इन्दु तिवारी, साधना विनोद शुक्ला, नीता निशिकांत, अर्चना संजय तिवारी, शानू प्रशांत दुबे, सीमा संजय दुबे ने दीप प्रज्वलित करते हुए कार्यक्रम की शुरूआत की। समारोह में अध्यक्षता का दायित्व निर्वहन किया डॉ.कृष्णकांत चतुर्वेदी पूर्व निदेशक कालिदास अकादमी ने किया। इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ. राजकुमार सुमित्र वरिष्ठ पत्रकार एवं विशिष्ट अतिथि महापौर जगत बहादुर सिह अन्नू, आचार्य भगवत दुबे, मोहन शशि, डॉ.हरिशंकर दुबे एवं जादूगर निगम उपस्थित रहे। रवि शंकर श्रीवास्तव के संयोजन एवं राजेश पाठक प्रवीण , माधुरी मिश्रा के संचालन में मुंबई के प्रतिष्ठित युवा कलाकार सतीश समर्पित गोलानी एवं नवनीत बैरागी के साथ वरिष्ठ कलाकार कुलजीत सिंह सेंगर, दिलीप कोरी, भारती रुसिया, मनीष अग्रवाल, प्रकाश तिवारी, मिठाई लाल चक्रवती, रवि शुक्ला, नंदकुमार जैन एवं रवि शंकर श्रीवास्तव ने शिब्बू दादा के द्वारा रचित भजनों को प्रस्तुत किया । वाद्ययंत्र पर सुभाष दीक्षित, सुरेश पाठक, परशुराम पटेल, रमेश मिश्रा, चंद्रभान, श्रीराम एवं किशोर राव ने संगत की।



### युवा कलाकारों ने वंदना नृत्य किया प्रस्तुत

भव्य आयोजन में मोती शिवहरे के निर्देशन में युवा कलाकारों ने वंदना नृत्य प्रस्तुत किया। इस अवसर पर कला, साहित्य, संस्कृति, समाज सेवा के क्षेत्र से जुड़े संजीव तिवारी मेजर, कैलाश पटेरिया, डॉ.विजय तिवारी किसलय, प्रदीप साहू आदि को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के अंत में डॉ. सरोज शुक्ला ने शिब्बू दादा के सम्मान में सम्मानपत्र का वाचन किया।

## सर्व ईसाई महासभा ने निकाली विशाल तिरंगा रैली

**जबलपुर, यशभारत।** हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान और देश प्रेम की भावनाओं को व्यक्त करने सर्व ईसाई महासभा द्वारा शहर के हृदय स्थल सिविक सेंटर से विशाल रैली का आयोजन किया गया। ईसाई समाज के धर्मगुरु बिशप जेराल्ड अल्मीडा एवं बिशप पीटर जानसन के नेतृत्व में सिविक सेंटर स्थित इंदिरा गांधी पार्क से निकाली गई। यह रैली नगर निगम, तीन पत्ती चौक, मालवीय चौक, करमचंद चौक, जयंती कॉम्प्लेक्स से नौदरा ब्रिज राजीव गांधी चौक होते हुये वापस सिविक सेंटर पहुँची। रैली में संगठन के जिला अध्यक्ष शान कुमार, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक अशोक रोहाणी एवं विनय सक्सेना, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, धीरज पटेरिया तथा ईसाई समाज के प्रतिष्ठित नागरिकों सहित सभी समाज के सभी वर्गों के लोग शामिल हुये। इस मौके पर डेविड फ्रांसिस, रोनी सालवी, विनोद चेम्बर्स, आशीष सालोमन सहित अन्य उपस्थित रहे।












## डोरीलाल की चिन्ता

# सीने में जलन आंखों में तूफान सा क्यूं है

सुबह उठते ही आम आदमी अपने मोबाइल की ओर लपकता है। वो देखना चाहता है कि आज का टास्क क्या है। वो जल्दी जल्दी सर्च करता है। अहा क्या बात है चार पांच नए संदेश हैं। औरंगजेब, नेहरू, कश्मीर, पहलवान और मणिपुर सभी एक साथ आ गए हैं। वो तुरंत बैठ जाता है। और पहला मैसेज फारवर्ड करता है। फिर दूसरा फिर तीसरा फिर चौथा फिर पांचवा। कभी इस ग्रुप में, कभी उस ग्रुप में। ये करते करते आधा दिन गुजर जाता है। अब वो मुंह हाथ धोने और दैनिक क्रियाओं की ओर आगे बढ़ता है। उसका दिन शुरू हो चुका है। फिर काम करने निकलता है। ऑफिस की टेबिल पर बैठते बैठते उसे याद आता है कि अभी कल के भेजे गए मैसेज फारवर्ड करना बचे हैं। वो काम में लग जाता है। वो देखता है कि उसके मैसेज और लोगों ने भी फारवर्ड कर दिए हैं। पर उससे उसे कोई फर्क नहीं पड़ता। वो राष्ट्र की लगातार सेवा करता जाता है।

आज हमारा देश व्हाट्सएप से चल रहा है। ये सही है कि इसने बात फैलाने में क्रांति कर दी है। अच्छी बात और बुरी बात दोनों। पहले तो केवल फोटोशॉप और वीडियो एडिटिंग भर हुआ करती थी पर अब विज्ञान बहुत तरक्की कर चुका है। अब कुछ भी दिखाया जा सकता है और कुछ भी समझाया जा सकता है। बात ये है कि जनता को इस बात के लिए तैयार कर दिया गया है। अब वो सवाल नहीं करती। धीरे धीरे उसे एक सेना में बदला गया है। सैनिक का एक ही काम होता है आदेश का पालन करना और ल?ना। तो जनता अब सवाल नहीं करती। वो आदेश का पालन करती है।

जनता की समय समय पर परीक्षा ली जाती है। ये परखा जाता है कि जनता में कोई जागृति तो नहीं आ रही । वो तर्क तो नहीं करने लगी। कहीं उसे अपना भला बुरा तो नहीं दिखने लगा। तो ऐसी परीक्षाओं से पता चल जाता है कि चिंता की कोई बात नहीं है। बात ये है कि पिछले दस सालों से ये देश इलेक्शन मोड में है। पंचायत चुनावों से लेकर संसद तक हर चुनाव की तैयारी चौबीस घंटे तीन सौ पैंसठ दिन चलती रहती है। इसीलिए परीक्षा भी चलती रहती है। कभी आदेश आता है ताली बजाओ थाली बजाओ तो जनता नाच नाच कर ताली थाली बजाती है। कभी कहा जाता है कि आसमान को मोबाइल की रोशनी से भर दो। तो आसमान जगमगा उठता है। सैटेलाइट से चमकता फोटो आ जाता है। कभी कभी कड़ी परीक्षा भी ली गई। जैसे पेट्रोल डीजल के दाम एक सौ दस कर दिए। गैस सिलेंडर 1200 का कर दिया मगर जनता ने चूं नहीं किया उल्टे जो लोग विरोध कर रहे थे उन्हें चुनाव में पराजित किया। आज हालत ये कर दी गई है कि सबसे गरीब आदमी भी जो दो रूपये का सामान खरीदता है वो जी एस टी देता है। यानी देश के विकास में अपना योगदान देता है। मगर विरोध नहीं करता। विरोध की अवधारणा ही समाप्त हो गई। मजदूर संगठन हैं मगर वो सब ताली थाली बजा रहे हैं। उनके व्हाट्सएप ग्रुप देख लीजिए। बहुसंख्य जनता को शिक्षित किया गया है कि गर्व करो और घृणा करो। इसके लिए जनता को कुछ करना नहीं है। अपने दिमाग को खाली रखना है जो कि ऑल रेडी है। उसमें व्हाट्स एप और फेस बुक या ट्विटर से आए संदेश भरना है। धार्मिक और राजनैतिक घृणा के संदेशों को दिमाग में भर लो और लगातार दोहराते रहो। जब तक घृणा से ओत प्रोत न हो जाओ। इस घृणा की भी परीक्षा ली जाती है। भारत वर्ष में कई स्थानों पर जिन लोगों ने महिलाओं से दुर्व्यवहार किया उनके समर्थन में महिलाओं के जुलूस निकले। इसीलिए क्योंकि अपराधी उनके धर्म या जाति के थे। दंगों में महिलाओं के साथ क्या नहीं हुआ लेकिन बिलकिस बानो के समर्थन में कोई नहीं है और अत्याचारियों का फूल मालाओं से स्वागत हो रहा है। लेकिन जनता को कोई गुस्सा नहीं है। वो गर्व करने और घृणा करने में व्यस्त है।

ये बीमारी किस स्टेज पर है ये तब पता चलता है जब एक सिपाही चलती ट्रेन में बंदूक लेकर घूमता है और डिब्बों में जा जाकर नाम पूछ कर कन्फर्म करता है कि वो यात्री विधर्मी है और फिर उसे गोली मार देता है। कोई इन्हें नहीं बचाता। लोग वीडियो बनाते हैं। देश को समझाया जाता है कि वो तो पागल है मानसिक बीमार है। यही तो डोरीलाल भी कह रहे हैं कि लोगों को घृणा से भर भर कर पागल, दिमागी तौर पर बीमार बना दिया गया है। आज इस देश में करोड़ों लोग बुजुर्ग, नौजवान, महिलाएं बच्चे इस डर में जी रहे हैं कि उन्हें उनकी जाति के कारण, उन्हें उनके धर्म के कारण मार न दिया जाए। वो धर्म और वो जाति जो उन्हें उस धर्म के या जाति के मां बाप के कारण मिली है। उनने चुनी नहीं है।

ये देश ऐसा नहीं था। इस देश को ऐसा मत होने दीजिए। धर्म और जाति के आधार पर बांट कर वोट मिलेंगे। सत्ता मिलेगी। लेकिन ये देश बचेगा नहीं। यदि फूल के पौधे को जहर से सींचोगे तो फूल नहीं खिलेगा, मुरझा जाएगा। इस प्यारे देश को जहरीला मत बनाओ।

सीने में जलन आंखों में तूफान सा क्यूं है
इस शहर में हर शख्स परेशान सा क्यूं है

-डोरीलाल देशप्रेमी

## कांग्रेस में दावेदारों ने पेश की एकता की मिसाल

# टिकट का करेंगे दावा, टिकट जिसे भी मिले साथ निभाने का वादा

### यश भारत प्राइम टाइम में यश भारत के संस्थापक आशीष शुक्ला से चर्चा

प्रथम पेज से जारी

**चर्चा की शुरुआत कार्यक्रम संचालक आशीष शुक्ला द्वारा वरिष्ठ कांग्रेस नेता राजेश तिवारी के साथ की गई।जहां उन्होंने इस अनूठे प्रयोग के बारे में समझने की कोशिश की और इसके उद्देश्यों को जानना चाहा।जिसके जवाब में राजेश तिवारी द्वारा बताया गया कि हम लोगों का उद्देश्य है कि हमारे क्षेत्र में कांग्रेस का विधायक बने और प्रदेश में माननीय कमलनाथ जी के नेतृत्व में कांग्रेस की सरकार बने। जिसको लेकर हम सभी काम कर रहे हैं और उनके 10 सूत्री कार्यक्रम को लेकर जनता के बीच में जा रहे हैं।जब हम संगठित होकर एक साथ जनता के बीच जाते हैं तो कार्यकर्ता भी संगठित हो जाते हैं।**



चर्चा के दौरान मौजूद रहे पूर्व कांग्रेस ग्रामीण अध्यक्ष व पाटन से 2008 में विधानसभा का चुनाव लड़ चुके विक्रम सिंह ने बताया कि हम लोग प्रारंभ में अलग-अलग लोगों के साथ मिल रहे थे। फिर उसके बाद हम लोगों ने एक साथ लोगों के बीच जाना शुरू किया। जिससे लोगों के बीच में एक विश्वसनीयता बनी और कांग्रेस को लेकर एक माहौल बना। जिसे हम टिकट डिक्लेअर हो जाने के बाद भी कायम रखेंगे और मूलता हमारा उद्देश्य कांग्रेस की जीत है चाहे चेहरा कोई भी हो। कार्यक्रम संचालक आशीष शुक्ला को चर्चा के दौरान कांग्रेस नेता दुर्गेश पटेल ने बताया कि कार्यकर्ता के मन में इस बात का संशय संसार रहता है कि वह किस नेता के साथ खड़ा हो। उसे हमेशा इस चीज का डर रहता है कि कहीं एक नेता के साथ जाने से दूसरा नेता न नाराज हो जाए। ऐसे में हम लोगों द्वारा इस तरह का प्रयोग किया गया है, जो कि अपने आप में अनूठा प्रयोग है और इससे कांग्रेस को मजबूती मिल रही है। साथ ही साथ नेताओं का भी आत्मविश्वास बढ़ रहा है। उन्होंने बाकी नेताओं के साथ इस बात पर भी जोर दिया कि हम टिकट जरूर अपने-अपने लिए मांग रहे हैं लेकिन टिकट जिसे भी मिलेगी वह एक साथ मिलकर काम करेंगे।

चर्चा में शामिल जिला पंचायत सदस्य व कांग्रेस पार्टी की ओर से टिकट मांग रहे मनीष पटेल ने बताया कि हर चुनाव का अपना एक महत्व होता है। एक ओर जहां पंचायत के चुनाव व्यक्तिगत संबंधों के आधार पर होते हैं। वहीं विधानसभा के चुनाव सभी के सहयोग व पार्टी के संगठन की आवश्यकता पड़ती है । अक्सर देखा जाता है कि टिकट मिलने के बाद प्रत्याशी अकेला पड़ जाता है। इसका नुकसान प्रत्याशी के साथ-साथ पार्टी को होता है। लेकिन हम लोगों का उद्देश्य कांग्रेस का विधायक बनाना है। इसलिए हम लोग एक साथ काम कर रहे हैं और चुनावों में भी एक साथ रहेंगे जिसका फायदा हमारी कांग्रेस पार्टी को मिलेगा।

प्राइम टाइम विथ आशीष शुक्ला में कार्यक्रम संचालक द्वारा पैनल के सदस्य प्रदीप पटेल से यह जानने की कोशिश की गई कि उन्हें इस तरह के संगठन से क्या फायदे होते नजर आ रहा है। जिसके जवाब में उन्होंने बताया कि जब हम लोग एक साथ निकलते हैं तो कार्यकर्ता भी खुलकर सामने आता है और अपनी बातें रखता है। सबसे बड़ी बात यह है कि कार्यकर्ता चाहे पाटन का हो ,कटंगी का हो या मझौली का , उसे वहां कोई ना कोई नेता सहयोग करने के लिए मिल ही जाता है। क्योंकि वर्तमान समय में आम जनता भाजपा की सरकार से त्रस्त है। ऐसे में हम लोगों के संगठन ने उन्हें संबल प्रदान कर रखा है।

किसानों के मुद्दों की बात करने वाले कांग्रेस नेता बब्बू यादव ने चर्चा में कहा कि हम लोगों को सिर्फ कांग्रेस का काम करना है।कांग्रेस को मजबूत बनाना है ,जिसके लिए हमने अपना एक संगठन बनाया हुआ है। हमारी विधानसभा किसान और मजदूर की विधानसभा है। जहां विकास को लेकर बहुत ज्यादा काम नहीं किया गया है। हमारा प्रयास है कि हम सभी मिलकर कांग्रेस के प्रत्याशी को विजयी बनाएं और कांग्रेस की सरकार लाएं । जिससे क्षेत्र का विकास हो सके। इस पूरी चर्चा में कार्यक्रम संचालक आशीष शुक्ला द्वारा सभी छह दावेदारों से भविष्य की राजनीति को लेकर चर्चा की गई जिसमें उन्होंने स्पष्ट रूप से कांग्रेस की जीत और पार्टी की मजबूती को ही अपने संगठन का आधार बताया।



## श्रीमद्भागवत के 108 परायण पाठ में उमड़ रहा आस्था का सैलाब

### श्री राधा जन्म एवं गोवर्धन पूजा होगी आज

**जबलपुर,यशभारत।** लाल हवेली जबलपुर में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा 108 परायण के पाठ में सोमवार को श्रीराधा जन्म, श्रीकृष्ण की बाल लीलाएं, गोवर्धन पूजन और छप्पन भोग कार्यक्रम आयोजित किया गया है। पिछले कुछ दिनों से हो रहे आयोजन में बड़ी संख्या में भक्तों की भीड़ उमड़ रही है।कथा के दौरान विधायक विनय सक्सेना ने पूजन अर्चन कर वरिष्ठों से आशीर्वाद लिया। आयोजन में अनिल तिवारी, डॉ अरुण रावत संयोजक, सतीश सेठ, राजेश पिपरसानिया, विजय सुहाने एड. उमेश रावत, दिनेश रावत, राजू बांगर, नवीन बड़ेरिया, डॉक्टर पहारिया, दिनेश रावत, अजय गुप्ता और 108 यजमान के साथ रावत परिवार, गहोई वैश्य समाज, राधे राधे परिवार के समस्त सदस्य, संस्कारधानी के समस्त समिति, महिला मंडली युवा मंडली, छोटे-बड़ों ने भागवत कथा का रसपान किया। इस मौके पर विजय सुहाने, एड. अशोक गुप्ता, सुभाष चन्द रावत ,रमेश कुमार रावत, साकेत, सचिन साहू, अरविन्द तिवारी, अंकित भलावी एवं महिला मंडली से विमला रावत ,उषा रावत , ज्योति रावत, सुधा चौरसिया, सध्या गुप्ता, मंजूलता गुप्ता, पार्वती देवी चौधरी, संगीता रावत, श्रीमती रेना रावत, अनीता सेठिया सहित बड़ी संख्या में श्रीकृष्ण भक्त उपस्थित रहे।

## 400 पुलिस जवानों के साथ निकाली तिरंगा यात्रा

**जबलपुर, यशभारत।** स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में मनाये जा रहे आजादी के अमृत महोत्सव एवं हर घर तिरंगा अभियान के तहत जबलपुर पुलिस द्वारा एसपी तुषार कांत विद्यार्थी के नेतृत्व में पैदल तिरंगा यात्रा निकालकर हर घर तिरंगा फहराने एवं लगाने हेतु संदेश दिया गया। इस अवसर पर अधिकारियों सहित 400 जवान शामिल हुए। हर घर तिरंगा अभियान के प्रति जन-जागरूकता जगाने और पूरे हर्षोल्लास के साथ अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर उत्तर/यातायात प्रदीप कुमार शेण्डे, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सूर्यकांत शर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक ओमती पंकज मिश्रा, उप पुलिस अधीक्षक लाईन देवेन्द्र प्रताप सिंह, नगर पुलिस अधीक्षक रांझी विवेक कुमार गौतम की उपस्थिति में पुलिस लाईन परेड ग्राउंड से घंटाघर तक तिरंगा यात्रा रैली निकाली जाकर घर-दुकान-प्रतिष्ठान में तिरंगा लगाने का संदेश दिया गया। तिरंगा यात्रा रैली में रक्षित



राष्ट्रीय पर्व को मनाने के उद्देश्य से लोगों को 13 से 15 अगस्त तक अपने घरों, दुकानों, प्रतिष्ठानों, पर राष्ट्रीय ध्वज लगाने के लिये प्रेरित करने के उद्देश्य से एसपी के नेतृत्व में एडीएम शेर सिंह मीणा, अति. पुलिस अधीक्षक शहर प्रियंका शुक्ला, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शहर दक्षिण कमल मौर्य, निरीक्षक जय प्रकाश आर्य, सूबेदार ललित धुर्वे, सूबेदार ममता तिवारी, प्रतिभा सिंह, रोमा तेकाम, सहायक उप निरीक्षक अवतार सिंह बिस्ट, सहित लगभग 400 की संख्या में जिला पुलिस बल, एसएएफ होमगार्ड, वन विभाग, एनसीसी एवं स्काउट एण्ड गाईड के छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## कैंट पूर्व पार्षद सुंदर अग्रवाल ने कांग्रेस नेता को जान से मारने की धमकी दी-आरोप

### चिंटू चौकसे ने कार्यकर्ताओं के साथ घेरा थाना



**जबलपुर, यशभारत।** केंट के पूर्व पार्षद सुंदर अग्रवाल पर कांग्रेस के युवा नेता को धमकाने की शिकायत गोरखपुर थाने में दर्ज कराई गई है। भाजपा नेता और पूर्व पार्षद पर आरोप लगाया गया है कि उन्होंने बैनर-पोस्टर लगाने पर कांग्रेस के युवा नेता निक्की महावर को जान से मारने की धमकी दी है। कार्यकर्ता को धमकी दिए जाने के मामले में केंट उपाध्यक्ष चिंटू चौकसे कार्यकर्ताओं के साथ गोरखपुर थाने पहुंचे और पूर्व पार्षद पर सख्त कार्रवाई करने के लिए आवेदन दिया। शिकायतकर्ता निक्की महावर ने पुलिस को बताया कि दुकान के सामने 15 अगस्त का बैनर-पोस्टर लगाया गया है जिसको लेकर पूर्व पार्षद सुंदर अग्रवाल और छोटू सतनामी को आपत्ति है। इसी को लेकर फोन कर धमकी दी गई है अगर पोस्टर अलग नहीं किया गया तो जान से मार दिया जाएगा। केंट उपाध्यक्ष चिंटू चौकसे ने कहा कि भाजपा के कार्यकाल में गुंडागर्दी बढ़ गई है, पूर्व पार्षद और भाजपा नेता सुंदर अग्रवाल द्वारा युवा कार्यकर्ता निक्की महावर को फोन पर बैनर अलग नहीं करने पर जान से मारने की धमकी दी जा रही है, पारिवारिक झगड़ा की धौंस दी जा रही है। इस तरह से युवाओं को धमकाकर भाजपा नेता अपना वर्चस्व बनाना चाहते हैं।

## नर्मदा की लहरों में गूंजे देश भक्ति के नारे, बच्चों सहित महिलाएं तिरंगा लेकर उतरीं



**जबलपुर यशभारत।** तेज लहरों को देखकर लोग जहां इसके किनारे पर खड़े होने का साहस नहीं दिखा पाते हैं, वहीं अखंड भारत संकल्प के साथ हाथों में तिरंगा लेकर वंदे मातरम् का नारा लगाते हुए तेज बहाव में कूद गए। ऐसे एक दो नहीं बल्कि बहुत से लोग थे जो तिरंगा लेकर नर्मदा में उतरे थे। ये मौका सोमवार 14 अगस्त को पिछले 15 सालों से आयोजित होने वाली अखंड भारत संकल्प तिरंगा यात्रा का। ये यात्रा जिलहरी घाट ग्वारीघाट से तिलवाराघाट तक करीब 10 किलोमीटर लंबी होती है। इस बार तिरंगा यात्रा में करीब तैराक जिनमें छोटे बच्चों से लेकर महिलाएं, युवा, बुजुर्ग सभी आयु वर्ग के लोग शामिल हुए। यात्रा का उद्देश्य मां नर्मदा के सानिध्य में देश की सीमा पर खड़े सैनिकों का हौसला नारों के साथ बढ़ाना, देश की नदियों और पर्यावरण के संरक्षण के संदेश देना है। साथ ही देश के युवाओं में राष्ट्रभक्ति, भारतीय संस्कृति और सीमाओं कीअखंडता का भाव जागृत करना है। यात्रा पिछले 15 वर्षो से 14 अगस्त की सुबह आयोजित की जा रही।

# स्वतंत्रता दिवस कल: चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर

### शहर में अलग-अलग जगह फहराया जाएगा तिरंगा

**जबलपुर,यशभारत।** स्वतंत्रता दिवस को लेकर जबलपुर पुलिस अलर्ट मोड पर है। 15 अगस्त की सुबह शहर के सभी शासकीय कार्यालयों, प्राइवेट संस्थानों सहित पूरे शहर में अलग-अलग जगह राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया जाना है। पर्व की सुरक्षा की दृष्टि से एसपी तुषारकांत विद्यार्थी के नेतृत्व में पुलिस के साथ बी.डी.डी.एस. टीम ने भीड़भाड़ वाले स्थान, बाजार, धार्मिक स्थल, मॉल, रेल्वे स्टेशन, बस स्टैण्ड, महत्वपूर्ण संस्थान, तथा शासकीय कार्यालयों में चैकिंग की।



जानकारी के अनुसार बी.डी.डी.एस. टीम द्वारा स्नेफर डॉग के साथ मान्नीय उच्च न्यायालय परिसर, पुलिस परेड ग्राउंड, शासकीय कार्यालय, एवं भीड़भाड़ वाले स्थान मॉल, सिविक सेंटर, गोरखपुर मार्केट, सदर मार्केट, उमाघाट, रेल्वे स्टेशन, दीनदयाल बस स्टैण्ड, चौपाटी में चैकिंग की गयी है। इसके साथ ही शहर एवं देहात के सभी थाना प्रभारियों के द्वारा थाना क्षेत्र के होटल, लॉज, धर्मशाला, सराय, रैन बसेरा, डेरे, एवं किरायेदारों की चैकिंग की जा रही है। एसपी श्री विद्यार्थी ने शहरवासियों से अपील की है कि अगर किसी को भी कोई संदिग्ध वस्तु नजर आती है तो वे तत्काल पुलिस को सूचना दें।

## कमला नेहरू नगर पार्क गढ़ा मेन रोड में कल ध्वजारोहण

**जबलपुर ,यशभारत।** कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ का ध्वजारोहण कार्यक्रम 15 अगस्त की सुबह 9.15 बजे कमला नेहरू नगर पार्क गढ़ा मेन रोड पर आयोजित किया जाएगा। इस दौरान राष्ट्रभक्ति गीत प्रतियोगिता आयोजित होगी एवं बच्चों के वक्तव्य भी होंगे ।समारोह के मुख्यअतिथि विधायक विनय सक्सेना होंगे। इस मौके पर वीर शहीद पत्नी सुनीता शुक्ला उनके निवास में कमला नेहरू नगर व्यापारी संघ जाकर सम्मानित करेगा ।वहीं जेडीए आवासीय कार्यालय में भी 15 अगस्त की सुबह तिरंगा फहराया जाएगा।

## पमरे में चल रहे हर घर तिरंगा अभियान को लेकर रेलकर्मियों में भारी उत्साह

**जबलपुर यशभारत।** भारत की स्वतंत्रता की 76वीं वर्षगांठ के ऐतिहासिक अवसर पर स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने के साथ-साथ भारत के स्वर्णिम इतिहास का जश्न एवं राष्ट्रीय त्यौहार को मनाने के लिए, आज़ादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत विभिन्न कार्यक्रमों की श्रृंखला आयोजित की जा रही है।इसी श्रृंखला में 13 अगस्त से 15 अगस्त के बीच हर घर तिरंगा अभियान चलाया जा रहा है, इस अभियान में मुख्यालय जबलपुर सहित तीनों मंडलों के रेल अधिकारियों एवं कर्मचारियों में भारी उत्साह नजर आ रहा है। संपूर्ण पश्चिम मध्य रेलवे में हर घर तिरंगा अभियान को जन जन तक पहुंचाने के लिए जबलपुर, सहित तीनों मंडलों के रेल कर्मचारियों एवं रेल अधिकारियों को तिरंगे झंडे वितरित किए गए।

## नाम सुधार

मैं प्रत्यक्ष श्रीवास्तव उम्र 23 वर्ष पिता आशीष श्रीवास्तव यह घोषणा करता हूं कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम प्रत्यक्ष कुमार श्रीवास्तव दर्ज है परंतु मेरे आधार कार्ड ,पैन कार्ड, बैंक पासबुक शैक्षणिक दस्तावेजों में मेरा नाम प्रत्यक्ष श्रीवास्तव दर्ज है अतः प्रत्यक्ष कुमार श्रीवास्तव एवं प्रत्यक्ष श्रीवास्तव दोनों ही नाम मेरे अर्थात एक ही व्यक्ति के हैं भविष्य में मुझे प्रत्यक्ष श्रीवास्तव के नाम से जाना पहचाना एवं पढ़ा जाए

**सही नाम-प्रत्यक्ष श्रीवास्तव**
**पता-8, किंग अशोका डुप्लेक्स राइट टोंस जबलपुर।**

## श्रीमान जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग क्रमांक 2 जबलपुर

क्रमांक/2022
प्रकरण क्रमांक 180/2023
जबलपुर दिनांक 07.08.2023
पेशी दिनांक 06.10.2023

परिवादी
**विनोद कुमार यादव**
Vs.
अनावेदकगण
**सहारा क्रेडिट कोआपरेटिव सोसाइटी ल्टड**

यह कि प्रार्थी विनोद कुमार यादव उम्र 37 वर्ष पिता श्री महेश प्रसाद यादव निवासी ह. नो.. 130, लेडी चर्च विलेज के पीछे घाना, खमरिया, जबलपुर म. प्र. ने आप

**अनावेदक क्रमांक 2-** सहारा क्रेडिट कोआपरेटिव सोसाइटी ल्टड. के द्वारा मैनेजर/ऑथॉरिज़्ड अफसर, सेक्टर ऑफिस जबलपुर रीजनल ऑफिस, 1209, अपोजिट म.प्र. फाइनेंस कॉर्प, राइट टाउन जबलपुर म.प्र.

**अनोवदक क्रमांक 3-** सहारा क्रेडिट कोआपरेटिव सोसाइटी ल्टड. के द्वारा मैनेजर/ऑथॉरिज़्ड अफसर, गौशाला के पास, मस्ताना चौक, राझी, जबलपुर.

के विरुद्ध अन्तर्गत धारा 35 उपभोक्ता संरक्षण अधिनियम 2019 के तहत विवाद प्रस्तुत किया है अतः आपको फोरम दिनांक 06.10.2023 को 10.30 प्रातः परिवाद का उत्तर देने के लिए द्वारा उपसंजात हाजिर होने के लिए सम्मन जारी किया जाता है। आप फोरम में स्वयं या किसी अधिवक्ता द्वारा उपसंजात हो सकते है जिसे समयक अनुतोष दिये गये है जो इस परिवाद से संबंधित सभी सारवान प्रश्नों का उत्तर दे सके जिसके साथ ऐसा कोई व्यक्ति हो जो ऐसे प्रश्नों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देष भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रति रक्षा के लिखित कथन दखिल करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेजों को जो आपके कब्जे व शक्ति में हो प्रेषित करे जिन पर आपकी प्रतिरक्षा आधारित हो आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई दिनांक को इस न्यायालय में उपस्थित नही होने तो प्रकरण कर एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निराकरण आप की अनुपस्थित में कर दिया जावेगा।

**नोट-** उक्त दिनांक को किसी कारणवश सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है तो प्रकरण की सुनवाई अगले दिन पर की जावेगी।

यह आज दिनांक 7.08.2023 को मेरे हस्ताक्षर वा मुद्रा लगाकर दिया गया है।

जबलपुर
दिनांक 07.8.2023

**पंकज यादव ( अध्यक्ष)**
जिला उपभोक्ता
जिला उपभोक्ता विवाद प्रतितोषण आयोग
क्रमांक 2 जबलपुर

JYOTI INNER ZONE
10% से 20% तक की भारी छूट
LUX COZI | AMUL MACHO | RUPA | JOCKEY | DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura Near Super Market Jabalpur (M.P.) 0761-4038008

पौधे अभी लगायें साल भर में फल खायें
सभी प्रकार के फलदार, शोभायमान, वानिकी पौधों की संपूर्ण श्रृंखला एवं व्यावसायिक प्लांटेशन हेतु
■ खेतों में व्यावसायिक प्लांटेशन ■ टाउन शिप ■ मैरिज गार्डन ■ फार्म हाऊस ■ इनटीट्यूशन
श्री मुकुन्द बायोटेक प्लांट टिश्यू कल्चर लैब ग्राम मजीठा, भेड़ाघाट, उड़ना रोड, जबलपुर
मजीठा नर्सरी पौधों का मेगो मार्ट गायत्री मंदिर द्वार, कृषि उपज के सामने, दमोहनाका रोड, जबलपुर
Mobile: 9300067522, 9300067544, 7089009055

कचनार सिटी, जसूजा सिटी, चैतन्य सिटी में सर्व सुविधा युक्त डुप्लेक्स एवं लक्ष्मी विजयनगर में सिंगल एक्स उपलब्ध है
शीघ्र संपर्क करें मो-9300103737, 9074740022

अनुश्री नेत्र चिकित्सालय एण्ड रेटिना केयर सेन्टर
आयुष्मान भारत योजना उपलब्ध
डॉ. अविजित विश्नोई
M.B.B.S., M.S., OPHTHAL, F.R.F., F.N.N., I.C.O
नेत्र, रेटिना एवं आर.ओ.पी. विशेषज्ञ, न्यूरो ऑप्थल्मोलॉजिस्ट
नौदरा ब्रिज, जबलपुर मो. 76102-76101, 9119-99828
उपलब्ध सुविधायें
• रेटिना (आँख के पर्दे) का लेजर एवं ऑपरेशन से इलाज
• मोतियाबिंद- फेको पद्धति से छोटे चीरे एवं प्रीमियम लेंस का उपचार
• ICL/IPCL-चश्मा से छुटकारे के लिए विशेष लेंस
• न्यूरो-ऑपथल्मोलॉजी
• समय से पहले जन्मे बच्चों की आँखों की जाँच एवं लेजर उपचार
• लेंस से वंचित रह गई मोतियाबिन्द ऑपरेशन वाली आँख में विशेष लेंस प्रत्यारोपण (SFIOL,Lris Claw Lens)

"A name of Quality Education" ESTD-2004
यश नर्सरी हा.से. स्कूल
सीधे 10वीं 12वीं प्राईवेट/ रेगूलर फार्म भरने की सुविधा उपलब्ध।
एडमीशन ओपन
➡ नर्सरी से क्लास फर्स्ट तक टोटल एडमिशन फ्री (लिमिटेड शीट्स)
➡ मिडिल क्लासेस से ही कॉम्पटेटिव एग्जाम की तैयारी
➡ एग्रीकल्चर सहित सभी विषय उपलब्ध है।
ब्रांच - अधारताल/गोहलपुर
नोट-हमारे प्रयास से श्रेष्ठ बच्चों के साथ-साथ कमजोर बच्चे भी बेहतर रिजल्ट लाकर दिखाते हैं। इसलिए हम देते हैं बोर्ड परीक्षाओं में शत् प्रतिशत 100 प्रतिशत रिजल्ट।
ENGLISH & HINDI MEDIUM
हॉस्टल+ बस सुविधा
Dr. Vijay Kant Tiwari (Director)
1. गुलाब टॉवर के सामने, अधारताल तिराहा, जबलपुर- 7987974850, 6263988587, 0761-4020761
2. शंकर पटेल मार्केट, अमखेरा रोड, गोहलपुर चौक, जबलपुर - 9111009016, 0761-4111321
ऑफिस- 8 से 4 बजे तक

## संपादकीय

# दवा निर्माता कंपनियों पर शिकंजा

केंद्र सरकार ने दवा निर्माता कंपनियों पर शिकंजा कसते हुए दो टूक कहा कि आपको एक निश्चित समयसीमा में अपनी गुणवत्ता में सुधार लाना होगा। सरकार ने इसके लिए छोटी और मध्यम दर्जे की दवा निर्माता कंपनियों को एक साल, और बड़ी कंपनियों को छह महीने का समय दिया और कहा कि गुणवत्ता के लिए विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों को अपनाना होगा। सरकार ने भारतीय दवाओं के बारे में मिल रहीं लगातार शिकायतों और भारत में बनी दवाओं से विदेशों में लोगों की मौत तक की घटनाएं सामने आने के बाद यह कदम उठाया है। इसी साल जून में श्रीलंका के दो मरीजों की भारत में बनी एनेस्थेटिक दवाओं के इस्तेमाल से मौत हो गयी थी. श्रीलंका में ही मई में, भारत में बने आई ड्रॉप के कारण लगभग 30 मरीजों की आंखें संक्रमित हो गयीं और 10 को दिखना बंद हो गया. इससे कुछ महीने पहले अमेरिका से भी भारतीय आई ड्रॉप के कारण मरीजों के संक्रमित होने, अंधेपन और मौत होने की खबरें आयी थीं, तब अमेरिका में जांच के दौरान इन दवाओं में एक बैक्टीरिया पाया गया जिस पर दवा का असर नहीं हो रहा था. भारतीय दवाओं की सुरक्षा को लेकर पहली बार गंभीर चिंता पिछले साल प्रकट की गयी थी, तब विश्व स्वास्थ्य संगठन ने अफ्रीकी देश गांबिया में कम से कम 70 बच्चों की मौत का संबंध भारत में बने कफ सिरप से बताया था, जिससे उनकी किडनी को नुकसान पहुंचा था. जाहिर है, इन घटनाओं से ना केवल भारतीय दवाओं बल्कि पूरे भारत की छवि को आघात लगा है. इसी आलोक में जरूरी कदम उठाये जाने की मांग होती रही है. समस्या की गंभीरता का अहसास इस बात से लगाया जा सकता है कि भारत में लगभग 10,500 दवा निर्माता कंपनियां हैं, और इनमें से मात्र 2,000 कंपनियां विश्व स्वास्थ्य संगठन के मानकों को पूरा करती हैं. मानकों का पालन नहीं करने वाली ज्यादातर कंपनियां छोटी और मध्यम स्तर की हैं. भारत में ड्रग्स एंड कॉस्मेटिक्स एक्ट 1940 के तहत शेड्यूल एम नामक प्रावधान शामिल किया गया था, जिसमें दवा निर्माण के दौरान गुणवत्ता रखने की बात है. वर्ष 2018 में इसमें संशोधन हुआ. लेकिन, यह प्रावधान अनिवार्य नहीं है, यानी सुझाया गया है. केंद्र सरकार ने अब ऐसे संकेत दिये है कि यदि दवा कंपनियों ने स्वयं पहल नहीं की, तो इन नियमों को अनिवार्य कर दिया जायेगा. दवाएं चाहे विदेशों में इस्तेमाल के लिए हों या भारत में, उनकी सुरक्षा और गुणवत्ता सुनिश्चित होनी चाहिए. भारत दुनिया में जेनरिक दवाओं का सबसे बड़ा उत्पादक है। एक बड़ा दवा उत्पादक देश होने के नाते भारत की दवा कंपनियों की जिम्मेदारी भी उतनी ही बड़ी होनी चाहिए।

## दृष्टिकोण

### 14 अगस्त 1947 -आँसुओं और रक्त की धारा में भारत विभाजन की त्रासदी

# ढाई हजार साल में 24 विभाजन हुये भारत के

संसार में भारत अकेला ऐसा देश है जिसका इतिहास यदि सर्वोच्च गौरव से भरा है तो सर्वाधिक दर्द से भी । यह गौरव है पूरे संसार को शब्द और गणना के अंक ही नहीं अपितु ज्ञान विज्ञान से अवगत कराने का । और दर्द है निरंतर आक्रमणों और अपनी धरती के हुये विभाजन का । बीते ढाई हजार वर्षों में 24 और 1873 से 1947 के बीच केवल सत्तर सालों में सात विभाजन हुये ।

आज स्वतंत्र भारत का जो स्वरूप और सीमा हम देख रहे हैं वह उसके अतीत के गौरव का दस प्रतिशत भी नहीं है । वैदिक संस्कृति से आलोकित इस भूभाग का नाम जंबूद्वीप था । समय के साथ कभी आर्यावर्त है तो कभी भारतवर्ष भी नाम रहा । हिमालय इसके मध्य में था । जिसके शीर्ष का नाम गौरीशंकर था । अंग्रेजों ने उसका नाम एवरेस्ट कर दिया । नेपाल, भूटान, श्रीलंका, मालदीव, म्यांमार तिब्बत, पाकिस्तान और बंगलादेश ही नहीं कम्बोडिया, ईराक, ईरान और इंडोनेशिया भी कभी भारत का अंग रहें हैं। तब कम्बोडिया का नाम कम्बोज और इंडोनेशिया का नाम दीपान्तर था ।

संसार के लगभग सभी देशों में प्राचीन भारतीय संस्कृति और परंपरा के प्रमाण मिलते हैं। उनकी लोकभाषा में संस्कृत के शब्द भी सरलता से मिल जाते हैं । इसके दो कारण हैं। एक तो वह भूभाग जो भारतवर्ष का अंग रहा और दूसरा देशाटन से संस्कृति पहुँची। भारत की विशालता को समझने के लिये वह एक मंत्र ही पर्याप्त है जो आज भी पूजन के संकल्प में दोहराया जाता है- च्जम्बू द्वीपे भारतखंडे आर्यावृत देशांतर्गतेज. अर्थात जम्बू द्वीप के अन्तर्गत भरतखंड और भरत खंड के अंतर्गत आर्यावर्त..

यदि हम वैदिक कालीन जम्बू द्वीप को देखें तो यह चारों ओर खारे समुद्र जल से घिरा हुआ है । इसे हम आज का ऐशिया महाद्वीप कह सकते हैं। इसके अंतर्गत भारतवर्ष। वैदिक काल भारतवर्ष कुल चार साम्राज्य में विभाजित था । पहला आनर्त, साम्राज्य नर्मदा से नीचे समुद्र पर्यंत। श्रीलंका आदि इसी के अंतर्गत थे । दूसरा ब्रह्मवर्त, यह नर्मदा से गंगा के बीच का भाग, तीसरा आर्यावर्त, यह गंगा से हिमालय पर्यंत, और चौथा पर्सवर्त। पर्सवर्त साम्राज्य ही आगे चलकर पारस साम्राज्य के नाम से जाना गया । सिकन्दर के भारत पर आक्रमण के समय इसका नाम पारस साम्राज्य ही था और वहाँआर्य वैदिक संस्कृति जीवन्त थी । आजकल यह क्षेत्र ईराक ईराक आदि के नाम से जाना जाता है । निसंदेह आर्यावर्त ज्ञान विज्ञान और अनुसंधान का केन्द्र था पर समूचा भारत आर्यावर्त नहीं था । विभिन्न जीवन शैलियाँ अपने अपने ढंग से विकास कर रहीं थीं। लेकिन आर्य कोई नस्ल नहीं थी एक जीवन शैली थी इसलिए कहा ऋग्वेद में विश्व को आर्य बनाने का संकल्प है

ऋग्वेद (10/75) में आर्य निवास में प्रवाहित होने वाली जिन नदियों का वर्णन मिलता है, उनमें कुभा (काबुल नदी), क्रुगु (कुर्रम), गोमती, सिंधु, परुष्णी (रावी), शुतुद्री (सतलज), वितस्ता (झेलम), सरस्वती, यमुना तथा गंगा के नाम हैं । यह क्षेत्र गंगा से हिमालय पर्यन्त ही ठहरता है ।

इंडोनेशिया में तेरहवीं शताब्दी तक वैदिक आर्य और बौद्ध धर्म था । इंडोनेशिया में पुराने राजवंशों के जो नाम मिलते हैं उनमें श्रीविजय, शैलेन्द्र, माताराम जैसे नाम मिलते हैं। सुमात्रा में नौवीं शताब्दी तक वैदिक आर्य परंपरा रही है । यही स्थिति वियतनाम और कंबोडिया की है । इन देशों में पुराने राजवंशों के नाम सनातनी परंपरा के रहे हैं। लेकिन यह सब पिछले ढाई हजार वर्षों में भारत से दूर हुये ।

यदि हम बहुत पुरानी बात न करें केवल 1876 के बाद की बात करें तो 1876 से 1947 के बीच कै कुल इकहत्तर वर्षों में भारत के कुल सात विभाजन हुये और भारत का दो तिहाई हिस्सा पराया हो गया । अफगानिस्तान, श्रीलंका, म्यामार आदि सब इसी अवधि में भारत से अलग हुये । इसकी भूमिका 1857 की क्रान्ति से बन गई थी । अंग्रेजों के शासन का सिद्धांत च्बाँटों और राज करोज्‍ था । इसलिए उन्होंने विशाल भारतीय साम्राज्य को बांटना आरंभ किया और चारों ओर बफर स्टेट बनाना आरंभ किया ।

1876 में अफगानिस्तान को भारत से अलग किया, 1906 में भूटान को, 1935 में श्रीलंका को, 1937 में वर्मा यनि म्यांमार और 1947 पाकिस्तान के रूप में भारत की धरती पर एक नये देश का उदय हुआ । जो 1971 में विखंडित होकर पाकिस्तान के भीतर से बंगलादेश का उदय हुआ । 1857 की क्रांति भले असफल हो गई थी पर इसके बाद अंग्रेजों ने अपनी सत्ता को सशक्त और स्थाई बनाने के अनेक उपाय किये । पुलिस आदि की व्यवस्था करके न केवल जाति धर्म और भाषा के नाम से विभाजन आरंभ किया अपितु देशात्मक सत्ता के रूप में विभाजन आरंभ किया । ताकि यदि किसी एक क्षेत्र में कमजोर होते हों तो दूसरे क्षेत्र की सेना से नियंत्रित कर सकें। इसीलिये उन्होंने भारत के विभाजन की शुरुआत की । 1876 में भारत का कुल क्षेत्रफल 83 लाख वर्ग किलोमीटर था । जो धीरे-धीरे घटकर अब केवल 33 लाख वर्ग किलोमीटर रह गया । यनि यदि पुराने इतिहास की बात न करें केवल 1874 से 1947 के बीच की बात करें तो इसी अवधि में भारत का पचास लाख वर्ग किलोमीटर धरती पराई हो गयी । भारत का अंतिम विभाजन 14 अगस्त 1947 को हुआ । इसलिये भारत में 14 अगस्त अखंड भारत दिवस के रूप में मनाया जाता है । भारत में बड़ी संख्या में करोडों लोग हैं जो यह मानते हैं कि पूजा पद्धति बदलने से न तो पूर्वज बदलते हैं और न राजनैतिक परिस्थितियां बदलने से राष्ट्र भाव बदलना चाहिए । इसलिये यह समूह आज भी पाकिस्तान, बंगलादेश, नेपाल, म्यामार, श्रीलंका, तिब्बत आदि प्रति अपनत्व का भाव रखता है । भारत में ऐसे अनेक सामाजिक संगठन और करोड़ो लोग हैं जो यह आशा करते हैं कि भारत कभी न कभी अखंड अवश्य होगा । इसीलिए समय समय प्रसार माध्यमों में अखंड भारत की ध्वनि सुनाई देती है । इसीलिए भारत के अंतिम विभाजन दिवस 14 अगस्त को अखंड भारत दिवस मनाने के पीछे के भाव भी यही है कि समाज को भारत राष्ट्र के वैभव का स्मरण रहे । और उसकी संकल्पना ही शक्ति बनकर भारत राष्ट्र को अखंडता की ओर अग्रसर कर सके ।

**-रमेश शर्मा**

# अखंड भारत, श्रेष्ठ भारत, सर्वश्रेष्ठ भारत

**14 अगस्त अखंड भारत स्मृति दिवस पर विशेष**

अखंड भारत, श्रेष्ठ भारत, सर्वश्रेष्ठ भारत हम सबकी अभिकल्पना है। सारगर्भित, अखण्ड भारत महज सपना नहीं, श्रद्धा, तपस्या, निष्ठा और जीता-जागता शरीर है। जिन आंखों ने भारत को भूमि से अधिक माता के रूप में देखा हो, जो स्वयं को इसका पुत्र मानता हो। वन्देमातरम् जिनका राष्ट्रघोष और राष्ट्रगान हो, ऐसे असंख्य अंतःकरण मातृभूमि के विभाजन की वेदना को कैसे भूल सकते हैं। अखण्ड भारत के संकल्प को कैसे त्याग सकते हैं? किन्तु लक्ष्य के शिखर पर पहुंचने के लिए यथार्थ की कंकरीली-पथरीली, कहीं कांटे तो कहीं दलदल, कहीं गहरी खाई तो कहीं रपटीली चढ़ाई से होकर गुजरना ही होगा। यात्रा को शुरू करने से पहले उस यथार्थ को पूरी तरह जानना-समझना ही होगा।

सवाल दर सवाल भारत क्या है? क्या वह भूगोल है? क्या इतिहास है या कोई सांस्कृतिक प्रवाह है? यदि भूगोल है तो उस भूगोल को भारत कब मिला, किसने दिया? भूगोल तो पहले भी था पर तब वह भारत क्यों नहीं था? तब उसका नाम क्या था? भारत की अखंडता का अर्थ क्या है? यदि कोई भौगोलिक मानचित्र है जिसे हम अखंड देखना चाहते हैं तो प्रश्न उठेगा कि उसकी सीमाएं क्या हैं? क्या हम ब्रिटिश भारत की अखंडता चाहते हैं या सातवीं शताब्दी में चीनी यात्री हुएन सांग के समय के भारत की, जिसमें आज का अफगानिस्तान और मध्य एशिया का ताशकंद-समरकंद क्षेत्र भी सम्मिलित था? या उसके भी पहले के भारत की, जिसे पुराणों में नवद्वीपवती कहा है, जिसके श्रीलंका, बर्मा, थाईलैंड, जावा, सुमात्रा, बाली, मलेशिया, फारमूसा और फिलीपीन जैसे अनेक द्वीप अंग थे? भारत नाम की भौगोलिक सीमाओं के संकुचन और विस्तार का रहस्य क्या है? उसका आधार क्या है?

भारत बना कैसे? क्या भारत एक दिन में बन गया या उसके पीछे हजारों साल की इतिहास यात्रा विद्यमान है? प्राचीन साहित्यिक स्रोत बताते हैं कि कभी इस भौगोलिक खण्ड को केवल हिमवर्ष कहते थे, फिर उसे पृथिवी, अजनाम वर्ष और जम्बूद्वीप जैसे नाम मिले। मौर्य सम्राट अशोक को सकल जम्बूद्वीप का राजा कहा गया। आगे चलकर हमारे संकल्प-मंत्र में जम्बूद्वीपे भरत खंडे भारतवर्षे आर्यावर्ते कुरुक्षेत्रे...ज्ज जैसे भौगोलिक नामों को गिनाया गया। जिसके अनुसार जम्बूद्वीप भरतखंड अर्थात् भारतवर्ष से बड़ी भौगोलिक इकाई है और भारतवर्ष आर्यावर्त से, आर्यावर्त कुरुक्षेत्र से बड़ा है। इन भौगोलिक रिश्तों का आधार क्या है? ये एक-दूसरे से जुड़ते कैसे चले गए? इन्हें परस्पर जोड़ने वाली इतिहास यात्रा की प्रेरणा क्या है, लक्ष्य क्या है और उसका वाहक या माध्यम कौन है? निश्चय ही यह वही संस्कृति है जिसका स्रोत वेदों को माना जाता है और जिसका भौतिक शरीर अब पुरातात्विक खुदाइयों में सरस्वती के लुप्त प्रवाह के किनारे-किनारे हरियाणा से गुजरात के समुद्रतट तक प्रगट हो रहा है।

पुराणें हमें भारत नाम की उत्पत्ति, उसकी भौगोलिक सीमाओं, उसके नदी प्रवाहों, पर्वतों, नगरों और आसेतु हिमाचल बिखरे जनपदों का परिचय देते हैं। विष्णु पुराण कहता है कि भारत वर्ष में ही चार युग (कृत, त्रेता, द्वापर और कलि) होते हैं अन्यत्र कहीं नहीं। इसी देश में परलोक के लिए मुनिजन तपस्या करते हैं, याज्ञिक लोग यज्ञानुष्ठान करते हैं और दान देते हैं। जम्बूद्वीप में भी भारत वर्ष सर्वश्रेष्ठ है क्योंकि यह कर्मभूमि है। अन्य देश केवल भोग भूमियां हैं। जीव को सहस्रों जन्मों के अनन्तर महान पुण्यों का उदय होने पर ही इस देश में जन्म प्राप्त होता है। मनुष्य तो मनुष्य स्वर्ग के देवता भी एक ही गीत गाते हैं कि धन्य हैं वे जिन्हें भारत भूमि में जन्म मिला, क्योंकि वहां स्वर्ग और अपवर्ग दोनों को प्राप्त कराने वाला कर्म पथ उपलब्ध है। विष्णु पुराण भारत को मोक्ष भूमि व कर्म भूमि कहता है।

इस भूमि पर अनेक बोलियां बोलने वाले और अनेक आचार-विचार को मानने वाले लोग रहते हैं पर यह भूमि माता अपने उन सब पुत्रों को समान रूप से दूध पिलाती है। वह मेरी माता है, मैं उसका पुत्र हूं। कृतज्ञता से भरे भारतीय मन ने माता-भूमि सम्बन्ध के द्वारा अपने को इस भूमि से मान लिया। इसके कण-कण में अपनी श्रद्धा के बीज बोये जिनमें से एक विशाल तीर्थ मालिका का जन्म हुआ। यह मातृभूमि के प्रति भक्ति की अनेक मुखी विविधता को बांधने वाला सूत्र बन गयी। भारत ने प्रत्येक व्यक्ति को अपनी रुचि, प्रकृति के अनुकूल इष्ट देवता और उपासना पद्धति को चुनने की छूट दी।

इस प्रकार भारत माता के प्रति पुत्र भाव और एक श्रेष्ठ जीवन दर्शन के प्रति अस्था ने ही हमारी सब विविधताओं को एक सूत्र में बांधे रखा है। इसी को राष्ट्र-धर्म कहते हैं। भूमि के प्रति भक्ति का यह भाव सांस्कृतिक प्रवाह के साथ-साथ आगे बढ़ता गया। संस्कृति और भारत एकरूप हो गए। इसीलिए भारतवर्ष की व्याख्या ब्राह्मावर्त, ब्राह्मर्षि देश, मध्य देश, आर्यवर्त, कन्याकुमारी से हिमालय तक के कुमारी खंड से आगे बढ़कर नवद्वीपवती तक पहुंच गयी। भारत ने बृहत्तर भारत का रूप धारण कर लिया।

**-हेमेन्द्र क्षीरसागर**

## आपका राशिफल 14 अगस्त

**शुभांक - 9,1,2**


पं. लोकेश व्यास

- **मेष** — संतान की प्रगति होगी शारीरिक स्वास्थ्य उत्तम रहेगा
- **वृष** — शारीरिक अस्वस्थता और आलस्य भरा दिन रहेगा योजनाओं पर अमल करना आज कठिन है
- **मिथुन** — विरोधियों से बहस करने से बचे व्यर्थ चिंता रहेगी
- **कर्क** — शारीरिक और मानसिक रूप से प्रसन्नता रहेगी आर्थिक वृद्धि होने का योग है
- **सिंह** — भाग्य का साथ मिलेगा सोचे हुए कार्य पूर्ण होंगे
- **कन्या** — मित्रों और संबंधियों से सहयोग प्राप्त होगा कहीं जाने की योजना को टा लना हितकर साबित हो
- **तुला** — ऑफिस में लिया गया महत्वपूर्ण निर्णय भविष्य के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है
- **वृश्चिक** — जरूरी सामान खरीदने की योजना बना सकते हैं शेयर मार्केट में निवेश सोच समझकर करें
- **धनु** — घूमने फिरने के दौरान कोई महत्वपूर्ण जानकारी प्राप्त कर सकते हैं जो भविष्य के लिए फायदेमंद होगी
- **मकर** — बिना मांगे सलाह देने से बचें व्यर्थ की चिंता मानसिक तनाव देगी
- **कुंभ** — आप नए दोस्त बन सकते हैं आत्मविश्वास में रहकर काम करें सफलता मिलेगी
- **मीन** — मीन आराम करने के लिए समय निकालें स्वास्थ्य पर ध्यान दें

राशिफल चंद्रमा और नक्षत्रीय गणना अनुसार लिया गया है अपने भविष्य की जानकारी के लिए संपर्क करें
ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास
संपर्क - 9009074786

# 101 लोगों ने अंगदान का लिया संकल्प



**जबलपुर,यशभारत।** रोटरी क्लब में विश्व अंगदान दिवस के अवसर पर विजन जबलपुर के नेतृत्व में 101 लोगों ने अंगदान संकल्प भरकर पीड़ित मानवता की सेवा का संकल्प लिया। यह कार्यक्रम स्व. सुभाषचन्द्र बैनजी को उनके जन्म शताब्दी समारोह की पूर्व संध्या पर समर्पित किया गया और उनके अनुकरणीय व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डाला गया। इस मौके पर जयश्री बैनर्जी पूर्व सांसद, मेडिकल यूनिवर्सिटी के कुलपति डॉ. अशोक खण्डेलवाल, मेडिकल कालेज की डॉ. गीता गुईन, यूरोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. फणीन्द्र सोलंकी, जबलपुर अस्पताल के डायरेक्टर डॉ. राजेश धीरावाणी, विजन जबलपुर के सभी सदस्य,रोटरी क्लब के प्रेसीडेंट नितिन पालीवाल एवं आयोजक संस्था विजन जबलपुर के अध्यक्ष राजेन्द्र सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन मिताली बैनर्जी ने और धन्यवाद ज्ञापन राजेन्द्र सिंह ने किया।

# करा‍टे प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने दिखाया हुनर

**जबलपुर,यशभारत।** उत्तरमध्य विधानसभा अंतर्गत 21वीं अंतर शालेय जिला कराटे प्रतियोगिता जिला शिक्षा अधिकारी जबलपुर एवं महर्षि विद्या मंदिर स्कूल विजय नगर के संयुक्त तत्वाधान में आयोजित की गई जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा नेता राहुल जैन उपस्थित रहे। कराटे प्रतियोगिता में प्रतिभागियों ने उत्साह दिखाते हुए हिस्सा लिया और अपने-अपने हुनर को प्रदर्शित किया।



# शासन, प्रशासन के सौतेलेपन का अभिशाप झेल रहा केसली ग्राम पंचायत का वार्ड क्रमांक-20

**सागर केसली, यशभारत।** केसली में उखड़ी हुई सड़क, रास्ते पर इधर-उधर बिखरे नल-जल योजना के पाइप कचरे से भरा पड़ा नाडेफ और जहां-तहां फैली गंदगी यह हाल-ए-बयां है जनपद मुख्यालय और ग्राम पंचायत केसली के वार्ड 20 का. तमाम शिकायतों और नाराजगी व्यक्त करने के बावजूद ग्राम पंचायत ने कभी इस ओर ध्यान देने की जहमत नहीं की है. आदिवासी बाहुल्य इस वार्ड के हालात हमेशा से ही दयनीय रहे हैं. यहां के बुरे हालातों का अंदाजा इससे लगाया जा सकता है कि बरसात के दिनों में भी यहां की महिलाएं दूर-दराज से पानी लाने को मजबूर हैं. उल्लेखनीय है कि यहां नल-जल योजना के तहत पाइप लाइन डालकर शासन-प्रशासन ने इतिश्री कर ली है. नल-जल योजना के लिए खोदी गई सड़क को सही तरीके से नहीं भरे जाने से आए दिन लोग हादसों का शिकार हो रहे हैं. नाडेफ बनने के बाद से कभी भी उसे खाली नहीं कराया गया है. परिणाम स्वरूप लोग सुबह नाडेफ में कचरा डालकर जाते हैं और दोपहर तक सारा कचरा हवा के साथ घरों तक पहुंच जाता है. वहीं नाडेफ से आने वाली बदबू और चारों ओर पसरी गंदगी बीमारियों को न्यौता दे रही है. नालियों की सफाई पर भी सालों से ध्यान नहीं दिया गया है. वार्ड वासियों को किसी भी मंगलिक कार्य का आयोजन करने सालों पहले एक मंगलभवन बनाया गया था. इसमें लाइट, पानी और शौचालय की सुविधाएं नहीं हैं. सुविधाएं मुहैया कराने के उलट इस भवन से सटकर नाडेफ बना दिया गया है. ऐसे में चाहकर भी कोई नागरिक यहां मंगलिक कार्यक्रम नहीं कर सकता. इसके अलावा रखरखाव और मरम्मत के आभाव में खस्ताहाल हो चुका यह भवन कभी भी ढह सकता है और आगामी कुछ ही वर्षों भवन जमींदोज हो जाएगा।





कहते हैं पहला प्यार कभी भुलाया नहीं जाता फिर पता नहीं लोग क्यों अपने मां बाप का प्यार भूल जाते हैं। मुफ्त में सिर्फ मां बाप का ही प्यार मिलता है। इसके बाद दुनिया में हर रिश्ते के लिए कुछ न कुछ चुकाना पड़ता है। मंदिरों की जिन मूर्तियों कोहमने बनाया है हम उनकी पूजा तो करते हैं पर जिन्हों हमें बनाया हम उन मां बाप की पूजा क्यों नहीं करते।

**-मुनिश्री तरुण सागर**

## फिल्म वर्ग पहेली- 6242



# बंद के लिए किया जन जागरण सघन संपर्क



**सिहोरा, यशभारत।** एक-एक दुकान और संस्थान से सिहोरा जिला के समर्थन में बंद का आह्वान कर लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति ने सिहोरा में एक बार फिर वर्ष 2000 जैसा माहौल बना दिया।16 अगस्त से होने वाले अनिश्चितकालीन बंद के लिए संपूर्ण सिहोरा खितौला के व्यापारी एकजुट हो सामने आ रहे है। लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के अनिल जैन विकास दुबे कृष्ण कुमार कुररिया ने दावा किया कि अब सिहोरा जाग उठा है सरकार से जिला की मांग पूरी कराने अब यह संघर्ष किसी भी हद तक जा सकता है।

**रोज सघन संपर्क,-** समिति के विकास दुबे मानस तिवारी सुशील जैन ने बताया कि 16 अगस्त से होने वाले अनिश्चितकालीन बंद के लिए दिन रात संपर्क अभियान चलाया जाएगा और आगामी 15 अगस्त को सिहोरा स्वाभिमान यात्रा निकालकर जन जागरण के साथ बंद की नीव रखी जाएगी। 23 वर्ष पहले की यादें ताजा - जैसे ही सिहोरा में अनिश्चितकालीन बंद की चर्चाएं प्रारंभ हुई लोगों ने वर्ष 2000 में हुए आंदोलन की चर्चाओं का दौर प्रारंभ हो गया ।विदित हो कि 23 साल पहले वर्ष 2000 में भी सिहोरा को जिला बनाने के लिए इसी तरह के अनिश्चितकालीन बंद का आह्वान हुआ था।

यश भारत
नये जमाने के साथ..
क्लासीफाइड (वर्गीकृत विज्ञापन)
• आवश्यकता • प्रापर्टी • लोन • मकान •
• दुकान/आफिस खरीदना बेचना •
• ज्योतिष • शिक्षण • ट्रेवल्स व अन्य •

| 1 माह | 15 दिन | 7 दिन | 3 दिन | 1 दिन |
|---|---|---|---|---|
| Rs.1800/- | Rs.1200/- | Rs.500/- | Rs.250/- | Rs.150/- |

व्यवसाय बढ़ायें-समाधान पायें यशभारत के साथ
भवन नामांतरण • आम सूचना • इश्तहार • गुमशुदा • नाम सुधार • जन्मदिन
बुकिंग हेतु संपर्क करें मो. : 9407348995 , 9425160507
e-mail : jabalpur@yasshbharat.com

# स्कूल शिक्षा विभाग में स्थानांतरण आदेश की अनदेखी, गुपचुप हो रही पदस्थापना

**भोपाल , यशभारत। स्कूल शिक्षा विभाग में स्थानांतरण और पदोन्नति के लिए बनाए गए नियमों का पालन नहीं किया जा रहा है। नियमानुसार स्थानांतरण की प्रक्रिया आनलाइन होनी है, लेकिन आफलाइन आदेश जारी किए जा रहे हैं। आठ अगस्त को आफलाइन आदेश जारी कर सात दिन में कार्यभार ग्रहण करने के लिए कहा गया। वहीं विवादों में घिर चुकी प्रभार के मामले में वरिष्ठता की प्रक्रिया में कनिष्ठ व वरिष्ठों का भी ध्यान नहीं रखा गया है।**



इस मामले में शिक्षक संगठन पूरी प्रक्रिया को फिर से करने की मांग कर रहे हैं। दरअसल, स्कूल शिक्षा विभाग में वरिष्ठ पदों पर प्रभार देने की प्रक्रिया चल रही है। नियमानुसार वरिष्ठ पदों का प्रभार देने के बाद नई जगह पदस्थापना होना है। इसके आदेश आनलाइन पोर्टल पर ही जारी किए जाएंगे। दूसरी तरफ विभाग से 13 अगस्त को होने वाली काउंसलिंग की प्रक्रिया से पहले आफलाइन आदेश जारी कर पदस्थापना कर दी गई है। विभाग ने प्राचार्य कैडर में करीब 175 लोक सेवकों को वरिष्ठता देकर नई नवीन पदस्थापना की है, जबकि स्थानांतरण नीति जारी करते समय तय यह हुआ था कि सभी आदेश एक साथ और आनलाइन ही जारी किए जाएंगे, ताकि पारदर्शिता बनी रहे।

## बाबूगीरी कर रहे प्राचार्यों को वरिष्ठता

विभाग ने 77 प्राचार्य कैडर की वरिष्ठता सूची जारी की है। इनमें जो नाम शामिल हैं वे सभी राज्य शिक्षा केंद्र, लोक शिक्षण संचालनालय, डाइट, डीईओ कार्यालय आदि में पदस्थ हैं। यही नहीं ये यहां कई सालों से हैं। इन्हें हाईस्कूल प्राचार्य से हायर सेकंडरी की वरिष्ठता का प्रभार देकर उसी कार्यालय में पदस्थ किया गया है। जबकि इन प्राचार्यों को प्रदेश भर में खाली पड़े जिलों के स्कूलों में पदस्थापना दी जानी चाहिए थी। शिक्षक संगठनों का कहना है कि वरिष्ठता का प्रभार खाली पदों पर पदस्थापना दी जाती है। जब मुख्यालय में यह लोकसेवक बाबूगीरी कर रहे हैं और पद खाली नहीं हैं तो इन्हें वरिष्ठता किस आधार पर दी गई है।

## इनकी पदस्थापना गुपचुप करा ली गई

राजधानी स्थित शासकीय नवीन कन्या विद्यालय की व्याख्याता नूतन त्रिपाठी को उच्च प्रभार देकर डाइट भोपाल में पदस्थापना दी गई है। इसके अलावा शासकीय उमावि के व्याख्याता गोविंद गुप्ता को डाइट भोपाल में उच्च प्रभार देकर पदस्थ किया गया है। इसी तरह डीपीआइ में पदस्थ सरिता जैन, शैलेष कुमार वर्मा, प्रमिल रावत, चंद्रशेखर सोलंकी, वर्षा राजीव, संजीव जैन, विनीता खरे, अजित श्रीवास्तव को उच्च प्रभार देकर वहीं पदस्थ कर दिया गया है। राज्य शिक्षा केंद्र की आशीष भारती को चुपचाप उच्च प्रभार दे दिया गया।

" नियमानुसार पदोन्नति और पदस्थापना दी जा रही है। अगर कोई शिकायत मिलती है तो कार्रवाई करेंगे।

**- इंदर सिंह परमार, स्कूल शिक्षा राज्य मंत्री**

शासन पूरी प्रक्रिया आनलाइन और च्वाइस फिलिंग कर रहा था। अब अचानक से आफलाइन आदेश जारी कर पूरी प्रक्रिया को संदेह के घेरे में ला दिया है।

**- उपेंद्र कौशल, कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष, शासकीय शिक्षक संगठन**

## उर्दू में 90प्रश से अधिक अंक लाने वाले 10वीं और 12वीं के विद्यार्थी होंगे पुरस्कृत

भोपाल यशभारत। उर्दू अकादमी ने प्रदेश के हाई स्कूल, हायर सेकेण्ड्री और उर्दू अकादमी की उर्दू कक्षा के विद्यार्थियों को उर्दू में अधिक अंक प्राप्त कर उत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार देने का निर्णय लिया है। उत्तीर्ण छात्र और छात्राएं जिन्होंने 2023 की परीक्षा में सम्मिलित हो कर उर्दू विषय में 90 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त किये है उन्हे पुरुस्कृत किया जायेगा। सभी पात्र मेघावी विद्यार्थियों में से सबसे अधिक अंक प्राप्त करने वाले को प्रथम पुरस्कार 2 हजार रूपये , द्वितीय पुरस्कार 1 हजार 500 रूपये दिए जायेंगे। शेष सभी को तृतीय पुरस्कार के रूप में 1 हजार रूपये की राशि प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही प्रमाण-पत्र भी प्रदान किये जायेंगे।प्रदेश के सभी छात्र-छात्राओं एवं विद्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि उर्दू कक्षा, हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्ड्री स्कूल की परीक्षा में उर्दू विषय में अधिक अंक प्राप्त करके उत्तीर्ण हुऐ छात्र-छात्रायें अपनी सत्यापित अंक सूची, बैंक पास बुक के प्रथम पृष्ठ की छाया प्रति, मोबाईल नं0 एवं पूरा पता 30 सितम्बर, 2023 तक मध्यप्रदेश उर्दू अकादमी संस्कृति विभाग के कार्यालय, मुल्ला रमूजी संस्कृति भवन, बाणगंगा रोड, भोपाल को भेजें तथा अन्य जानकारी अकादमी के फोन नं0 0755-2551691 से प्राप्त की जा सकती है।

## » न्यूज गैलरी

### 15 अगस्त से पूर्वी मप्र में शुरू हो सकता है वर्षा का सिलसिला

भोपाल, यशभारत। वर्तमान में मध्य प्रदेश के मौसम को प्रभावित करने वाली कोई मौसम प्रणाली सक्रिय नहीं है। मानसून द्रोणिका भी हिमालय की तलहटी में पहुंच गई है। इस वजह से मानसून की गतिविधियां लगभग थम गई हैं। मौसम विज्ञानियों के मुताबिक हवा का रुख अभी पश्चिमी बना हुआ है। अरब सागर से आ रही नमी के कारण रविवार को इंदौर, भोपाल, नर्मदापुरम, उज्जैन संभाग के जिलों में कहीं-कहीं बौछारें पड़ सकती हैं।

मौसम विज्ञान केंद्र के मौसम विज्ञानी पीके विश्वकर्मा ने बताया कि वर्तमान में बिहार के आसपास हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। इस चक्रवात से लेकर एक द्रोणिका मणिपुर एवं दूसरी द्रोणिका बंगाल की खाड़ी तक बनी हुई है। मानसून द्रोणिका हिमालय की तलहटी में पहुंच गई है। पाकिस्तान और उससे लगे पंजाब के आसपास एक पश्चिमी विक्षोभ बना हुआ है। इसके अतिरिक्त बंगाल की खाड़ी में आंध्रा के तट पर भी हवा के ऊपरी भाग में एक चक्रवात बना हुआ है। मौसम विज्ञान केंद्र के पूर्व वरिष्ठ मौसम विज्ञानी अजय शुक्ला का कहना है कि अलग-अलग स्थानों पर बनी इन मौसम प्रणालियों का फिलहाल मध्य प्रदेश के मौसम पर विशेष असर नहीं पड़ रहा है। इस वजह से प्रदेश में फिलहाल मानसून की गतिविधियां शिथिल बनी हुई हैं।

### पुलिस ने स्पा सेंटर में छापा मारा, नगालैंड की युवती समेत सात गिरफ्तार

भोपाल,यशभारत। महिला थाना पुलिस ने नाबालिग लड़कियों से देह व्यापार कराने की सूचना के बाद शुक्रवार की रात शाहपुरा स्थित त्रिलंगा में ओशियन नाम के स्पा सेंटर ने में छापा मारा। जहां से नगालैंड की रहने वाली एक महिला मैनेजर सहित पांच युवतियों समेत सात को गिरफ्तार किया गया। इनमें स्पा सेंटर के मालिक और एक नौकर भी शामिल थे। सभी सात आरोपितों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया गया है। शनिवार को उन्हें थाने से ही जमानत पर छोड़ दिया गया। महिला थाना प्रभारी शिल्पा कौरव ने बताया कि एक एनजीओ की ओर से शुक्रवार रात सूचना मिली कि ओशियन स्पा सेंटर त्रिलंगा में देह व्यापार कराया जा रहा है। इस स्पा में दो नाबालिग लड़कियों से भी अनैतिक काम कराया जा रहा है। सूचना के बाद में महिला थाने की टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की। वहां पर कोई ग्राहक नहीं मिला। तलाशी के दौरान वहां मैनेजर सहित पांच युवतियां मिली। सभी को हिरासत में लिया गया, तलाशी में स्पा से आपत्तिजनक सामग्री भी मिली है। पूछताछ में युवतियों ने स्पा में चलने वाली अनैतिक गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। जो स्पा का मालिक गौरव राठौर और उसका नौकर प्रिंस ठाकुर कराता था। प्रिंस ठाकुर स्पा में ग्राहकों को लाने का काम करता था। शहर के कई रसूखदार उसके संपर्क में थे। देर रात तक स्पा के बाहर लग्जरी कारों का जमावड़ा रहता था। इससे स्थानीय रहवासी भी परेशान हो चुके थे।

### मप्रमें पांच लाख विद्यार्थियों को मिलेगी साइकिल

**भोपाल यशभारत।** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान 17 अगस्त को राजधानी के महात्मा गांधी उमावि में आयोजित समारोह में प्रदेश के पांच लाख नौ हजार विद्यार्थियों को साइकिल के लिए करीब साढ़े चार हजार रुपये और सात हजार 800 विद्यार्थियों को स्कूटी के लिए आनलाइन राशि खातों में ट्रांसफर करेंगे। इसके तहत प्रदेश के सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले छठवीं और नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों को साइकिल और 23 अगस्त को प्रत्येक स्कूल के एक टापर छात्र व छात्रा को स्कूटी मिलेगी। विद्यार्थियों के पास इलेक्ट्रिक या पेट्रोल वाली स्कूटी लेने का विकल्प रहेगा, इलेक्ट्रिक स्कूटी के लिए प्रत्येक को एक लाख 20 हजार और पेट्रोल वाली स्कूटी के लिए 90 हजार रुपये उनके बैंक खाते में प्रदान किए जाएंगे। दोनों कार्यक्रम महात्मा गांधी उमावि पर होंगे। इसके संबंध में लोक शिक्षण संचालनालय (डीपीआइ) की ओर से सभी जिला शिक्षा अधिकारियों को दिशा-निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सभी विद्यार्थियों का बैंक खाता भी अपडेट किया जा रहा है। डीपीआइ के अपर संचालक डीएस कुशवाहा ने बताया कि राजधानी में होने वाले कार्यक्रम में नौ हजार विद्यार्थियों को बुलाया गया है।




# पर्यटन स्थलों पर निजी आवास अनुबंधित कर होटल जैसी सुविधाएं देगा पर्यटन निगम

भोपाल, यशभारत। राज्य पर्यटन विकास निगम प्रमुख पर्यटन स्थलों पर निजी मकान किराए पर लेकर यहां आने वाले पर्यटकों को ठहराने और उन्हें होटल जैसी सुविधाएं देने पर विचार कर रहा है। ये ऐसे मकान होंगे, जो लंबे समय से खाली हैं और भीड़भाड़ वाले क्षेत्र से दूर हैं। इसकी कार्ययोजना तैयार कर निगम संचालक मंडल से अनुमति लेगा और फिर मकान मालिकों से मकान अनुबंध पर लेने की शर्तें तैयार होंगी। प्रदेश के अधिकांश पर्यटन स्थलों पर निगम की होटलें हैं, पहले यह घाटे में चल रही थीं, पर अब लाभ में हैं। बल्कि अब यह हो गया है कि होटलें खाली नहीं रहती हैं, इसलिए पर्यटकों को दूसरे विकल्प तलाश करने पड़ते हैं।पर्यटकों की इसी आवश्यकता को भुनाने के लिए निगम इस योजना पर विचार कर रहा है। अधिकारियों का सोच है कि इससे जहां पर्यटकों को ठहरने और खाने की उम्दा सुविधा मिलेगी, वहीं स्थानीय लोगों को रोजगार और निगम को आर्थिक लाभ भी मिलेगा। निगम पचमढ़ी, ओंकारेश्वर, महेश्वर, उज्जैन, ओरछा, खजुराहो, सांची सहित अन्य शहरी और कस्बाई पर्यटन क्षेत्रों में लंबे समय से खाली भवन स्वामियों से बात करेगा। विदेश में नौकरी कर रहे या वहां शिफ्ट हो चुके लोगों ने प्रदेश में विभिन्न स्थानों पर अचल संपत्ति खरीदकर छोड़ दी है। ऐसे मकान वर्षो से बंद हैं या चौकीदार देखरेख कर रहे हैं। निगम ऐसे ही मकानों पर ध्यान देगा और उनके मालिकों से बात करेगा। वे तैयार हुए तो पांच से 10 वर्ष के लिए किराए पर लेने का अनुबंध करेगा और फिर उसे होटल की तरह संचालित करेगा। इसमें होटल जैसी सभी सुविधाएं रहेंगी। इन मकानों में रसोई घर की सुविधा भी रहेगी। इससे स्थानीय लोगों को रसोईया और सफाईकर्मी, भोजन परोसने वालों के रूप में काम मिलेगा।



# मानसून सीजन में विद्युत सुरक्षा संबंधी उपाय

**भोपाल, यशभारत। मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने उपभोक्ताओं से बारिश (मानसून) में विद्युत सुरक्षा की ओर ध्यान देने की अपील की है। कंपनी ने उपभोक्ताओं से विद्युत सुरक्षा संबंधी जानकारी भी साझा की है।**

## बिजली सुरक्षा के कुछ सूत्र

किसी घर,कारखाने की सारी वायरिंग किसी लाइसेंसधारी ठेकेदार से ही करवाई जानी चाहिए,प्लग को उसका तार खींच कर पावर प्वाइंट से अलग मत कीजिए। इसकी वजाय प्लग को खींचिये, जिन साकेटों तक छोटे बच्चों की पहुँच हो सकती है, वहाँ साकेट कवर का इस्तेमाल कीजिये, एडाप्टर के प्रयोग से बचें और एडाप्टरों में एडाप्टर न लगाये, बिजली के ऐसे उपकरण, जो लगातार प्रयोग में न हों, के स्विच बंद कीजिये और सुनिश्चित करिये कि जब आप घर पर न हों तो बिजली के उपकरणों के प्लग निकले रहें और वे बंद रहें ताकि आग के खतरे और ऊर्जा की बर्बादी से बचा जा सके। आईएसआई निशान वाले बिजली के उपकरणों का प्रयोग सुनिश्चित करें। उदाहरण के लिए खासतौर पर स्नानघर, शावर और गी?र, यह सुनिश्चित करें कि जब आप एक प्लग को निकाल रहे हों या लगा रहे हों तो आपके हाथ गीले न हों। क्षतिग्रस्त तारों वाले बिजली के उपकरणों का प्रयोग न करें। क्षतिग्रस्त दिखने वाले तारों को बदल दें। प्रयोग में लाए जा रहे बिजली के सभी उपकरणों की नियमित रूप से जाँच करें और क्षतिग्रस्त सॉकेटों, एडाप्टरों और स्विच का प्रयोग न करें। उपकरण जैसे ही खराब हों, उन्हें तुरंत बदल दें। बिजली संबंधी कोई मरम्मत कराई जा रही हो तो मेन स्विच को हमेशा बंद रखें। स्वयं मरम्मत का कार्य तभी करें जब आप इसके बारे मे जानते हों। बरसात के दौरान, खुले स्थान में बिजली के उपकरण न चलाये। उपयुक्त रेटिंग वाले सर्किट ब्रेकरों और फ्यूजों का ही प्रयोग करें।

## बिजली का झटका लगने से निपटना

बिजली के झटके से मामूली कष्ट से लेकर बुरी तरह जलना और हृदय गति रूकने जैसी घटनाएँ हो सकती हैं। इसके शिकार के समक्ष जलने, नाड़ी धीमी पड़ने, साँस लेने में तकलीफ होने और बेहोश होने तक की भी स्थिति आ सकती है। बिजली का झटका निम्नलिखित कारणों से लग सकता है।

# शराब पार्टी में सादे कपड़े पहनकर पहुंचे आरक्षक, फिर की आबकारी ने कार्रवाई

**भोपाल, यशभारत।** शहर की सीमाओं पर स्थित ढाबे, रेस्टोरेंट, होटल में परोसी जा रही अवैध शराब पर कार्रवाई करते हुए आबकारी और पुलिस की टीम रात को छापामार कार्रवाई कर रही है। ऐसे में रात को कार्रवाई से बचने के लिए केरवा रोड स्थित जहाज रेस्टोरेंट में दिनदहाड़े अवैध शराब पार्टी कराई जा रही थी। इसकी जानकारी जब आबकारी टीम को लगी तो उन्होंने पहले सादा कपड़ों में अपने आरक्षकों को भेजा, जब सूचना सही निकली तो टीम ने मौके पर पहुंचकर कार्रवाई की है। बता दें कि बुधवार रात का सीहोर नाका स्थित मोक्ष क्लब में देर रात शराब और हुक्का परोसा जा रहा था। जहां भी आबकारी ने कार्रवाई करते हुए प्रकरण दर्ज किए थे। सहायक आबकारी आयुक्त दीपम रायचुरा ने बताया कि रातीबड़ क्षेत्र के



रेस्टोरेंट, ढाबा और होटलों में लगातार अवैध शराब पार्टी किए जाने की सूचना मिल रही हैं। पिछले दिनों व्हाइट आर्चिड रेस्टोरेंट में अवैध शराब पिलाने पर कार्रवाई की गई थी। इसी तरह शनिवार को केरवा रोड स्थित जहाज रेस्टोरेंट में शुक्रवार दिन में ही अवैध शराब पार्टी चल रही थी। इससे टीम द्वारा पहले दो आरक्षक को सादा कपड़ों में भेजा गया। जहां आरक्षकों ने पहुंचकर रेस्टोरेंट में देखा तो युवा जाम छलका रहे थे।आरक्षकों के बताने पर आबकारी की टीम ने रेस्टोरेंट में छापामार कार्रवाई करते हुए बिना अनुमति शराब पी रहे 12 युवकों के खिलाफ आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज किया है।वहीं रेस्टोरेंट की तलाशी लेने पर संचालक बिलकिसगंज निवासी विनय सिंह चंदेल के पास से 29 बोतल अवैध बीयर बरामद की है। इससे उसके खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया गया है। जहाज रेस्टोरेंट द्वारा पूर्व में अवैध शराब बेचे जाने पर मैनेजर के खिलाफ भी प्रकरण दर्ज किया जा चुका है। अब तक रेस्टोरेंट से अवैध शराब बेचने के मामले में लगभग 18 प्रकरण दर्ज किए गए हैं। आदतन अवैध शराब बेचे जाने के कारण रेस्टोरेंट के खिलाफ आबकारी की विभिन्न धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है।

## 22 अगस्त से एमबीबीएस व बीडीएस में प्रवेश के लिए दूसरे चरण की काउंसलिंग

भोपाल , ईएमएस। प्रदेश के सरकारी और निजी मेडिकल एवं डेंटल कालेजों में एमबीबीएस व बीडीएस पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए चिकित्सा शिक्षा संचालनालय ने दूसरे चरण का काउंसलिंग कार्यक्रम जारी कर दिया है। 22 अगस्त को रिक्त सीटों की जानकारी सार्वजनिक करने के साथ ही प्रक्रिया शुरू होगी। 22 से 24 अगस्त तक उम्मीदवार अपनी पसंद के कालेज का विकल्प दे सकेंगे। पंजीकृत उम्मीदवारों को प्रावीण्य सूची के आधार पर सीटों का आवंटन 28 अगस्त को किया जाएगा। अभ्यर्थी 29 अगस्त से तीन सिंतबर के बीच आवंटित कालेजों में प्रवेश ले सकेंगे। इसके बाद बची हुई सीटों के लिए मापअप चरण आयोजित किया जाएगा।

## घरेलू हिंसा की पीड़ित महिलाओं के लिए राज्य शासन की सहायता योजना

**भोपाल, यशभारत।** महिलाओं पर होने वाली घरेलू हिंसा से महिलाओं का संरक्षण कानून में पीड़िता को व्यापक प्रावधान है । कई बार अपनों के हिंसात्मक व्यवहार से महिलाओं को स्थाई शारीरिक क्षति हो जाती है । राज्य सरकार ने घरेलू हिंसा पीड़िता के लिए सहायता योजना की शुरुआत की है। इस योजना के तहत अब महिला या बालिका को किसी अंग की स्थाई क्षति के फलस्वरूप 40 प्रतिशत से कम दिव्यांगता पर 2 लाख तथा 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांगता पर 4 लाख रुपये तक का मुआवजा दिया जाएगा। इस मुआवजे के लिए पीड़ित या उसके आश्रित की ओर से घटना के एक वर्ष के भीतर संबंधित क्षेत्र के महिला एवं बाल विकास के परियोजना अधिकारी (संरक्षण अधिकारी) अथवा प्रशासक वन स्टॉप सेंटर को आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ घटना की एफआईआर प्रति संलग्न करना आवश्यक होगा। मेडिकल बोर्ड शारीरिक क्षति का आंकलन कर कलेक्टर की अध्यक्षता में गठित समिति को प्रतिवेदन देगा, जिसके आधार पर समिति द्वारा मुआवजे की स्वीकृति दी जाएगी।

# नर्सिंग कालेजों की जांच रिपोर्ट हाईकोर्ट को सौंप सकती है सीबीआई

**भोपाल,यशभारत।** हाईकोर्ट के निर्देश पर प्रदेश के नर्सिंग कालेजों की जांच कर रही सीबीआइ जल्द ही कोर्ट को अपनी जांच रिपोर्ट सौंपने की तैयारी में है। जांच एजेंसी प्रदेश के 364 कालेजों की जांच कर रही है, इसमें सरकारी कालेज भी शामिल हैं।

सीबीआइ ने इसके पहले 24 कालेजों की जांच रिपोर्ट कोर्ट को सौंपी थी, इसमें कालेजों में कई तरह गड़बड़ी सामने आई थी। कई कालेज मापदंड के अनुसार संचालित होते नहीं मिले। कई फैकल्टी ऐसे मिले थे, जिनके नाम दूसरे कालेजों में दर्ज थे।

अब सभी कालेजों की संपूर्ण रिपोर्ट सीबीआइ कोर्ट को सौंपने की तैयारी में हैं। इसके पहले हाईकोर्ट के निर्देश पर मप्र नर्सिंग काउंसिल ने नर्सिंग कालेजों की जांच की। इसमें 19 कालेजों में डुप्लीकेट फैकल्टी मिले। यानी, इनका नाम एक से अधिक



कालेजों में दर्ज था। काउंसिल ने इन कालेजों की मान्यता समाप्त कर दी है। बता दें कि नर्सिंग कालेजों में गड़बड़ी को लेकर ला स्टूडेंट एसोसिएशन ने हाई कोर्ट में याचिका लगाई थी।

## इन कालेजों की मान्यता समाप्त

डुप्लीकेट फैकल्टी मिलने पर इन कालेजों की मान्यता समाप्त सुख सागर कालेज जबलपुर, आरके नर्सिंग कालेज दतिया, ज्ञान स्कूल आफ नर्सिंग धार, इंदौर इंटरनेशनल कालेज धार, जेबी इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग ग्वालियर, वैष्णवी इंस्टीट्यूट ग्वालियर, सैलाना कालेज आफ नर्सिंग धार, टेक्नोक्रेट्स इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग भोपाल, टीडी इंस्टीट्यूट आफ प्रोफेशन स्टडीज रीवा। जीएनएस नर्सिंग कालेज दतिया, अभिषेक नर्सिंग कालेज ग्वालियर, श्रीस्वामी जी महराज कालेज आफ नर्सिंग दतिया, एनआरआइ इंस्टीट्यूट आफ नर्सिंग भोपाल, महाराणा प्रताप स्कूल आफ नर्सिंग भोपाल, रविंद्र नाथ टैगोर इंस्टीट्यूट खंडवा, वीआइपीएस स्कूल आफ नर्सिंग ग्वालियर, सर्वधर्म स्कूल आफ नर्सिंग ग्वालियर, मधुवन स्कूल आफ नर्सिंग इंदौर और पीजी कालेज आफ नर्सिंग ग्वालियर।

**निर्देश** | निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए. ने साफ-सफाई व्यवस्था एवं निर्माणाधीन गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण

# स्वच्छता के कार्यों में लापरवाही बर्दाश्त नहीं

**भोपाल, यशभारत।** निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए. ने स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शहर के विभिन्न मार्गो एवं कालोनियों की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और निगम अधिकारियों से व्यवस्थाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त श्री नोबल ने नई जेल रोड स्थित गोंदीपुरा मे निर्माणाधीन गार्बेज ट्रांसफर स्टेशन का निरीक्षण किया और निर्माण कार्यो के संबंध में अधिकारियों से विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त श्री नोबल ने साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त श्री नोबल ने जोन क्र. 17 के वार्ड क्र. 75 अंतर्गत क्लासिका अपार्टमेंट के पास कचरा पाये जाने पर जोनल अधिकारी के



प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया खुले में कचरा फेकने वाले नागरिकों को समझाइश दें और सड़क पर कचरा डालना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करें तथा समझाइश के बाद भी न मानने वालों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करें। निरीक्षण के दौरान अपर आयुक्त विनीत तिवारी, उपायुक्त योगेन्द्र सिंह पटेल, प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी राकेश शर्मा सहित निगम के अन्य अधिकारी मौजूद थे। निगम आयुक्त फ्रैंक नोबल ए. ने शनिवार को स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत शहर के विभिन्न जोन एवं वार्ड क्षेत्रों एवं मुख्य मार्गो की साफ-सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया और अधिकारियों से साफ-सफाई व्यवस्थाओं, डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन, गीला-सूखा कचरा पृथक्कीकरण आदि के संबंध में विस्तारपूर्वक जानकारी प्राप्त की। निगम आयुक्त नोबल ने लिंक रोड नं. 01, न्यू मार्केट मेन रोड, पालीटेक्निक चौराहा, रेतघाट, कमला पार्क, व्हीआईपी रोड, लालघाटी, एयरपोर्ट रोड, जेल रोड आदि की साफ-सफाई व्यवस्था का जायजा लिया और नई जेल मुख्य मार्ग पर सड़क पर पड़ी रेत को तत्काल हटाने के निर्देश दिए। निगम आयुक्त नोबल ने जोन क्र. 17 के वार्ड क्र. 75 के अंतर्गत क्लासिका अपार्टमेंट के पास कचरा पाये जाने पर जोनल अधिकारी के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया खुले में कचरा फेकने वाले नागरिकों को समझाइश दें और सड़क पर कचरा डालना पूर्ण रूप से प्रतिबंधित करें तथा समझाइश के बाद भी न मानने वालों के विरूद्ध चालानी कार्यवाही करें। निगम आयुक्त नोबल ने संजीव नगर के पास श्रीकृष्ण गुरू अपार्टमेंट के सामने व्यापारियों द्वारा सड़क पर कचरा फेंककर की गई गंदगी देखकर सहायक स्वास्थ्य अधिकारी को निर्देशित किया कि वे व्यक्तिगत रूचि लेकर सड़क पर कचरा न डालने, दुकानों पर डस्टबिन रखने एवं क्षेत्र में स्वच्छता बनाये रखने के संबंध में व्यापारियों से चर्चा करें और साफ-सफाई व्यवस्था को और बेहतर बनाये रखने हेतु निरंतर निगरानी करें।

# शोरूम संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज

**भोपाल,यशभारत।** गौतम नगर पुलिस ने एक बाइक मालिक की रिपोर्ट पर शोरूम संचालक के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज किया है। संचालक पर आरोप है कि उसने दो साल पहले फायनेंस हो चुकी बाइक को नकद रुपये लेकर बेच दिया था। करीब 9 साल बाद जब फायनेंस कंपनी ने बाइक सीज कर ली तो मामले का खुलासा हुआ। अब इस मामले में पुलिस ने जांच शुरु कर दी है, इसकी शुरुआत बाइक शोरुम संचालक को नोटिस जारी कर पूछताछ के लिए बुलाया था। इसके बाद आरोपित की गिरफ्तारी की जाएगी। हम बता दें कि अरविंद सिंह (32) ग्राम बिसनखेड़ा, थाना इछावर जिला सीहोर के रहने वाले हैं। वह इंदौर की एक निजी कंपनी में काम करते हैं। अरविंद ने पुलिस को बताया कि मार्च 2016 में उन्होंने डीआईजी बंगला स्थित एक शोरूम से बजाज डिस्कवर बाइक करीब 50 हजार रुपए नकद जमा करके खरीदी थी। उसके बाद से वह लगातार अपनी बाइक को चला रहे थे। पिछले महीने 24 जुलाई 2023 को वह इंदौर के परदेशीपुरा इलाके में अपना काम कर रहे थे, तभी एक फायनेंस कंपनी के कर्मचारी उनके पास पहुंचे और बताया कि उनकी बाइक फायनेंस पर है, जिसे सीज किया जाना है। अरविंद ने बाइक का रजिस्ट्रेशन और बिल दिखाते हुए कहा कि उन्होंने यह बाइक नकद रुपये जमा करके खरीदी है। उसके बाद फायनेंस कर्मचारी उन्हें न्यू पलासिया इंदौर स्थित अपने कार्यालय लेकर पहुंचे। यहां आफिस वालों ने बताया कि उनकी बाइक वर्ष 2014 में लखनलाल नामक व्यक्ति के नाम से फायनेंस हुई थी, जिसका लगभग 56 हजार रुपये बकाया है।

## » न्यूज गैलरी

### अमृत कलश कावड़ यात्रा की बैठक हुई सम्पन्न



**गाडरवारा, यशभारत।** 21 अगस्त नागपंचमी के अमृत काल में आर्यावर्त सांस्कृतिक सामाजिक संस्था द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाली ककराघाट से प्राचीन शिव मंदिर नदी मोहल्ला गाडरवारा तक जाने हेतु कावड़ यात्रा की रूपरेखा की बैठक हुई जिसमें यात्रा में 1001 कावड़ियों के विशाल चल समारोह का लक्ष्य लिया गया। साथ ही कावड़ यात्रा में जगह जगह जलपान प्रसादी की व्यवस्था, परिस्थिति अनुसार एंबुलेंस वाहन, जल व्यवस्था, वाहन व्यवस्था आदि विषयों पर चिंतन किया गया। कावड़ यात्रा में महिलाओं एवं पुरष वर्ग को कावड़ उपलब्ध समिति द्वारा की जाएगी। साथ ही कावड़ रखने वाले प्रत्येक कावड़िया को निः शुल्क रूद्राक्ष एवं ककराघाट तक जाने निः शुल्क वाहन व्यवस्था की जा रही है। आयोजक समिति ने सभी धर्म प्रेमी माता बहनों एवं पुरुष वर्ग से अधिक से अधिक संख्या में अमृत कलश कावड़ यात्रा में सम्मिलित होने की अपील की।

### महाकाली समिति की काँवड़ यात्रा का नपा उपाध्यक्ष ने किया स्वागत



**गाडरवारा, यशभारत।** महाकाली मंदिर समिति द्वारा आयोजित कांवड़ यात्रा के सभी शिवभक्तो ने ककराघाट माँ नर्मदा तट से कावड़ उठाकर गाडरवारा आगमन पर नपा उपाध्यक्ष श्रीमति वैशाली रीतेश राय ने निज निवास के सामने साथियो सहित स्वागत किया समस्त कावड़ो पर पुष्प माला तिलक चढ़ाकर पूजन किया एवं समस्त कावड़ियों का तिलक लगाकर वंदन अभिनंदन किया एवं जल सेवा व केशर युक्त दूध का वितरण किया गया उक्त अवसर पर पार्षद शुभम सुनील राजपूत सुरेंद् गुर्जर सतीश पटेल कमल खटीक प्रवेश राय चंचल कोरी मयंक जैन हेमंत शर्मा राजहंश राय सोनू पटेल वैभव कोचर संजय गुप्ता लखन साहू रीतेश चौहान लोकचन्द् कलवानी अजय खडेतिया सहित सभी इष्ट मित्रो की उपस्थिति रही स्वागत उपरान्त बिखरे हुये समस्त डिस्पोजलो को उठाकर डस्टविन मे डाला गया स्वच्छता के प्रति जागरूकता दिखाई दी

### स्वतंत्रता आंदोलन में तेंदूखेड़ा की मुख्य भूमिका

# अंग्रेजों की गोलियां भी नरवरशाह के शरीर पर प्रभाव नहीं कर पाती थी

**तेंदूखेड़ा यशभारत।** स्वतंत्रता आंदोलन में तेंदूखेड़ा क्षेत्र का अपना एक अलग महत्व और योगदान रहा है। अंग्रेजों के छक्के छुड़ाने में यहां के वीर सपूतों ने कहीं कोई कसर नहीं छोड़ी थी। आज हम जिस स्वच्छंद वातावरण में घूम रहे है वह हमारे वीर सेनानियों की ही मुख्य भूमिका ही है। 1842 की क्रांति और बुंदेला विद्रोह के जनक राजा डेलनशाह नरवरशाह के द्वारा अंग्रेजों के विरूद्ध संघर्ष किया। दोनों ने मिलकर पूरे नरसिंहपुर क्षेत्र से अंग्रेजी सत्ता को उखाड़ फेका जिसमे राजा नरवर शाह ढिलवार के किले पर पुनः अपने सत्ता स्थापित किए।

1842 की क्रांति के दौरान 18 महीने अंग्रेजों को नरसिंहपुर में घुसने नहीं दिया था। राजा डेलन शाह ने भी चौगान किले को जीत कर 1842 से 1857 तक राज्य किए। अगस्त 1857 को राजा डेलन शाह और नरवर शाह के नेतृत्व में भोपाल तथा सागर के विद्रोहियों ने तेंदूखेड़ा नगर तथा पुलिस थाने को लूटकर क्रांति की शुरुआत हुई। 18 नवम्बर 1857 को कैप्टन टर्नन ने राजा डेलन शाह नरवर शाह के ढिलवार स्थित किले में आग लगा दी। परंतु डेलन शाह और नरवर शाह को पकड़ा नहीं जा सका वे जंगलों में छिप जाते थे। नरवर शाह का एक भतीजा पकड़ लिया गया और उसे फांसी पर लटका दिया गया। अनेक छुटपुट झड़पों के बाद धोखे से 16 मई 1857 को नरवर शाह को अंग्रेजो द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। अंततः संघर्ष करते-करते इन्हें भी ब्रिटिश सरकार ने गिरफ्तार कर लिया। इन पर कार्यवाही करते हुए जेल में डाल दिया गया। नरवर शाह की मृत्यु जेल में ही हो गई। इस प्रकार यह वीर योद्धा भी अपनी मातृभूमि के खातिर शहीद हो गए। उस समय एक साल तक राजा डेलन शाह फरार रहे और चिखली में रहे 16 मई 1858 तक अंग्रेज हुकूमत से लड़ते हुए बलिदान हुए। एक किवदंती यहां पर प्रचलित है कि राजा डेलनशाह ने जंगल में एक हिरण किसी वनस्पति को खा रही थी शिकार के दौरान इन्होंने उस पर गोली मारी थी गोली हिरण को न लगकर उचट गई थी। आश्चर्य व्यक्त करते हुये उस वनस्पति को देखा और उसे अपनी जंघा फाड़कर उसमें रख ली। इस कारण अंग्रेज दुश्मन यदि इन्हें गोली मारते थे वह भी उचट जाती थी। इस आंदोलन में तेंदूखेड़ा के भागचंद्र जैन, बाबूलाल जैन, झब्बूलाल जैन, शंकरलाल सोनी, कन्छेदी लाल सिंघई, रघुनंदन पांडे, खेमचंद्र स्वदेशी, जमना राय, रामचंद्र राय और फूलचंद्र गुप्ता, का भी योगदान रहा है। जिनका एक शहीद स्मारक तेंदूखेड़ा में स्थापित है। साथ ही भागचंद्र जैन के नाम से नगर गौरव दिवस मनाया जाना भी इसी वर्ष प्रारंभ किया गया है।

# पीड़ित मानव की सेवा से बढ़कर और कोई सेवा नही

**तेंदूखेड़ा यशभारत।** ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले बेसहारा निर्धन वर्ग के पीड़ित वर्ग की सेवा शुरू से ही हमारी प्राथमिकता में शामिल रहा है। साथ ही विभिन्न प्रकार की बीमारियों से ग्रसित रोगियों को विशेषज्ञ डाक्टरों की टीम के माध्यम से उनकी जांच करवा कर उन्हें स्वास्थ्य लाभ दिलाना पीड़ित मानव सेवा से बढ़कर और कोई दूसरी सेवा नहीं है। कोविड काल के दौरान स्वास्थ्य व्यवस्था को लेकर जो त्रासदी इस क्षेत्र के लोगों ने झेली है भगवान करे अब दोवारा किसी को न झेलनी पड़े। इस क्षेत्र के आम जन तक वेहतर से वेहतर इलाज मुहैया कराना हमारी प्राथमिकता में शामिल हो चुका है। पूर्व में भी स्वास्थ्य शिविर आयोजित किये गये है। और आने वाले समय में भी शिविर आयोजित करायें जायेंगे। उक्त विचार विधायक संजय शर्मा के द्वारा राजमार्ग चौराहा स्थित लीला पेलेस परिसर में पीपुल्स हास्पिटल के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य शिविर के दौरान व्यक्त किए। सरस्वती पूजन के साथ प्रारंभ हुये इस शिविर में मुख्य रूप से विधायक संजय शर्मा, पीपुल्स हास्पिटल के डायरेक्टर डा अंकित द्विवेदी, मैनेजिंग डॉयरेक्टर रोहित पंडित, मेडिकल डायरेक्टर डा, अशोक महस्के, डा, वंशिका शर्मा, डॉ. नितिन गर्ग, डॉ. अनुशा देवाला, डॉ. गौतम चटर्जी, डॉ. राजकुमार उपाध्याय, डॉ. प्रज्ञा जैन, डॉ. आस्था मेहरा, डॉ. सदप इकराम, डॉ. अनिमेष सक्सेना प्रमुख रूप से उपस्थित हुये। प्रथम दिवस 5649 मरीजों के पंजीयन कराकर 3897 मरीजों की खून जांचें 513 एक्सरे, 33 ई.सी.जी. 51 ई.को, 127 सोनोग्राफी, उनकी निःशुल्क जांचें कराते हुये उपचार किया गया। मरीजों को निःशुल्क दवाईयों के साथ-साथ भोजन की भी व्यवस्था विधायक संजय शर्मा के द्वारा कराई गई थी। विधायक श्री शर्मा ने प्रत्येक जांच कक्ष एवं जांच टेबिल पर पहुंचकर डॉक्टरों से मुलाकात करते हुये मरीजों से भी मुलाकात की। और शीघ्र स्वास्थ्य की कांमना की। सुबह से ही बड़ी संख्या में मरीजों का आना जाना प्रारंभ हो गया था, जो शाम तक लगातार जारी रहा। शिविर दूसरे दिवस सोमवार को भी आयोजित है। इस मौके पर पीपुल्स हास्पिटल भोपाल की टीम और संजय शर्मा यूथ फालोअर्स की टीमों का सराहनीय योगदान रहा। दूर से आने वाले सभी मरीजों को बैठने की समुचित व्यवस्थायें की गई थी।

# विधायक ने घर-घर किए तिरंगा वितरित



गोटेगांव, यशभारत। संपूर्ण नगर में पूर्व राज्यमंत्री विधायक नरसिंहपुर मा. जालमसिंह पटेल ने हर घर तिरंगा घर घर तिरंगेअभियान के तहत तिरंगा झँडे का वितरण कर नागरिकों को देश प्रेम की भावना जागृत करने के उद्देश्य जन जागरण कर अपने अपने घरो पर तिरंगा लगाने हेतु प्रेरित किया इस अवसर पर हाकमसिंह चढ़ार राजकुमार जैन पं.संतोषदुबे पंकज चौकसे निधानसिह पटेल महेंद्रनागेश केहरसिह पटेल अरुण राय इं.देवदत्त पचौरी राजू राजपूत गिट्ठल राय वीरेंद्र तिवारी उमाशंकर छिरा सुशील नेमा शैलू जैन अखिलेश जैन सुबोध जैन डॉ.तपन राय धर्मेंद्र चौहान विक्की अग्रवाल अजीत जैन राजेश राजपूत मुकेश पटेल दुलीचंद विश्वकर्मा पंकज जैन अनुपम शक्ति राजपूत करनभदौरिया राजेश झारिया सहित अनेक जनप्रतिनिधि कार्यकर्ता बंधु व गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

### स्वतंत्रता दिवस पर नरसिंहपुर में कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना करेंगी ध्वजारोहण

**नरसिंहपुर यशभारत।** स्वतंत्रता दिवस समारोह का मुख्य कार्यक्रम जिला मुख्यालय पर नरसिंहपुर के स्टेडियम ग्राउंड पर आयोजित किया जायेगा। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार मुख्य अतिथि कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना मंच पर आकर प्रातः 9 बजे ध्वजारोहण करेंगी। इसके पश्चात राष्ट्र धुन एवं सलामी होगी। इसके बाद गुब्बारों को आकाश में छोड़ा जायेगा। सलामी एवं परेड निरीक्षण पश्चात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के प्रदेशवासियों के नाम संदेश का वाचन मुख्य अतिथि द्वारा किया जायेगा। जय घोष, हर्ष फायर व परेड द्वारा मार्चपास्ट के बाद मुख्य अतिथि द्वारा परेड कमांडरों से परिचय प्राप्त किया जायेगा।

## श्री हनुमानजी का गुणगान कर महिला मंडल ने की महाआरती

गोटेगांव, यशभारत। स्थानीय श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर मे नर्मदाखंड महाआरती समिति के तत्वाधान में रामभक्त हनुमानजी की साप्ताहिक संगीतमय महाआरती पवित्र पुरुषोत्तम मास पर पंडित दीपक तिवारी आचार्यत्व में संकट मोचन हनुमान मंदिर महिला मंडल समिति की ओर से मयंक शर्मा द्वारा पूर्ण वैदिक मंत्रोच्चारण व विधिविधान के साथ पूजन अर्चन संपन्न किए जाने के उपरांत उपस्थित श्रद्धालु जनों ने सामूहिक रूप से श्रीराम स्तुति श्री हनुमान चालीसा श्री हनुमानजी की महाआरती का गायन किया गया गौरतलब हैकि श्री संकट मोचन हनुमान मंदिर महाआरती समिति द्वारा प्रत्येक शनिवार को हनुमान लला की संगीतमय महाआरती विगत 189 सप्ताह से निरंतर जारी है शनिवार में आयोजित होने वाली इस साप्ताहिक



संगीतमय महाआरती के पश्चात समिति की भजन मंडली के सदस्यो द्वारा भजनों की अनुपम प्रस्तुति देने में आकाशवाणी कलाकार संदीप तिवारी रामबालक वैद्य नीरज दुबे शुशील दुबे धर्मेंद्र चौबे पं. विद्याचरण पाराशर पं.श्यामाचरण पाराशर कमल स्वामी सालकराम साहू श्यामाचरण झारिया विजय ढोलक मास्टर आदि सहयोगियों के द्वारा महाआरती करने के उपरांत समापन पर महाप्रसाद का वितरण किया इस अवसर पर श्रीमती शीला चढ़ार श्रीमती संगीता चौबे श्रीमती अंजना उपाध्याय श्रीमती हेमा गुप्ता श्रीमती विनीता गुप्ता श्रीमती संगीता शर्मा संध्या शर्मा अनीता शर्मा प्रीती शर्मा अनीता साहू लीलावती पटेल श्रद्धा गुप्ता इंदिरा शर्मा प्रियंका शर्मा नर्मदा प्रसाद गुप्ता रघुनाथ राय दीपक सराठे सहित संकट मोचन हनुमान मंदिर समिति के कार्यकर्ता बंधु व मातृशक्ति की उपस्थिति सराहनीय थी....1

### भाजपा सरकार की वादाखिलाफी एवं घोटालों के खिलाफ, 16 अगस्त से प्रारंभ होगी कांग्रेस की परिवर्तन विश्वास यात्रा

#### 300 कि.मी पैदल चल कर पहुंचेगी भोपाल




गोटेगांव, यशभारत। स्थानीय आगामी 16 अगस्त को झांसीघाट में मां नर्मदा मैयाजी की पूजन अर्चन करने उपरांत नगरदेवता श्रीदेव ठाकुर बाबा का आशीर्वाद लेकर कांग्रेस पार्टी की परिवर्तन विश्वास यात्रा गोटेगांव से प्रारंभ होने जा रही है, इस पदयात्रा में पूर्व विधानसभा अध्यक्ष एवं गोटेगांव विधायक एन. पी. प्रजापति ÷राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा झंडा÷ यात्रा के संयोजक युवानेता इंजी. साहिल सिंह राजपूत को सौंपकर यात्रा प्रारम्भ कराएंगे। 300 किलोमीटर, 3 जिला और प्रदेश की 10 विधानसभाओं से होकर निकलने वाली इस पदयात्रा में सैंकड़ों लोग पैदल चल कर प्रदेश की राजधानी भोपाल पहुंचेंगे जहां हजारों कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में यात्रा का समापन पार्टी के तमाम वरिष्ठ नेतोओं की उपस्थिति में होगा। यह पदयात्रा राज्य में सरकार के परिवर्तन के विश्वास के लिए कांग्रेस पार्टी की आगामी चुनाव के लिए दी गई गारंटियों को जन - जन तक पहुंचाने एवं भाजपा सरकार की वादाखिलाफी एवं घोटालों के खिलाफ निकाली जा रही है, इस यात्रा में पार्टी के तमाम वरिष्ठ एवं युवा नेता शामिल होंगे, यह यात्रा गोटेगांव से गाडरवारा, उदयपुरा के रास्ते ओबेदुल्लागंज होते हुए भोपाल पहुंचेगी जहां पार्टी के तमाम दिग्गजों की उपस्थिति में इस यात्रा का समापन होगा।

## पौड़ी राजघाट तिराहा के पास ट्रक और लोडिंग ऑटो की आमने-सामने हुई भिड़ंत एक की मौत

**कटंगी, यशभारत।** कटंगी थाना क्षेत्र के अंतर्गत पोंडी राजघाट तिराहा के पास आज दोपहर एक ट्रक और ऑटो लोडिंग ऑटो की आमने-सामने भिड़ंत होने से एक युवक की मौत हो गई पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि ट्रक क्रमांक यू पी 78 बी टी 6937 जो कि कटंगी से जबलपुर जा रहा ने जबलपुर की और से आ रहे लोडिंग ऑटो एम पी 20 जी बी 4075 को सीधी टक्कर मार दी दुर्घटना में लोडिंग ऑटो चालक अभिषेक पिता जाहर सिंह उम्र 22 वर्ष निवासी पावला थाना



बेलखेड़ा की मौके पर ही मौत हो गयी बही घटना के बाद मार्ग पर लंबा जाम लग गया जिसे पुलिस ने खुलवाया बही पुलिस ने सब को पी एम हेतु भिजवाते हुए ट्रक चालक की तलाश सुरु कर दी है

## नर्मदा पूजन के साथ किसानों का भोपाल की तरफ कूच

**तेंदूखेड़ा यशभारत।** राष्ट्रीय किसान मजदूर संघ अपनी विभिन्न मांगों को लेकर पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार किसान क्रांति यात्रा के माध्यम से पूण्य सलिला मां नर्मदा के पावन ककरा घाट पर पूजन अर्चन के साथ भोपाल के लिये रवाना हुये। हजारों की संख्या में एकत्रित इन किसानों के द्वारा अपनी सभी समस्याओं का जिक्र करते हुये पदयात्रा के दौरान शांति एवं स्वयं की सुरक्षा बनाकर चलने का विषय रखते हुये भोपाल पहुंचकर मुख्यमंत्री आवास को घेरने की बात रखी। किसानों ने अपनी मुख्य मांगें में किसानों के सभी बैंकों के के,सी,सी कर्ज माफ किये जावें, अन्य राज्यों की तरह गन्ना नीति बनाई जायें, सभी फसलों की समर्थन मूल्य पर खरीदी की गारंटी कानून बनें, किसानों को 24 घंटे सिंचाई हेतु बिजली प्रदाय की जाये, ट्रांसफार्मर हेतु कृषक अनुदान योजना पुनः प्रारंभ की जाये, तेलंगाना राज्य की तर्ज पर 12 हजार रुपये प्रति एकड़ प्रतिवर्ष अनुदान प्रदान किया जाये। केसीसी की बंधक ऋण पुस्तिका प्रक्रिया में सुधार किया जायें, फोती एवं नामांतरण प्रक्रिया में बदलाव, गांव गांव बिक रहे मादक पदार्थो पर रोक लगे। सुअर एवं वन्य प्राणियों के द्वारा फसल नुकसानी पर भरपाई शासन द्वारा कराई जाये।

## ग्राम पंचायत रिछाई शारदा नगर में मेरी माटी मेरा देश का कार्यक्रम संपन्न

**गोटेगांव, यशभारत।** ग्राम पंचायत रिछाई शारदा नगर में मेरी माटी मेरे देश का कार्यक्रम जोकि उत्तर मत क्षेत्र सांस्कृतिक भेंट प्रयागराज के तत्वधान में आकर साहित्य संगीत कला मंच मंडला के कलाकारों के द्वारा ग्राम रिछाई शारदा नगर में मेरी माटी मेरा देश घर-घर तिरंगा अभियान के के अंतर्गत नुक्कड़ नाटक गीत संगीत एवं जादू के



माध्यम से लोगों में जन चेतना जगाया गया ग्रामीण जनों को इस प्रस्तुति से अपने अपने घरों में तिरंगा झंडा लगाने के लिए कार्यक्रम के माध्यम से प्रेरित किया गया इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत के सरपंच आशीष शुक्ला गायक श्याम बैरागी गाड़ी वाला आया घर से कचरा निकाल के प्रसिद्ध गायक फारूक अली कविता न रेती किशोर भागचंद एवं संजय राय ने अपने मनमोहक प्रस्तुति दी।

# ज्ञानी लोग सुख और दुख से रहते हैं परे - शंकराचार्य

**गोटेगांव, यशभारत।** धार्मिक स्थल परमहंसी गंगा आश्रम झोतेश्वर में परमाराध्य परमधर्माधीशउत्तराम्नाय ज्योतिष्पीठाधीश्वर जगद्गुरु परमपूज्य शंकराचार्य स्वामिश्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती महाराजजी ने अपनी अमृत मय वाणी से धर्मसभा को संबोधित करते हुए कहाकि निन्दा से कभी भी विचलित नहीं होना चाहिए कुछ रचना कारों ने तो %निन्दक नियरे राखिए% आदि कहकर निन्दकों से होने वाले लाभ की प्रशंसा भी है जो बुद्धिमान् मनुष्य होते हैं वे इस बात को अच्छी तरह से जानते हैं कि शरीर और आत्मा दो ही हैं। यदि शरीर की निन्दा कोई करेगा तो शरीर तो मल-मूत्रादि का घर होने से स्वतः निन्दित है और यदि कोई आत्मा की निन्दा करता है तो आत्मा तो सभी में एक ही है। यदि निन्दक अपनी आत्मा की निन्दा करता है तो उसके स्वयं की भी निन्दा हो जाती है इस तरह से यदि विचार करें तो निन्दा का कोई प्रभाव हमारे ऊपर नहीं पड़ेगा जब हम




### शंकराचार्य जी का 16 को कलचुरी समाज करेगी पादुका पूजन

गोटेगांव स्थानीय जिला कलचुरी समाज नरसिंहपुर के तत्वाधान में गुरुधाम परमहंसी गंगा आश्रम में विराजमान बद्रिकाश्रम के परम पूज्य शंकराचार्य स्वामी श्री 1008 अविमुक्तेश्वरानंद जी महाराज का पादुका पूजन आगामी 16 अगस्त 2023 बुधवार को अपराह्न 12:00 बजे किया जावेगा तत्संबंध में जिला कलचुरी समाज जिलाध्यक्ष पंकज चौकसे द्वारा प्रेस विज्ञप्ति जारी कर जानकारी देते हुए बतायाकि महाराजश्री कार्यक्रम हेतु एक अति आवश्यक बैठक का आयोजन दिवस 16 अगस्त 2023 दिन बुधवार को दोपहर 1:00 बजे से 3:30 तक विश्रामगृह परमहंसी गंगा में की गई है बैठक में जिले के समस्त पदाधिकारियों एवं सजातीय बंधुओं से उपस्थित होकर धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाएं इसी तारतम्य में पादुका पूजन पश्चात परमपूज्य महाराज श्री का स्वागत सम्मान के तत्पश्चात महाराजश्री की अमृतमय वाणी से प्रवचनों की अमृत वर्षा होगी कार्यक्रम समापन पश्चात अपराह्न शासकीय विश्रामगृह में आमंत्रित अतिथियों एवं सजातीय बधुओ के भोजन की व्यवस्था की गई है

कार्यक्रम में बाहर से पधारे अतिथियों हेतु वाहन व्यवस्था श्रेयाहोटल गोटेगांव में प्रातः11:30 बजे की गई है समस्त कलचुरी समाज के पदाधिकारी एवं सजातीय बंधुओ से अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करने की अपील जिला कलचुरी समाज नरसिंहपुर के समस्त पदाधिकारी ने की है।

शरीर में अहं बुद्धि कर लेते हैं तो हमें सुख और दुःख का अनुभव होने लगता है ज्ञानी लोग सुख और दुःख से परे रहते हैं क्योंकि उनका शरीर से अहं भाव मिट चुका होता है के तैल चित्र पर पूजन अर्चन करने के उपरांत भागवत कथा के यजमान ने व्यासपीठ का पूजन कर पूज्य शंकराचार्य जी का आशीर्वाद लिया भागवत कथा के मंच पर प्रबुद्ध लोगो ने भक्तो को संबोधित किया मंच पर प्रमुख रूप से शंकराचार्य जी महाराज के निजी सचिव चातुर्मास्य समारोह समिति अध्यक्ष ब्रह्मचारी सुबुद्धानन्द जीज्योतिष्पीठ पं.आचार्य रविशंकर द्विवेदीशास्त्रीजी ज्योतिष पीठ शास्त्री पं.राजेन्द्र शास्त्रीजी दंडी स्वामी अम्बरीशानन्द जी महाराज आदि ने अपने विचार व्यक्त किए मंच पर प्रमुख रूप से शङ्कराचार्य जी महाराज की पूर्णाभिषिक्त शिष्या साध्वी पूर्णाम्बा एवं साध्वी शारदाम्बा उपस्तिथ रही मंच का संयोजन अरविन्द मिश्र एवं संचालन पं. राजकुमार शास्त्रीजी ने किया कार्यक्रम में मुख्य रूप से ब्रम्हचारी विमलानंद जी,पं.आनंद तिवारी अन्नू भैया व्यवस्थापक सुंदर पांडे सोहन तिवारी पं सुनील शर्मा रघुवीरप्रसाद तिवारी राजकुमार तिवारीदीपक शुक्ला,अमिततिवारी राजेश पांडे केजरीवाल आर एन मिश्रा विवेक नामदेव आशीष तिवारी बद्री चौकसे नारायण गुप्ता जगदीश पटैल कल्लू पटैल अरविंद पटैल अजय विश्कर्मा,रामकुमार तिवारी,सत्येंद्र मेहरा,कपिल नायक सहित श्रीमद भागवत पुराण में बड़ी संख्या में गुरु भक्तों ने उपस्थित होकर कथा का रसपान कर अपने मानव जीवन को धन्य बनाकर भागवत भगवान की कथा आरती के उपरांत समापन पर प्रसाद ग्रहण करने के पश्चात आकाशवाणी कलाकार संदीप तिवारी शिवानी अवस्थी रामबालक बैध,कंचन विश्वकर्मा एंड पार्टी कंजई द्वारा सुमधुर भजनों की प्रस्तुति दी गई इस अवसर पर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बंधु उपस्थित होकर धर्म लाभ उठाया

# विधायक कप कबड्डी प्रतियोगिता में अहिंसा क्लब, जमुनिया विजेता

**बरगी, यशभारत।** बरगी विधानसभा के जमुनिया गांव पुराना पानी में आयोजित महिला पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता में पुरूष वर्ग में अहिंसा क्लब मेरे गांव ने जमुनिया को कड़े संघर्ष के बाद हराकर विजेता होने का गौरव हासिल किया वही जमुनिया ने रानीताल स्पोर्ट्स को महिला वर्ग में हराकर विजेता होने का गौरव हासिल किया संघ के शानू यादव अजय पटेल ने जानकारी देते हुए बताया उक्त प्रतियोगिता में पुरुष वर्ग में 24 और महिला वर्ग में 8 टीमों ने भाग लिया। इसके पहले खेले गए सेमीफाइनल मैच में जमुनिया ने स्टार अकैडमी को अहिंसा क्लब मेरे गांव ने शिवाजी क्लब बौछार को हराकर फाइनल में जगह बनाई थी। समापन समारोह में मुख्य अतिथि विधायक संजय यादव द्वारा विजेता टीमों को ट्रॉफी के साथ क्रमशः 7 हजार और 5 हजार नगद पुरस्कार एवं इस विधायक कप में भाग लेने वाली सभी 32 टीमों के खिलाड़ियों को दीवाल घड़ी प्रदान की गई। इस अवसर पर खो-खो में विक्रम पुरस्कार विजेता नेंसी जैन ,कबड्डी की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी एकलव्य अवॉर्डी मोना सेंगर ,एन आई एस कोच गोल्डी केसरवानी का विधायक संजय यादव द्वारा



सम्मान किया गया। अपने उद्बोधन में माननीय विधायक जी ने कहा कि अगले वर्ष यह प्रतियोगिता का स्वरूप ही कुछ और होगा यह प्रतियोगिता भेड़ाघाट में खेली जाएगी। प्रतियोगिता को सफलतापूर्वक संपन्न कराने में कबड्डी संघ के शानू यादव ,अजय पटेल, मनजीत सामल, पुष्पा रघुवंशी ,परमू लाल यादव ,जितेंद्र यादव ,दिनेश तिवारी ,मोना सेंगर ,संजय पांडे ने निर्णायक की भूमिका अदा की।

# टीम का 17 साल पुराना इतिहास हुआ खराब हार्दिक की कप्तानी में बने 3 शर्मनाक रिकॉर्ड

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ 5वें टी20 में 8 विकेट से हार गई। इसी के साथ टीम इंडिया ने ये सीरीज 3-2 से गंवा दी। ये लगातार 12 सीरीज के बाद पहला मौका है जब टीम इंडिया किसी सीरीज में हारी है। हार्दिक पांड्या की कप्तानी में टीम इंडिया का ये शानदार रिकॉर्ड एक झटके में टूट गया। यही नहीं इस सीरीज के साथ टीम इंडिया को और भी कई बड़े नुकसान झेलने पड़ेंगे।



## टूटा 17 साल पुराना रिकॉर्ड

वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज हार के साथ टीम इंडिया का एक 17 साल पुराना रिकॉर्ड टूट गया है। टीम इंडिया ने वेस्टइंडीज़ के खिलाफ पिछले 17 सालों में कम से कम तीन मैचों की किसी भी सीरीज में हार नहीं झेली थी। लेकिन यहां हारते ही टीम का ये रिकॉर्ड अब टूट चुका है।

## 25 महीने में हारी पहली सीरीज

इतना ही नहीं भारतीय क्रिकेट टीम पिछले 25 महीने से कोई भी टी20 सीरीज नहीं हारी थी। आखिरी बार टीम इंडिया जुलाई 2021 में श्रीलंका के खिलाफ 3 मैचों की टी20 सीरीज में 2-1 से हारी थी। इसके बाद से अगले 2 साल तक भारतीय क्रिकेट टीम दुनिया के किसी कोने में कोई टी20 सीरीज नहीं हारी थी।

## पहली बार हुआ ऐसा

इसी के साथ हार्दिक की कप्तानी में टीम इंडिया ने एक और शर्मनाक रिकॉर्ड बनाया। टी20 क्रिकेट में टीम इंडिया कभी किसी सीरीज के तीन मुकाबले नहीं हारी थी। लेकिन वेस्टइंडीज में ये भी हो ही गया। वहीं इस सीरीज में हार के साथ कप्तान हार्दिक पांड्या की कप्तानी पहली बार सवालों के घेरे में है।

## वर्ल्ड कप से पहले इस खिलाड़ी ने जड़ा लगातार दूसरा शतक, पिछले चार मैचों में बना दिए इतने रन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** स्टार बल्लेबाज पृथ्वी शॉ टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। इस समय वह इंग्लैंड की धरती पर काउंटी क्रिकेट खेल रहे हैं, जहां वह अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। वह नॉर्थम्पटनशर की तरफ से खूब रन बना रहे हैं। नार्थम्पटनशर की तरफ से उन्होंने लगातार दूसरा शतक लगाया है और अपने आलोचकों को करारा जवाब दिया है।



### पृथ्वी शॉ ने जड़ा शतक

पिछले मैच में दोहरा शतक जड़ने के बाद पृथ्वी शॉ ने वनडे कप में फिर शतक जड़कर नार्थम्पटनशर को डरहम के खिलाफ छह विकेट से जीत दिलाई। शॉ ने 76 गेंद में 15 चौके और सात छक्के लगाकर नाबाद 125 रन की पारी खेली जिससे नार्थम्पटनशर ने 198 रन का लक्ष्य आसानी से हासिल कर लिया। तेज गेंदबाज ल्यूक प्रोक्टर ने नौ ओवर में 34 रन देकर चार विकेट झटके थे, जिससे नार्थम्पटनशर ने डरहम को 43.2 ओवर में महज 198 रन पर समेट दिया। सलामी बल्लेबाज पृथ्वी के तूफानी शतक से नार्थम्पटनशर ने यह लक्ष्य सिर्फ 25.2 ओवर में हासिल कर लिया। इस मैच से पहले मुंबई के बल्लेबाज पृथ्वी शॉ ने नौ अगस्त को 153 गेंद में 244 रन की शानदार पारी खेली थी जिसमें 28 चौके और 11 छक्के जड़े थे। उनकी वजह से ही इस मैच में नार्थम्पटनशर ने समरसेट को 87 रन से हराया था। दोहरा शतक लगाने के बाद पृथ्वी ने कहा था कि खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के साथ अच्छा समय बिताना चाहता हूं। नॉर्थम्पटनशायर ने मुझे यह अवसर दिया है और वे वास्तव में मेरी देखभाल कर रहे हैं और मैं इसका आनंद ले रहा हूं। शॉ पिछले चार मैचों में 429 रन बना चुके हैं।

### टीम इंडिया से चल रहे बाहर

पृथ्वी शॉ टीम इंडिया से बाहर चल रहे हैं। उन्होंने भारत के लिए अपना पिछला मुकाबला 2021 में श्रीलंका के खिलाफ खेला था। वह भारतीय टीम में वापसी की कोशिश में जुटे हैं। वह पिछले महीने दलीप ट्राफी में वेस्ट जोन की तरफ से खेले थे लेकिन प्रभावित नहीं कर सके। पृथ्वी ने टीम इंडिया की तरफ से तीनों फॉर्मेट में क्रिकेट खेला है। उन्होंने टीम इंडिया की तरफ से 5 टेस्ट, 6 वनडे और 1 टी20 मैच खेला है।

## हारना अच्छा होता है; टीम इंडिया ने गंवाई सीरीज, हार्दिक पांड्या ने फिर दिया अटपटा बयान

भारतीय क्रिकेट टीम को वेस्टइंडीज के खिलाफ 5 मैचों की टी20 सीरीज के आखिरी मुकाबले में 8 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। इसी के साथ वेस्टइंडीज की टीम ने इस सीरीज में 3-2 से बाजी मारी। ये 12 टी20 सीरीज में जीत के बाद पहला मौका था जब टीम इंडिया हारी। हाल ही में भारत के नए टी20 कैप्टन बने हार्दिक पांड्या की कप्तानी में ये रिकॉर्ड टूट गया। अपने अजीबोगरीब बयानों के चलते अक्सर चर्चा में रहने वाले हार्दिक ने टीम इंडिया की सीरीज हार पर भी एक बड़ा बयान दिया है।

### जीत के बाद हार्दिक का बहाना

टीम इंडिया की हार के बाद हार्दिक पांड्या ने कहा कि कई बार हारना अच्छा होता। हार्दिक ने मैच के बाद कहा कि जब मैं आया तो हमने लय खो दी और स्थिति का फायदा नहीं उठा सके। मेरा मानना ??है कि हम खुद को चुनौती देंगे। हम बेहतर बनने की कोशिश करते रहेंगे। अंत में, यह ठीक है। हमें ज्यादा समझाने की जरूरत नहीं है। मुझे पता है ग्रुप में लड़के कैसे हैं। हमारे पास यह पता लगाने के लिए पर्याप्त समय है। हारना कई बार अच्छा होता है।

### ये सब प्रक्रिया का हिस्सा

हार्दिक ने आगे कहा कि हमने बहुत कुछ सीखा है। लड़कों ने कैरेक्टर दिखाया। उन्हें श्रेय। वे आते रहे और कुछ नया करने की कोशिश करते रहे। यह प्रक्रिया का हिस्सा है। यह वही है जो मैं उस पल महसूस करता हूं। यदि मैं कोई स्थिति देखता हूं, तो मैं आमतौर पर वही चीज पसंद करता हूं जो मन में आती है। कोई रॉकेट साइंस नहीं, बस मुझे ऐसा महसूस होता है। जो भी युवा आ रहा है, वह कैरेक्टर दिखा रहा है। जब मैं देखता हूं कि एक युवा अंदर आता है और अपना हाथ ऊपर रखता है तो मुझे इससे ज्यादा खुशी नहीं हो सकती। सभी को बहुत-बहुत धन्यवाद। टी20 वर्ल्ड कप यहीं होगा। तब बड़ी संख्या होगी।

### मैच के साथ टीम इंडिया ने गंवाई सीरीज

भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेले गए 5वें मुकाबले के बारे में बात करें तो टीम इंडिया के कप्तान हार्दिक पांड्या ने टॉस जीतकर बल्लेबाजी का फैसला किया। भारत ने पहले बल्लेबाजी करते हुए वेस्टइंडीज को 166 रनों का लक्ष्य दिया। टीम इंडिया के लिए सूर्यकुमार यादव ने 61 रनों की पारी खेली। सूर्या के अलावा तिलक वर्मा 27 रन बनाकर इस मैच में भारत की ओर से दूसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज रहे। मैच की पहली पारी में रोमारियो शेफर्ड ने चार विकेट, अकील होसिन और जेसन होल्डर ने दो विकेट, वहीं रोस्टन चेस ने एक विकेट हासिल किया। वेस्टइंडीज ने इस टारगेट को मात्र 18 ओवर में दो विकेट खोकर चेज कर लिया। ब्रैंडन किंग ने 85 रन और निकोलस पूरन ने 47 रन बनाकर अपनी टीम को जीत दिलाई।

## अब क्रिकेट में भी दिखाया जाएगा लाल कार्ड, सीपीएल से होगी शुरुआत

**मुंबई, एजेंसी।** अब फुटबॉल की तरह ही क्रिकेट में भी गलती होने पर अंपायर खिलाड़ियों को लाल कार्ड दिखाकर मैदान से बाहर जाने का आदेश देगा। इसकी शुरुआत कैरेबियन प्रीमियर लीग (सीपीएल) के इस सत्र से हो रही है। सीपीएल में रेड कार्ड के इस्तेमाल का एक मात्र कारण धीमी ओवर गति पर रोक लगाना है। सीपीएल के टूर्नामेंट निदेशक माइकल हॉल ने कहा, धीमी ओवर गति के कारण टी20 मैच का समय हर साल बढ़ता जा रहा है। हमने टूर्नामेंट से पहले फ्रेंचाइजी और हमारे मैच अधिकारियों को इस बारे में ध्यान रखन को कहा था। हमें उम्मीद है कि मैच के दौरान इस तरह की पेनल्टी की जरूरत नहीं पड़ेगी पर धीमी ओवर रेट की परेशानी को अगर ठीक करना है तो फिर इस तरह की सजा देने के अलावा कोइ अन्य विकल्प नहीं है। वर्तमान में धीमी ओवर गति के लिए केवल जुर्माने ही लगाया जाता है। धीमी ओवर गति के लिए बाद में बल्लेबाजी करने वाली टीम के ओवर कम कर दिये जाते हैं। इसके अलावा कप्तान पर एक मैच का प्रतिबंध लगाया जाता है पर इससे अब तक कोई प्रभाव नहीं पड़ा है। अंतराष्ट्रीय स्तर पर भी धीमी ओवर गति के कारण मैचों का समय बढ़ रहा है। नये नियम के अनुसार अगर 18वें ओवर के शुरू होने से पहले पाया जाता है कि निर्धारित समय में टीम का ओवर रेट कम है तो उसके एक खिलाड़ी को सर्कल के अंदर आना होगा। मतलब 4 की जगह कुल 5 खिलाड़ी 30 यार्ड के सर्कल के अंदर रहेंगे। वहीं अगर टीम 19वें ओवर के पहले ओवर रेट में पिछड़ती दिखी तो उसके 2 खिलाड़ियों को 30 गज के घेरे के अंदर आना होगा। इस प्रकार 4 के बजाए 6 खिलाड़ी 30 यार्ड के सर्कल के अंदर क्षेत्ररक्षण करेंगे। वहीं अगर पहले गेंदबाजी करने वाली टीम अंतिम ओवर के शुरू होने से पहले ओवर रेट में पिछड़ती पाई जाती है तो फिर उसे अपने एक खिलाड़ी के बिना ही खेलना होगा। तब क्षेत्ररक्षण कर रही टीम के एक खिलाड़ी को मैदान से बाहर जाना पड़ेगा. बाहर जाने वाले खिलाड़ी का चयन बल्लेबाजी कर रही टीम का कप्तान करेगा। इसके साथ ही 6 खिलाड़ी 30 गज के दायरे के भीतर रहेंगे। इससे बल्लेबाजी करने वाली टीम को लाभ होगा। धीम ओवर रेट को लेकर नियम सिर्फ क्षेत्ररक्षण करने वाली टीम को लेकर ही नहीं बने हैं। बल्लेबाजी कर रही टीम पर भी ओवर रेट को बनाये रखने की जिम्मेदारी होगी। ऐसे में बल्लेबाज समय बेकार नहीं कर पायेंगे। अगर बल्लेबाजी टीम जानबूझकर समय बर्बाद करती हुई पाई गई तो अंपायर की ओर से उन्हें पहली और अंतित चेतावनी दी जाएगी, जिसके बाद हर बार समय बर्बाद करने के लिए 5 रन का जुर्माना भी लगेगा।

## विधायक कप कबड्डी प्रतियोगिता 16 से

**जबलपुर, यशभारत।** उत्तर मध्य विधानसभा क्षेत्र विधायक कप महिला एवं पुरुष कबड्डी प्रतियोगिता 16 व 17 अगस्त को बंगाली क्लब के इंडोर हॉल में आयोजित की जा रही है। कबड्डी संघ के शानू यादव के अनुसार जिला स्तरीय प्रतियोगिता में जबलपुर की सभी टीमों को आमंत्रित किया गया है। प्रतियोगिता में विजेता व उपविजेता को ट्रॉफी के साथ ही नकद राशि एवं अन्य आकर्षक पुरस्कार विधायक विनय सक्सेना द्वारा प्रदान किए जाएंगे। इच्छुक टीमें शानू यादव से संपर्क कर सकती हैं।

## अंतर शालेय टेबल टेनिस स्पर्धा 16 से

**जबलपुर, यशभारत।** अंतर शालेय टेबिल टेनिस प्रतियोगिता का आयोजन आगामी 16 एवं 17 अगस्त को नचिकेता हायर सेकंडरी स्कूल के संयोजन में किया जाएगा। बालक-बालिका वर्ग 14, 17 व 19 आयु वर्ग की इस प्रतियोगिता में हिस्सा लेने के इच्छुक खिलाड़ी शाला क्रीड़ा अधिकारी सुशील कुमार रजक के पास अपनी प्रविष्टियां ऑन लाइन पंजीयन के साथ जमा कर सकते हैं।

## एशियन वुमेन्स चैम्पियनशिप

### पमरे की संगीता मिश्रा भारतीय हैन्डबॉल टीम की मैनेजर



**जबलपुर, यशभारत।** 17अगस्त से 23 अगस्त तक जापान में आयोजित होने वाली एशियन वुमेन्स चैम्पियनशिप (क्वॉलिफ़ाई फॉर पेरिस ओलिंपिक गेम्स) प्रतियोगिता हेतु पश्चिम मध्य रेल की संगीता मिश्रा को भारतीय वुमेन्स हेन्डबॉल टीम का मैनेजर नामित किया गया है। संगीता मिश्रा अंतरराष्ट्रीय हेन्डबॉल खिलाड़ी व भारतीय टीम से 02 बार एशियन ट्राफी एवं विश्व रेलवे प्रतियोगिता में भी भाग ले चुकी है। वर्तमान में वह भारतीय रेलवे टीम की भी कोच है। हेन्डबॉल एसोसिएसन इंड़िया द्वारा संगीता मिश्रा को भारतीय हैन्डबॉल टीम का मैनेजर बनाया गया है। एशियन वुमेन्स चैम्पियनशिप लीग कम नॉक आउट आधार पर खेली जाएगी। इस प्रतियोगिता में एशिया की 05 टीम भाग ले रही है। जिसमें इंड़िया, कजाकिस्तान, कोरिया, जापान, चीन, एवं साथ ही साथ इस प्रतियोगिता में विश्व के नामी खिलाड़ी जिन्होनें अंतरराष्टीय स्तर पर अपने देशों का नाम रोशन किया है। संगीता मिश्रा की इस स्वर्णिम उपलब्धि पर पश्चिम मध्य रेल के महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता, ड़ी.सी.आहिरवार, अध्यक्ष पमरे खेलकूद संघ, सी. वेणु गोपाल, प्रमुख मुख्य परिचालन प्रबंधक, ड़ॉ. आशुतोश गर्ग, महासचिव-पमरे खेलकूद संघ, आर.डी. मीना, सीटीपीएम, अभिषेक मिश्रा (मप्रपु) राहुल तिवारी, अजय मार्को, अशरफ अली, डॉ विशाल बन्ने, आरिफ अली, डॉ प्रशांत मिश्रा, विजय चौधरी, तरनजीत कौर, निधी चन्द्रा, पुष्पा द्विवेदी, हसन अली, असलम अली, रीषी तिवारी, रेल कर्मचारियों एवं समस्त खेल प्रेमियों ने हार्दिक बधाईयॉ व भविष्य हेतु शुभकामनाएं दी गई है।

# रंग संसार

## अमिताभ बच्चन ने जलसा के बाहर फैंस से की मुलाकात, वीडियो देख फैंस लुटा रहे प्यार

**मुंबई, एजेंसी।** बॉलीवुड इंडस्ट्री के मेगास्टार कह लो या फिर शहंशाह दोनों की नाम से मशहूर अमिताभ बच्चन ने अपनी एक्टिंग से लोगों के दिलों में एक खास जगह बनाई है। 80 साल के अमिताभ बच्चन फिल्म इंडस्ट्री में 50 साल से भी ज्यादा समय से एक्टिव हैं और उन्होंने एक से बढ़कर एक फिल्में दी हैं। इस उम्र में भी वो लगातार काम कर रहे है और अपनी एक्टिंग से लोगों का दिल जीत रहे हैं। फैंस के बीच उनको लेकर दीवानगी का आलम ये की वो उनकी एक झलक पाने के लिए बेताब रहते हैं। कुछ ऐसा ही हाल ही में आज रविवार को भी हुआ है जिसका एक विडियो इस वक्त सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हो रहा है।



### डॉन के गाने पर बिग बी ने किया डांस

इस वीडियो में अमिताभ के घर के बाहर फैंस की भारी भीड़ देखने को मिल रही है। ये सभी एक्टर की एक झलक पाने का इंतजार कर रहे हैं। इस दौरान बिग बी अपने प्रशंसकों से मिलने के लिए अपने घर जलसा से बाहर भी आए और उनको नमस्ते करते हुए उनका अभिवादन किया। उन्होंने अपने प्रशंसकों से हाथ मिलाया और अपनी फिल्म डॉन के गाने अरे दीवानों मुझे पहचानो पर थिरकते हुए भी नजर आए। जिसके बाद फैंस उन पर फूलों की बारिश भी करते हुए नजर आते हैं। इस दौरान बिग बी के चेहरे पर फैंस से मिलने की खुशी भी साफतौर पर झलक रही है। तो वहीं इस उम्र में भी बिग बी के अंदर ऐसा जोश देख लोग उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं।

### कूल लुक में जीता फैंस का दिल

सामने आए विडियो में उनकी जैकेट ने सबसे ज्यादा ध्यान खींचा। वो इस लुक में काफी कूल नजर आए। बता दें कि अमिताभ बच्चन को करोड़ों की संख्या में लोग फॉलो करते हैं। हर रविवार को उनके घर जलसा के बाहर ऐसे ही लोगों की भीड़ उनसे मिलने के लिए आती है। बिग बी हमेशा इसी तरह अपने फैंस से मुलाकात करते हुए नजर आते हैं।

### अमिताभ बच्चन की अपकमिंग फिल्में

बिग बी के वर्कफ्रंट की बात करे तो, वो नाग अश्विन की अपकमिंग फिल्म प्रोजेक्ट के में दिखाई देंगे। इस फिल्म में दीपिका पादुकोण और प्रभास भी लीड रोल में हैं। इसके अलावा अमिताभ के पास सेक्शन 84 भी है। रिभु दासगुप्ता की इस फिल्म में डायना पेंटी, निम्रत कौर और अभिषेक बनर्जी भी हैं। इसके अलावा, अमिताभ टाइगर श्रॉफ और कृति सेनन की एक्शन फिल्म गणपथ में अहम भूमिका निभाएंगे। यह फिल्म इसी साल 20 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है।

## रिया चक्रवर्ती का दुश्मन बना दोस्त! क्या टीम में होने वाला है नया बवाल

**मुंबई, एजेंसी।** सोनू सूद का स्टंट बेस्ड शो एमटीवी रोडीज 19 – कर्म या कांड में टास्क के दौरान रिया चक्रवर्ती और गौतम गुलाटी की कई बार कहासुनी हो चुकी है। तो कभी शो में प्रिंस नरूला के साथ बहस हो जाती है। सोनू सूद के शो में आए दिन गैंग लीडर्स और रोडीज के बीच तकरार होना तो अब आम सी बात हो चुकी है। एमटीवी रोडीज 19 के नए एपिसोड में आपको बहुत कुछ नया और मजेदार देखने को मिलने वाला है। इस शो ने सोशल मीडिया पर तहलका मचा कर रखा हुआ है।

### एमटीवी रोडीज 19 - कर्म या कांड

एमटीवी रोडीज ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट पर एमटीवी रोडीज 19 - कर्म या कांड का एक फोटो शेयर किया है। इस तस्वीर को देखकर आपके होश उड़ने वाले हैं। जी हां, इस फोटो में आप रिया चक्रवर्ती को शो के इस गैंग लीडर के साथ देख हैरान हो जाएंगे, क्योंकि इस पहले रिया को कभी भी गौतम गुलाटी और प्रिंस नरूला के साथ मस्ती करते हुए नहीं देखा गया है। जब से ये शो शुरू हुआ तब से अब तक रिया चक्रवर्ती की बस गैंग लीडर्स से लड़ाई हुई है।



### रिया चक्रवर्ती का दुश्मन बना दोस्त

शो में रिया चक्रवर्ती की गौतम गुलाटी और प्रिंस नरूला से हर बात पर बहस होती रहती है, लेकिन इस बार इस शो में नया मोड देखने को मिल रहा है। रिया चक्रवर्ती और गौतम गुलाटी एक दूसरे के साथ पोज देते दिखाई दे रहे हैं। फोटो में दोनों का स्वैग आप भी कहेंगे की ये क्या बवाल है! इस फोटो का कैप्शन, जब आपका बेस्टी आपको अकेले तस्वीरें क्लिक नहीं करने दे!

### एमटीवी रोडीज 19 - कर्म या कांड के बारे में

इस शो में इस बार गैंग लीडर्स प्रिंस नरूला, गौतम गुलाटी और रिया चक्रवर्ती हैं। एमटीवी रोडीज 19 - कर्म या कांड के शो होस्ट सोनू सूद हैं।

## क्या एलविश यादव की हो चुकी है शादी? फिनाले से पहले किया चौंकाने वाला खुलासा

**मुंबई, एजेंसी।** बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 का फिनाले एपिसोड कल 14 अगस्त को होने वाला है, जिसका फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। इस बार इस शो का विनर कौन बनने वाला है इसको लेकर फैंस काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। इस सीजन में 5 फाइनलिस्ट रेस में है, जिनमें अभिषेक मल्हान, एल्विश यादव, मनीषा रानी, पूजा भट्ट और बेबिका धुर्वे का नाम शामिल हैं। वहीं अभिषेक मल्हान और एल्विश यादव के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिल रही है। कुछ लोगों का मानना है कि एलविश यादव बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 के विनर बन सकते हैं। इसी बीच फिनाले से पहले सबके चहेते एल्विश यादव ने कुछ ऐसा खुलासा कर दिया है जिसे सुनकर आपक सब के होश उड़ने वाले हैं। दरअसल, हाल ही में बिग बॉस ओटीटी सीजन 2 के शनिवार के लाइव में एलविश किचन में मनीषा रानी से बातचीत करते हुए नजर आते हैं। इसी दौरान एलविश मनीषा से कहते है कि उन्होंने दुनिया से एक बात छिपाई है जिसे वो अब सबको बताना चाहते हैं। इस पर मनीषा उनसे पूछती हैं कि क्या बात है? इस पर एल्विश यादव कहते हैं कि मेरी शादी हो गई है। मनीषा रानी इस पर शॉकिंग रिएक्शन देते हुए पूछती है क्या? जिसके बाद एल्विश यादव ये कहते है कि मजाक से हटके मैं सच कह रहा हूं कि मेरी शादी हो गई है और मेरा एक बच्चा भी है। हालांकि, बाद में मनीषा ये समझकर इस बात को इग्नोर कर देती है कि एलविश मजाक कर रहे हैं। हालांकि, इससे पहले बिग बॉस ओटीटी लाइव फीड में एल्विश यादव को अभिषेक मल्हान के साथ अपनी गर्लफ्रेंड के बारे में बात करते हुए भी सुना गया था। ऐसे में अब ये कहना मुश्किल है कि उनकी गर्लफ्रेंड है या उनकी वाइफ है। फिलहाल, उनके किसी भी तरह के रिलेशनशिप की खबरों की इंडिया टीवी पुष्टि नहीं करता है। बता दें कि, एलविश यादव इन दिनो हर तरफ छाए हुए है। बिग बॉस ओटीटी के घर में एलविश यादव का ही जलवा चल रहा है। उनकी सच्चाई और ईमानदारी बाकी कंटेस्टेंट को भी इंप्रेस कर रही है। ऐसे में एलविश अगर विनर बनते हैं तो वह इतिहास रच देंगे क्योंकि अभी तक के किसी भी सीजन में वाइल्डकार्ड कंटेस्टेंट ने यह खिताब हासिल नहीं किया है।




## » न्यूज गैलरी

### पमरे ने जुलाई माह में 675 कोचों-वैगनों का ओवरहॉलिंग किया




**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेल द्वारा कोचों और वैगनों का रूटीन ओवर हॉलिंग करके अधिक से अधिक पीओएच (पीरियोडिक ओवर हॉलिंग) आउटटर्न किया जाता है। पमरे महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन और प्रमुख मुख्य यांत्रिक अभियंता के नेतृत्व में वर्कशॉप के अधिकारी एवं कर्मचारियों द्वारा जुलाई माह में सवारी डिब्बा पुनर्निर्माण कारखाना (सीआरडब्लूएस)/भोपाल एवं वैगन मरम्मत कारखाना (डब्लूआरएस)/कोटा दोनों कारखानों में कुल 673 कोचों/वैगनों का पिरियोडीक ओवर हॉलिंग आउटटर्न किया है। जिसमें भोपाल कारखाना ने 122 कोचों का अनुरक्षण शामिल है और वहीं कोटा वर्कशॉप ने 551 वैगनों की मरम्मत की है। इस प्रकार के जुलाई माह में भी लक्ष्य से अधिक कोचों/वैगनों का अनुरक्षण करके अच्छा प्रदर्शन किया गया।

### अंधमूख बायपास में मिली अधेड़ की लाश , शिनाख्ती में जुटी पुलिस

**जबलपुर,यशभारत।** संजीवनी नगर थानांतर्गत अंधमूख बायपास के पास करीब 50 वर्षीय अज्ञात व्यक्ति की लाश मिलने से सनसनी फैल गई। सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पंचनामा कार्यवाही के बाद पीएम के लिए अस्पताल भिजवाते हुए प्रकरण जांच में लिया है। संजीवनी नगर पुलिस ने बताया कि मृतक की शिनाख्ती के प्रयास किए जा रहे हैं। उधर क्षेत्रीय लोग कह रहे हैं कि किसी ने अधेड़ की हत्या करके उसे फेंका है। बहरहाल पुलिस हर एंगल पर मामले की जांच कर रही है।

**मूंग खरीद में हेराफेरी मामला**

# राजगढ़ की कंपनी, नाम बदलकर लाए नरसिंहपुर, जबलपुर में गोलमाल

## भाजपा नेता से जुड़े अमर लता एग्रीकल्चर प्रोड्यूसर कंपनी के तार

जबलपुर यश भारत। पिछले दिनों मझौली के सियाराम वेयरहाउस में सामने आए 6 करोड़ 12 लाख की मूंग हेरा फेरी मामले में जिस अमर लता एग्रीकल्चर प्रोड्यूसर कंपनी पर आरोप लग रहे हैं। उसके बारे में भी कई चौकानेवाले तथ्य सामने आ रहे हैं। यश भारत की पड़ताल में पता चला है कि उक्त एफपीओ का निर्माण 2016 में राजगढ़ जिला अंतर्गत आने वाले ब्यावरा में किया गया था। जहां इसका नाम ब्यावरा नवरंग मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी के नाम से रजिस्टर्ड करवाया गया था। जिसके बाद 2022 में इसका नाम बदल कर अमर लता एग्रीकल्चर प्रोड्यूसर कंपनी कर दिया गया। नाम बदलने के बाद फिर कंपनी का रजिस्टर्ड पता भी ब्यावरा से बदलकर गोटेगांव कर दिया गया। साथ ही साथ 2023 में इसके 5 बोर्ड मेंबर भी बदल दिए गए। जिसमें से ज्यादातर का गोटेगांव का होना बताया जा रहा है। पहले कंपनी का नाम बदल गया, फिर उसका पता बदल गया और फिर डायरेक्टर बदल दिए गए। अब डायरेक्टर बदलने के कुछ महीनों बाद ही एक बड़ा गोलमाल सामने आ रहा है। ऐसे में सवाल उठना लाजमी है कि उक्त एसपीओ को क्या सरकारी खरीद दिलाने के लिए खरीदा गया था। जबकि कंपनी की रजिस्ट्रेशन के समय इसका मुख्य उद्देश्य मिल्क प्रोडक्शन व डेरी से संबंधित कार्य बताए गए थे। क्योंकि उसके पुराने नाम से स्पष्ट प्रतीत होता है।



**यशभारत फालोअप**


GOVERNMENT OF INDIA
MINISTRY OF CORPORATE AFFAIRS

Office of the Registrar of Companies
3rd Floor, A Block Sanjay Complex, Madhya Pradesh, India, 474009

Certificate of Incorporation pursuant to change of name
[Pursuant to rule 29 of the Companies (Incorporation) Rules, 2014]

Corporate Identification Number (CIN): U01100MP2016PTC041612

I hereby certify that the name of the company has been changed from BIAORA NAVRANG MILK PRODUCER COMPANY LIMITED to AMAR LATA AGRICULTURE PRODUCER COMPANY LIMITED with effect from the date of this certificate and that the company is limited by shares.

Company was originally incorporated with the name BIAORA NAVRANG MILK PRODUCER COMPANY LIMITED.

Given under my hand at [illegible] this Nineteenth day of April two thousand twenty-two.

MUKESH KUMAR SONI
Registrar of Companies
RoC - Gwalior

Mailing Address as per record available in Registrar of Companies office:
AMAR LATA AGRICULTURE PRODUCER COMPANY LIMITED
C/O AMAR SINGH YADAV, SARDAR PATEL SCHOOL KE SAMNE, BIAORA, Rajgarh, Madhya Pradesh, India, 465674

एफपीओ के नाम परिवर्तन का सर्टिफिकेट जिसमें पुराना और नया दोनों नाम स्पष्ट दिखाई दे रहे हैं।

## सरकारी खरीद के लिए खरीदे जा रहे एफपीओ

### प्रबंधक आपरेटर भी शासकीय सेवा में

यश भारत द्वारा पूर्व में समाचार प्रकाशित करके बताया गया था कि सियाराम वेयरहाउस में मूंग के गोलमाल के विषय में जिन तीन लोगों पर मामला दर्ज किया गया है।उसमें से दो एफपीओ के कर्मचारी बताए जा रहे हैं। वह वस्त्विकता मे एमपीडब्ल्यूएलसी में एक दैनिक वेतन भोगी है और दूसरा आउटसोर्स कंपनी के माध्यम से एमपीडब्ल्यूएलसी में ही अपनी सेवाएं दे रहा था। जिसको लेकर प्रशासन द्वारा तीन दिनों के बाद भी कोई कार्रवाई नहीं की गई है। ऐसे में सवाल उठता है कि इस तरह के संदिग्ध एफपीयू के सभी दस्तावेजों व उसमें शामिल बोर्ड ऑफ डायरेक्टर के सदस्यों की उच्च स्तर पर जांच क्यों नहीं की जा रही है। यह कोई इकलौता एफपीयू नहीं है जहां इस तरह के मामले सामने आए हो। ऐसे कई फार्मर प्रोड्यूसर कंपनी है जो सरकारी खरीदी के खेल में खरीदी बेची जा रही है। जिसके खुलासे एक एक कर के सामने आएंगे।

| पुराने बोर्ड मेंबर 2016 | | नए बोर्ड मेंबर 2023 |
|---|---|---|
| शिवकांत मिश्रा | ←→ | आदित्य सिंह पटेल |
| अमर सिंह यादव | ←→ | दिव्यकांत झारिया |
| जगदीश दुबे | ←→ | शैलेंद्र मेहरा |
| लक्ष्मण सिंग | ←→ | सुरेंद्र झारिया |
| राजेश जाटव | ←→ | दीपक लोधी |

### फैक्ट फाइल

**ब्यावरा नवरंग मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी**
6 अक्टूबर 2016 अस्तित्व में आई

**ब्यावरा नवरंग मिल्क प्रोड्यूसर कंपनी**
10 मार्च 2022 नाम बदलने का प्रस्ताव

**अमर लता एग्रीकल्चर प्रोड्यूसर कंपनी**
19 अप्रैल 2022 नाम बदला गया

**नाम बदलने के बाद नए बोर्ड मेंबर**
9 फरवरी 2023 पांच सदस्य

### एफपीओ का पुराना पता

केयर ऑफ अमर सिंह यादव, सरदार पटेल स्कूल के सामने, ब्यावरा, राजगढ़, मध्य प्रदेश

### एफपीओ का नया पता

उर्मिला बाई झारिया, वाइफ ऑफ गुलाब सिंह, नाला पार, रेल लाइन के किनारे, गोटेगांव, नरसिंहपुर, मध्य प्रदेश - 48 7118

### कौन है कंपनी के डायरेक्टर

यश भारत को मिली जानकारी के अनुसार कंपनी के बोर्ड ऑफ डायरेक्टर में जो 5 नाम है उसमें से एक नाम भारतीय जनता पार्टी से जुड़े एक बड़े नेता के बेटे का है। इस के अलावा 3 नाम ऐसे हैं जो एक सरकारी कर्मचारी के करीबी और परिवार के सदस्य बताए जा रहे हैं। सरकारी कर्मचारी भी वह है जिसका उपार्जन में सीधा हस्तक्षेप है। यह सभी जानकारी वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों के पास मौजूद है, लेकिन वे इस विषय में कोई भी जांच नहीं कर रहे हैं।

## प्रिंसिपल सेक्रेटरी फूड ने बनाई हाई लेवल कमेटी, खुलेगी मामले की परतें

**जबलपुर यश भारत।** मूंग खरीदी में हुई हेराफेरी के मामले को लेकर अब प्रदेश सरकार भी एक्शन में आ गई है। जिसको लेकर प्रदेश सरकार में प्रिंसिपल सेक्रेटरी फूड उमाकांत उमराव द्वारा एक चार सदस्य कमेटी गठित की गई है। जो सोमवार को जबलपुर पहुंच गई है, जिसमें मध्य प्रदेश सिविल सप्लाई के महाप्रबंधक शाश्वत मीणा, नेफेड के स्टेट हेड अमित तनेजा, मध्य प्रदेश वेयरहाउसिंग कॉरपोरेशन के जनरल मैनेजर अशोक दयाल व मार्कफेड के जनरल मैनेजर वीएस खांडेकर को जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। उम्मीद की जा रही है कि इस उच्च स्तरीय जांच समिति के इस पूरे मामले की तह तक जांच पड़ताल की जाएगी और उसके बाद पूरा मामला सामने आ जाएगा। क्योंकि यह मामला सिर्फ एक विभाग से जुड़ा हुआ नहीं है इस पूरे मामले में नेफेड के सर्वेयर से लेकर ,एमपीडब्ल्यूएलसी के ब्रांच मैनेजर व एफपीओ की भूमिका सबसे ज्यादा संदिग्ध नजर आ रही है। जबकि मामला सीधे भोपाल में बैठे वरिष्ठ आईएएस अधिकारी के संज्ञान में आ गया है। ऐसे में जबलपुर के जिन प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा गोलमाल किया गया है, उनके नाम भी सामने आ सकते हैं।



## डकैती के दिन बंद थे जबलपुर के सारे कैमरे ,कटनी के कैमरों ने किया था ट्रेस

### एडिशनल एसपी बोली -कैमरा कोई मुद्दा नहीं, हम बहुत आगे बढ़ चुके हैं

**जबलपुर यश भारत।** 10 दिन बीत जाने के उपरांत भी अभी तक डकैती की गुत्थी सुलझी नहीं है और अबूझ पहेली बन कर रह गई है ।ताबड़तोड़ तरीके से क्राइम और थाने की टीम लगातार डकैतों को ढूंढने लगी हुई थी परंतु सफलता नहीं मिली। पुलिस सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार डकैती की गुत्थी ना सुलझने का एक सबसे प्रमुख कारण है कंट्रोल रूम से संचालित होने वाले कैमरों का डकैती होने के अंतराल के दौरान बंद होना ।

बताया जा रहा है कि जिस दिन नेपियर टाउन में टुटेजा परिवार के यहां डकैती हुई उसके एक दिन पूर्व से लेकर दूसरे दिन तक कंट्रोल रूम से संचालित होने वाले सारे कमरे बंद थे अर्थात कहीं ना कहीं अगर कैमरे शहर के चालू होते तो फुटेज को कड़ी दर कड़ी बनाकर पुलिस अपराधियों को ट्रेस कर सकती थी। जैसे तैसे शहर के निजी दुकानों के कैमरों से डकैतों की ड्रेसिंग करते हुए पुलिस कटनी तक पहुंची और कटनी के कैमरों ने बहुत कुछ बयां कर दिया।

**यशभारत फालोअप**

#### बारिश के चलते आई समस्या

मामले को लेकर मिली जानकारी के अनुसार काफी दिनों से बारिश का दौर शहर में जारी था जिसके चलते कुछ तकनीकी कारणों से सर्वर में एरर बना हुआ था और कैमरे बंद थे। पुलिस सूत्रों के अनुसार भारी बारिश के चलते बहुत से जगहों पर कैमरे की केबल टूट गई थी जिसके कारण पूरे शहर के कैमरे बंद थे।

#### हम बहुत आगे बढ़ चुके हैं -एडिशन एस पी

एडिशनल एसपी प्रियंका शुक्ला का मामले को लेकर कहना है कि जांच की इस मोड़ पर आकर कैमरा कोई मुद्दा नहीं है क्योंकि अब अपराधियों की ट्रेकिंग में पुलिस बहुत आगे बढ़ चुकी है लगातार पुलिस की जांच तेजी से सही दिशा में बढ़ रही है और जल्द ही अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे।

ज्ञात हो कि बढ़ते अपराध को काबू करने के लिए पुलिस ने 190 इलाकों में 1200 सीसीटीवी कैमरे लगवाने की तैयारी की थी।अपराध को नियंत्रण करने के लिए पुलिस रेडिया विभाग का सर्वे हुआ था। जिसमें शहर के 190 इलाकों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की जरूरत महसूस की गई। इनमें आटोमेटिक नंबर प्लेट रिकोनाइजेशन सिस्टम वाले सीसीटीवी समेत स्टिल और मूवेबल कैमरे शामिल होने की बात कही थी। जिसके 1200 कैमरे लगने के बाद शहर में लगे सीसीटीवी कैमरों की संख्या 1900 होने की संभावना बताई थी। जबलपुर में 648 सीसीटीवी लगे हैं, हाल ही में किए गए सर्वे में 190 नई लोकेशन खोजी गई थी जिनमें 1200 से अधिक सीसीटीवी लगाए जाएंगे। । वर्तमान में पुलिस विभाग की जद में 128 इलाके हैं जहां पर 648 कैमरे लगाए गए हैं। इसमें 135 ऐसे कैमरे हैं जिनका मूवमेंट 360 डिग्री पर होता है। वहीं 490 कैमरे स्टिल हैं। 20 कैमरे एनपीआर हैं।

## पश्चिम मध्य रेलवे ने गंदगी फ़ैलाने वालों से वसूला 1 लाख 44 हजार का जुर्माना

**जबलपुर यशभारत।** पश्चिम मध्य रेलवे जबलपुर सहित तीनों मण्डलों के सभी स्टेशनों पर स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में स्वच्छ, सुखद एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण मुहैया कराने के प्रति लगातार प्रयासरत है। बार-बार समझाइश के बावजूद कुछ लोग लापरवाही बरतते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ रेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर रेलवे अधिनियम के अंतर्गत जुर्माने की कार्यवाही की जाती है। रेलवे द्वारा जुलाई माह में गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 868 व्यक्तियों के मामले पकड़े गए, जिनसे कुल 1 लाख 44 हजार 160 रूपये जुर्माना वसूला गया। रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध किया है कि रेलवे आपकी अपनी संपत्ति है, रेल परिसर में कृपया गंदगी न फैलाएं।

## श्रीमती कौशल्या तिवारी का निधन



**जबलपुर।** श्रीमती कौशल्या तिवारी (सुमत रानी) का 78 वर्ष की आयु में गौलोक गमन हो गया है। आप स्वर्गीय ऋषि तिवारी की पत्नी, स्वर्गीय मनोज बबलू राजीव तिवारी बंटी एवं स्वर्गीय संदीप पिंकीकी माताजी ,राजेश मिश्रा की सासु मां तथा राजेश रज्जन, ए.के. तिवारी, महेंद्र तिवारी एवं संतोष तिवारी की भाभी थीं। अंतिम यात्रा निज निवास रानीताल गढ़ा रोड से ग्वारीघाट मुक्तिधाम पहुंची जहां हुए अंतिम संस्कार में समाज के सभी वर्ग के लोगों ने शामिल होकर मातुश्री को नम आंखों से अंतिम विदाई दी।



















स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स 68/1 लक्ष्मीपुर, विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। स्थानीय सम्पादक राजीव उपाध्याय, संपादक अम्बरीष तिवारी*, सलाहकार संपादक श्याम कटारे RNI No. MPHIN/2007/18675। फोन-2643333 email - jabalpur@yashbharat.com। (*पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार)। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)